संसेक्स 71,892.48 ▼ -379.46
डॉलर 83.321 ▲ +0.095

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 14.0 | 15.0 |
| धनबाद | 23.0 | 15.0 | 14.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 14.0 | 15.0 |
| पलामू | 23.0 | 14.0 | 15.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते



रांची, पौष कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत 2080 | रांची, बुधवार, 03 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 327, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय ▸ नये कानून से क्यों खौफ में हैं ड्राइवर ... 8
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
किसी भी राष्ट्र को दिशा देने में विवि ... 12 ◂ देश/विदेश

### रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 60,150
चांदी (1 किलो) 80,000

## एक नजर

### वांटेड राहुल यादव ने पीएमएलए कोर्ट में किया सरेंडर



**रांची।** झारखंड के साहिबगंज में एक हजार करोड़ रुपये के अवैध माइनिंग घोटाले में वांटेड राहुल यादव ने मंगलवार को रांची में पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट में सरेंडर कर दिया। राहुल यादव इस घोटाले के सरगना और ईडी, पुलिस एवं सीबीआई जैसी एजेंसियों के लिए मोस्ट वांटेड दाहू यादव उर्फ राजेश यादव का पुत्र है। दाहू यादव के साथ-साथ उसके बेटे राहुल यादव की गिरफ्तारी के लिए पीएमएलए कोर्ट ने महीनों पहले गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। पुलिस की टास्क फोर्स ने पिछले 16 महीनों में 100 से भी अधिक छापेमारियां की थीं, लेकिन ये दोनों पकड़ में नहीं आए। अब राहुल यादव के बाद उसके पिता दाहू के भी सरेंडर की संभावना जताई जा रही है। दाहू यादव का भाई सुनील यादव भी इस मामले में जेल में बंद है। साहिबगंज के शोभनपुर भट्ठा गांव का रहनेवाला दाहू यादव तकरीबन एक हजार करोड़ रुपये के अवैध माइनिंग घोटाले का सबसे बड़ा सरगना है।

### संसद में किए गए संशोधन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर संसद में किए गए संशोधन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिका में इस संशोधन पर रोक लगाने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले कुछ वकीलों की ओर से दायर की गई याचिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र सरकार के नए कानून को चुनौती देते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों में देश के चीफ जस्टिस को भी पैनल में शामिल करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि चुनाव में पारदर्शिता लाने के मद्देनजर मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाले पैनल में चीफ जस्टिस को भी शामिल किया जाना जरूरी है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च, 2023 में अपने एक फैसले में कहा था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति करने वाले पैनल में चीफ जस्टिस को भी शामिल किया जाएगा।

### झारखंड के राजनीतिक प्याली में असमंजस का तूफान

# ईडी के समन को अवैध बताया मीडिया ट्रायल का लगाया आरोप

- सीएम ने ईडी को फिर भेजा पत्र, जवाब देने से किया इंकार
- सातवें समन के जवाब में ईडी को भेजा पत्र
- दोपहर में महाधिवक्ता के साथ की विचार-विमर्श

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के गांडेय विधायक डा. सरफराज अहमद के अचानक विधानसभा से इस्तीफा देने के बाद झारखंड में उभरे राजनीतिक तूफान में मुख्यमंत्री को ईडी की ओर से दिए गए सातवें समन के हाहाकारी प्रभाव में मंगलवार को झारखंड में अटकलों व अमंगल के बादल छाये रहे। बुधवार को गठबंधन दलों की बैठक में सभी विधायकों की उपस्थिति अनिवार्य किए जाने के बाद तरह-तरह के कयास लगाये जाने लगे। ईडी के समन के बाद कुछ अनिष्ठ की आशंका पर मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन को विधायक दल का नेता बनाये जाने की बात हवा में तैरने लगी। वहीं मंगलवार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए काफी गहमा-गहमी भरा दिन रहा। सुबह वह झामुमो प्रमुख, पूर्व मुख्यमंत्री और अपने पिता दिशोम गुरु से मिलने उनके आवास पहुंचे। वहीं से ईडी के समन को लेकर आगे की रणनीति पर मंथन का दौर शुरू हो गया। पिता से मिलने के बाद मुख्यमंत्री आत्मविश्वास से लबरेज दिखे और उन्होंने फिर से ईडी के खिलाफ आक्रमक तेवर अपना लिया। उन्होंने महाधिवक्ता राजीव रंजन मिश्रा को मुख्यमंत्री आवास बुलाया। यहां दोनों ने ईडी के समन के विभिन्न कानूनी पहलुओं पर विचार विमर्श किया। उसके बाद दोपहर डेढ़ बजे सीएम ने जमीन घोटाले के संबंध में ईडी के सातवें समन पर अपने कर्मचारी से जवाबी पत्र ईडी कार्यालय भेजा। इसमें ईडी को पूछताछ की जगह, तारीख व वक्त बताने के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### कल्पना को सीएम बनाये जाने की बात भाजपा का दुष्प्रचार : सीएम हेमंत

**हेमंत** सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन को गांडेय विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की अटकलों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे भाजपा की कोरी कल्पना है। हेमंत सोरेन ने जोर देकर कहा कि इन अटकलों में रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। निकट भविष्य में उनकी पत्नी के चुनाव लड़ने या उन्हें बागडोर सौंपने की संभावना का पूरा ताना-बाना भाजपा ने ही बुना है।

### सीधी कार्रवाई या कोई दूसरा रास्ता

**ईडी** के सभी छह समन पर सीएम उपस्थित नहीं हुए थे। सातवें व अंतिम समन के जरिए ईडी ने सीएम से ही पूछा था कि वह स्वयं पूछताछ के लिए जगह, तारीख व वक्त तय कर दें, एजेंसी के अधिकारी पीएमएलए 50 के तहत उनसे पूछताछ करना चाहते हैं। ईडी ने दो दिनों के सीएम से जवाब मांगकर समन के सात दिनों के भीतर का वक्त पूछताछ के लिए मुकर्रर करने की बात सीएम को लिखी थी। सातवें समन पर भी सीएम ने उपस्थिति दर्ज कराने से इंकार कर दिया है। ऐसे में ईडी अब पेशोपेश में है। इस मामले में अब सीएम के खिलाफ सीधी कार्रवाई की जाए या कोई दूसरा रास्ता निकाला जाए, इस पर एजेंसी के दिल्ली मुख्यालय के अधिकारी विचार कर रहे हैं।

### झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन से मिले मुख्यमंत्री हेमंत



**झामुमो** के अध्यक्ष शिबू सोरेन से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को उनके मोरहाबादी स्थित आवास में मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने शिबू सोरेन को ईडी प्रकरण सहित अन्य जानकारियां दी। साथ ही तीन जनवरी को मुख्यमंत्री आवास में होने वाली गठबंधन दलों के मंत्रियों, विधायकों के शामिल होने और संभावित फैसलों पर भी चर्चा की। हेमंत ने उनसे 20 मिनट तक बातचीत की। इसके बाद वह वहां से चले गए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने महाधिवक्ता को सीएम हाउस बुलाया था। ईडी प्रकरण और इसके लिए संभावित कानूनी विकल्पों के संबंध में जानकारी ली थी।

### गठबंधन दलों की बैठक आज

**कांके** रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के सभागार में बुधवार को गठबंधन दलों के विधायक की बैठक आहूत की गई है। यह जानकारी मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि गठबंधन दलों के सभी मंत्री और विधायकों की बैठक अपराह्न 04.30 बजे से होगी। बैठक में सभी विधायकों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है। इसके कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं।

### अब उपचुनाव संभव नहीं : अरविंद लाल- वरिष्ठ अधिवक्ता, झारखंड हाईकोर्ट



**झारखंड** हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व संविधान विशेषज्ञ अरविंद लाल ने कहा है कि विधानसभा के गठन से नहीं बल्कि विधानसभा सदस्य चुने जाने का प्रमाण पत्र मिलने के साथ ही सदन के काल की गणना शुरू हो जाती है। इस तरह देखें तो अगला विधानसभा चुनाव दिसंबर 2024 तक संपन्न करा लिया जाना संवैधानिक जिम्मेदारी है। 31 दिसंबर 2023 को भी अगर गांडेय विधायक के इस्तीफा को स्वीकार कर लिया माना जाए तो भी असेंबली गठन के लिए एक वर्ष से कम का समय बचता है। ऐसे में अब उपचुनाव कराना चुनाव आयोग के लिए संभव नहीं है।

### प्रदेश के बदले राजनीतिक परिदृश्य का पलामू में भी असर

# वेट एंड वाच की नीति पर चल रहे हैं सभी राजनीतिक दल

**अखिलेश चौबे। मेदिनीनगर**

गिरीडीह जिले के गांडेय विधान सभा के झामुमो विधायक के इस्तीफे के साथ ही प्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ नजर आ रहा है। इसका असर पलामू पर भी देखा जा रहा है। बदले राजनीतिक माहौल में सभी प्रमुख दल वेट एंड वाच की नीति का अनुसरण कर रहे हैं। गांडेय विधायक डा. सरफराज अहमद के नये साल के पहले दिन सोमवार को अपने पद से इस्तीफा देते ही प्रदेश में राजनीतिक चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। सभी दलों के पदाधिकारी तत्काल प्रदेश व शीर्ष नेतृत्व के संपर्क में आकर आगामी गतिविधि का इंतजार कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के साथ आम नागरिकों में भी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### नये प्रभारी की जिलाध्यक्षों के साथ बैठक



पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैशरंजन पाठक उर्फ बिट्टू ने कहा कि पार्टी के नये प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने सभी जिलाध्यक्षों की रांची में मंगलवार को बैठक बुलाई है। वे भी सम्मिलित होने आये हैं। निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### सीएम हमारे सर्वमान्य नेता : राजेंद्र सिन्हा



झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हमारे सर्वमान्य नेता हैं। उनके निर्णय के पीछे जेएमएम का प्रत्येक कार्यकर्ता चट्टान की तरह खड़ा है। उनका जो भी आदेश होगा। उसका शत-प्रतिशत अनुपालन किया जायेगा।

### कानून सबके लिये बराबर : मनोज सिंह



भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि कानून सबके लिये बराबर है। कोई भी देश के संविधान व कानून से ऊपर नहीं है। सभी को हर हाल में कानून का पालन करना चाहिये। बदले राजनीतिक परिदृश्य पर पार्टी की पैनी नजर है।

### पीएम ने 20 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की उद्घाटन-शिलान्यास, बोले

# तमिलनाडु बन रहा है मेक इन इंडिया का प्रमुख ब्रांड एंबेसडर : नरेन्द्र मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास किया। विकास परियोजनाओं में तमिलनाडु में रेल, सड़क, तेल और गैस और शिपिंग क्षेत्र जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी के लिए फलदायी और समृद्ध नए साल की कामना की और प्रसन्नता व्यक्त की कि 2024 में उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम तमिलनाडु में हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज



20,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं तमिलनाडु की प्रगति को मजबूत करेंगी। उन्होंने राज्य के लोगों को रोडवेज, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, ऊर्जा और पेट्रोलियम पाइपलाइनों के क्षेत्रों में फैली परियोजनाओं के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इनमें से कई परियोजनाओं से यात्रा को बढ़ावा मिलेगा और राज्य में रोजगार के हजारों अवसर भी पैदा होंगे।

तमिलनाडु के लिए पिछले तीन कठिन हफ्तों का जिक्र करते हुए कहा कि जब भारी बारिश हुई तो उसमें कई लोगों की जान चली गई और संपत्ति का भी काफी नुकसान हुआ। प्रधानमंत्री ने शोक व्यक्त किया और यह भी कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, हम राज्य सरकार को हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि अगले 25 वर्षों तक आजादी का अमृत काल भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु भारत की समृद्धि और संस्कृति का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने कहा, तमिलनाडु प्राचीन भाषा तमिल का घर है और यह सांस्कृतिक विरासत का खजाना है। तिरुचिरापल्ली की समृद्ध विरासत का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां हमें पल्लव, चोल, पांड्य और नायक राजवंशों के सुशासन मॉडल के अवशेष मिलते हैं। उन्होंने कहा कि वह अपनी विदेश यात्राओं के दौरान किसी भी अवसर पर तमिल संस्कृति का उल्लेख करते हैं। उन्होंने कहा, मैं देश के विकास और विरासत में तमिल सांस्कृतिक प्रेरणा के योगदान के निरंतर विस्तार में विश्वास करता हूं। उन्होंने नई संसद में पवित्र ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### अनिमेष जैन एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक नियुक्त



**रांची।** अनिमेष जैन को एक जनवरी से एनटीपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है। जैन एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग के प्रमुख के रूप में झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित सभी कोयला खनन परियोजनाओं और रांची में कोयला खनन मुख्यालय के लिए जिम्मेदार होंगे। वह एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी एनएमएल के सीईओ बने हुए हैं। जैन के कुशल नेतृत्व में एनटीपीसी कोयला खनन समूह ने अपनी चार प्रचालनात्मक खानों से बीते वर्ष अप्रैल से दिसम्बर के दौरान कोयला उत्पादन में 73 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि दर्ज करते हुए एक शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है और इसी अवधि के लिए कोयला प्रेषण में 83 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

## तीनों आपराधिक कानूनों को 26 जनवरी से पहले अधिसूचित करने की तैयारी में है गृह मंत्रालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गृह मंत्रालय (एमएचए) 26 जनवरी से पहले तीनों नये आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) को अधिसूचित करने की तैयारी में है। सूत्रों का कहना है कि गृह मंत्रालय इन तीनों कानूनों के अधिसूचित होने के तुरंत बाद इन नये कानूनों के प्रति पुलिस अधिकारियों, जांचकर्ताओं और फोरेंसिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस दौरान उन 3,000 लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो बाद में अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को नये कानून के बारे में प्रशिक्षण देंगे। सरकार न्याय पालिका और पुलिस विभाग सहित संबंधित अन्य विभागों के लोगों को 9 से 10 महीने में प्रशिक्षित करने के लक्ष्य पर काम कर रही है, जिससे जल्द से जल्द कानून को सरलता पूर्वक अमल में लाया जा सके।

### बढ़ी सीटों के साथ हो सकता है 2029 का आम चुनाव

# 2026 से शुरू हो जाएगा परिसीमन का काम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सब कुछ तय योजना के तहत हुआ तो वर्ष 2029 में होने वाला आम चुनाव लोकसभा की बढ़ी हुई सीटों के साथ हो सकता है। जिसमें लोकसभा की कुल सीटें 850 के आसपास हो सकती है। हालांकि नए संसद भवन में लोकसभा में सीटों की संख्या 888 करके इस बढ़ोतरी के संकेत पहले ही दिए जा चुके है। यह बात अलग है कि लोकसभा सीटों को बढ़ाने से जुड़ी कवायद वर्ष 2026 के बाद ही शुरू हो सकती है, क्योंकि तब तक इस पर रोक लगी हुई है। ऐसे में जो योजना है, उसके तहत परिसीमन पर लगी रोक के हटते ही तुरंत ही नए परिसीमन की कवायद शुरू हो जाएगी। जिसे अगले तीन सालों में यानी वर्ष 2029 में होने वाले आम चुनावों से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। इसी चुनाव में महिलाओं के लिए पारित आरक्षण भी लागू होगा। यह पूरी योजना इसलिए अहम है, क्योंकि इसके लिए अगली जनगणना का इंतजार नहीं करना होगा। बल्कि इसे वर्ष 2024-25 में होने वाली जनगणना को ही आधार मानकर अंजाम दिया जाएगा। ऐसे में जो लोग यह मानकर चल रहे थे कि 2026 तक परिसीमन पर लगे प्रतिबंध के हटने के बाद होने वाली जनगणना यानी वर्ष 2031 को आधार मानकर परिसीमन की तैयारी की जाएगी, अब वैसा नहीं होगा। बल्कि अब सीटों में बढ़ोतरी का काम 2029 से पहले ही पूरा हो सकता है।

**फिलहाल लोकसभा की कुल सीटें 543 :** वैसे भी जनगणना, परिसीमन जैसे कामों को जिस तरह से तकनीक की मदद से करने की तैयारी है, उसमें यह काम तीन साल से भी कम समय में पूरा किया जा सकता है। केंद्र सरकार से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें 2026 के बाद होने वाली परिसीमन को लेकर पूरी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। ऐसे में इसके लिए अब 2031 की जनगणना होने तक का इंतजार नहीं होगा। गौरतलब है कि मौजूदा समय में लोकसभा की कुल सीटें 543 है। इन सीटों में अंतिम बार बढ़ोतरी 1977 में की गई थी। जो 1971 की जनगणना के आधार पर की जाएगी। इस दौरान जो फामूर्ला तय किया गया था, उसके तहत दस लाख की आबादी पर एक लोकसभा सीट सृजित करना था। हालांकि पूर्वोत्तर सहित पहाड़ी राज्यों को इस मानक से छूट दी गई थी। लोकसभा सीटों में बढ़ोतरी को लेकर नए परिसीमन पर चर्चा शुरू होते ही मौजूदा समय में दक्षिण भारत के राज्य सबसे ज्यादा मुखर हो जाते है, क्योंकि मौजूदा समय में परिसीमन का जो आधार पर है, वह जनसंख्या है।

## इंडिया

# हिट एंड रन केस को हिट करने का प्रयास



सुनील बादल

***भारत*** में किसी भी सड़क दुर्घटना के लिए ड्राइवर को दोषी मानकर पीटने और घायल के इलाज के बजाय गाड़ियों में आग लगाने की घटनाएं आम हैं तो दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाओं से कितने घर उजड़ जाते हैं या अपंगता का दंश झेलते हैं जबकि दोषी बड़े लोग बच निकलते हैं। इधर केंद्र सरकार ने अंग्रेजी राज के कानून भारतीय दंड संहिता में बड़ा बदलाव करते हुए भारतीय न्याय संहिता की मंजूरी दी है जो कुछ ही दिनों में पूरे देश में लागू हो जाएगी। भारतीय संहिता को नाम के अनुरूप भारतीय संदर्भों और आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने की बात कही गई है। इसमें 'हिट एंड रन' से जुड़े मामले में सजा और जुर्माने के नए प्रावधानों को लेकर देशभर में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं। चुनाव आने वाले हैं और कृषि कानून की तरह इसे भी सुलगाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस हड़ताल से पेट्रोल पंप पर फ्यूल की कमी से लेकर सब्जियों और फलों के दाम तक बढ़ने की आशंका है। नए कानून में हिट एंड रन के केस में गलत ड्राइविंग या लापरवाही के चलते किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है और ड्राइवर बिना पुलिस को सूचना दिए मौके से फरार हो जाता है, तो उसे 10 साल तक की सजा के अलावा 7 लाख रुपये तक का जुमार्ना भी लग सकता है।




हिट एंड रन का मतलब है तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाने के चलते किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और फिर भाग जाना। ऐसे में सबूतों और प्रत्यक्षदर्शियों के अभाव के कारण दोषियों को पकड़ना और सजा देना बहुत मुश्किल हो जाता है। जिस नियम को लेकर देशभर में बवाल मचा हुआ है वह आईपीसी की जगह लेने वाली भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 104 में हिट एन्ड रन का जिक्र किया गया है। धारा 104(2) उल्लेख करती है, 'जो कोई भी लापरवाही से वाहन चलाकर किसी व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनता है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है और घटना के तुरंत बाद किसी पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को इसकी सूचना दिए बिना भाग जाता है, उसे किसी भी अवधि के कारावास से दंडित किया जाएगा। जिसे दस साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुमार्ना भी देना होगा।' अभी हिट एंड रन के मामलों में सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि अपराध स्थल पर अपराधी के खिलाफ किसी भी प्रत्यक्ष सबूत का अभाव होता है। इस वजह से पुलिस अधिकारियों के लिए जांच को आगे बढ़ाना और अपराधी को ढूंढना बेहद मुश्किल हो जाता है। इनमें से ज्यादातर अपराधी भाग जाते हैं और शायद ही कभी पकड़े जाते हों। जिन गवाहों पर जांच निर्भर करती है वे भी मदद करने से कतराते हैं क्योंकि वो लंबी चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया में फंसना नहीं चाहते हैं। सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में सड़क दुर्घटनाओं में हिट-एंड-रन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। 2020 में कुल 52,448 हिट एन्ड रन के मामले सामने आए जिसमें 23,159 लोगों की जान चली गई। वहीं, 2021 में यह आंकड़ा बढ़ा और इस साल ऐसी 57,415 घटनाएं हुईं जिनमें 25,938 लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### पलामू के युवक की उड़ीसा में हत्या

**हरिहरगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलहिया गांव निवासी 34 वर्षीय उमेश यादव पिता सरजू यादव की हत्या उड़ीसा राज्य के कोरापुट जिले के ऑरीगुमा थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने बीते 30 दिसबंर को हत्या कर दी। जिसका शव मंगलवार को पैतृक गांव कुलहिया में पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। गांव के नजदीक बतरे नदी तट पर मृतक का दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि 12 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार ने दी। दाह संस्कार में हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के छोटे पुत्र रवि यादव, प्रदेश सचिव सचिव बुधन सिंह यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, यादव महासभा प्रखंड अध्यक्ष इं। संजय कुमार यादव, लखन यादव सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## एक नजर

### केसीबी कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा राकेश कुमार का निधन



**बेड़ो:** करमचंद भगत कॉलेज के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष सह बर्सर के पद पर कार्यरत डा राकेश कुमार का मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। डा राकेश अपने टंगराटोली रांची स्थित आवास से कॉलेज जाने के लिए प्रातः 8 : 30 बजे तैयार हो रहे थे। इस दौरान उनका अचानक तबियत खराब हो गया। स्वजनों ने उन्हें उपचार के लिए आर्किट हॉस्पीटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। राकेश अपने पीछे पत्नी, बेटी डा सालू और बेटा कुमार पराग छोड़ गये। इनका अंतिम संस्कार मंगलवार की देर शाम हरमू, रांची मुक्ती धाम में किया गया जहां पुत्र कुमार पराग ने मुखाग्नी दी। अंतिम संस्कार में कॉलेज के प्रचार्य डा विंध्याचल राम पूर्व कुलपति डा रविन्द्रनाथ भगत डा रविकांत मेहता प्रो प्रदीप अधिकारी, प्रो वीरेंद्र प्रसाद प्रो सुमन चैबे डीएसडब्लू प्रो सुदेश साहु मो मजरूल,दिवाकर देव सहित केसीबी कॉलेज व रांची विश्वविद्यालय के कई प्रोफेसर व कर्मी उपस्थित थे।

### हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

# कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में दी गई जानकारी



### स्वास्थ्य संबंधी और आयुष्मान कार्ड की भी जानकारी मिली

**नवीनमेल संवाददाता**

**मांडर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मांडर प्रखंड के सुरसा पंचायत और टांगरबसली पंचायत में कार्यक्रम आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ विभाग के प्रतिनिधि ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। आयुष्मान कार्ड आदि की जानकारी दी। आर बी आई के साख फाउंडेशन से पुजा ठाकुर ने फाइनेंशियल लिटरेसी के बारे में बतलाया। उन्होंने कहा कि बैंक से जुड़कर लोग बहुत सारे फायदे उठा सकते हैं।

इस दौरान लाभुकों ने अपना अनुभव भी साझा किए। जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी ली।

संचालन दिव्ययान कृषि विज्ञान केंद्र के ओपी शर्मा ने किया। मौके पर अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो, मुखिया फुलमनी मिंज,राकेश भगत आदि मौजूद थे।

# उमंग व उल्लास से लोगों ने बिताया नववर्ष का पहला दिन

**सिल्ली:** सिल्ली मुरी आसपास क्षेत्र सहित सीमावर्ती पश्चिम बंगाल में सोमवार को नववर्ष 2024 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को रात बारह बजते ही लोगों ने पटाखे छोड़ नववर्ष का स्वागत किया। वहीं सोशल नेटवर्किंग के जरिए भी लोगों ने अपने रिश्तेदारों, मित्रों, सहकर्मी सहित पड़ोसियों को नये साल की शुभकामनाएं दी। सोमवार को सुबह से ही मांस, मछली एवं मुर्गा के दुकानों में काफी भीड़ देखी गयी। नववर्ष मनाने के साथ ही लोगों ने सबों के लिए सुख एवं समृद्धि की कामना की। साल के पहले दिन का सोमवार को लोगों ने जमकर स्वागत किया। सिल्ली के हिरण पार्क, ऑडियो विजुअल पाक, अंबेडकर पार्क, सिल्ली स्टेडियम, मुरी स्वर्ण रेखा नदी एवं मुरी के टुंगरी पार्क समेत पिकनिक स्पॉटों पर लोगों का भीड़ रहा। पार्कों में जहां बच्चों ने झूलों का आनंद लिया वहीं यूवाओं ने नए साल को अपने तरीके से मनाया। स्वर्णरेखा नदी, उरांव गाढ़ा नदी, हिरण पार्क के समीप स्थित तालाब किनारे समेत आसपास के पिकनिक स्थलों पर पिकनिक के लिये लोगों की भीड़ देखी गयी।



इलाके के कई लोग पहले तारीख की खुशियां अन्य जगहों पर भी मनायी। कई लोग परिवार के साथ पिकनिक मनाने क्षेत्र के बाहर भी चले गये। इस दौरान विधि व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन चुस्त-दुरुस्त दिखे। क्षेत्र के विभिन्न पार्कों एवं पिकनिक स्पॉट पर सिल्ली थाना प्रभारी लालजी ओपी प्रभारी विपुल ओझा दल बल के साथ दिन भर गश्ती में रहे।

### विधायक ने किसा शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**चान्हो।** प्रखंड के हुरहूरी मे मंगलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शहीद सुनील शाही के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत बेकार नहीं जाती है। लोग उनसे सीख लेते हैं। हमारा क्षेत्र का इतिहास रहा है कि इसमें वीर शहीद पैदा हुए हैं। जिन्होंने अपनी मातृ भूमि की रक्षा के लिए अपनी जान तक न्योछावर कर दिया। साथ ही उन्होंने शहीद के माता-पिता से मिलकर भी उन्हें एहसास दिलाया कि आप महान हैं। वहीं जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने भी शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि धन्य हैं वो मां बाप जिन्होंने ऐसे शहीद पुत्र को जन्म दिया। विधायक ने शहीद के माता-पिता एवं उनके परिवार से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विधायक ने शहादत दिवस पर गरीब, जरूरतमंद एवं बुजुर्गो के बीच कम्बल का भी वितरण किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, गंगू उरांव, विधायक प्रतिनिधि सुजीत शाही, अजित सिंह, मोरहा उरांव, मुखिया शिव उरांव, गुड़िया उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल वितरण



**चान्हो।** प्रखंड के सोनचिपी तथा आसपास के गांव में जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने मगंलवार को गरीब, असहाय, निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के लिए गांव के लगभग 50 लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे लोग जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उनलोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय मे ठंड का प्रकोप ओर ज्यादा बढ़ने की संभावना है। मौके पर नेयाजुल खान, मुस्तकीम अंसारी, जावेद खान, छोटू सिंह समेत और भी लोग उपस्थित थे।

# बीआरपी तथा सीआरपी का काला बिल्ला लगाकर आंदोलन जारी

**नवीनमेल संवाददाता**

**बेडो/ लापुंग :** लापुंग एवं बेडो. प्रखंड के विभिन्न संकुलों में अपनी मांगों के समर्थन में नववर्ष के दूसरे दिन मंगलवार को बीआरपी सीआरपी अपने दैनिक कार्यों का निष्पादन काला बिल्ला लगाकर किया । काला बिल्ला लगाकर लापुंग प्रखंड के ककरिया, मालगो, चालांगी, लापुंग, महुगांव, लेटे, दोलैचा तथा सरसा एवं बेड़ो प्रखंड के जरिया, बेड़ो, पुरियो, इटाचिल्द्री, नरकोपी , तुको, खुखरा सहित अन्य संकुलों में मंगलवार को आंदोलन प्रारंभ किया। इस संबंध में चंद्रमोहन ठाकुर ने कहा कि बीआरसी में कार्यरत रात्रि प्रहरी/आदेशपाल को भी बीआरपी सीआरपी से ज्यादा मानदेय एवं अन्य बुनियादी सुविधा प्राप्त है। पारा शिक्षकों को मानदेय बीआरपी सीआरपी से अधिक फरवरी 2022 से ही दिया जा रहा है। साथ ही उनकी वार्षिक वृद्धि भी देय है। अभी एक और घोषणा पारा शिक्षकों के मानदेय के संदर्भ में ही है कि आकलन परीक्षा पास करने वाले सभी पारा शिक्षकों को 10 प्रतिशत बढ़ा हुआ मानदेय दिया जाएगा। सीआरपी मंटु कुमार साहु ने कहा कि बीआरपी सीआरपी अपने लंबित समस्या के समाधान एवं सेवाशर्त नियमावली हेतु संघर्षरत हैं। ज्ञातव्य है कि परियोजना में बीआरपी सीआरपी को छोड़कर अन्य सभी परियोजनाकर्मियो को उच्च वेतन के साथ सभी बुनियादी सुविधाएं प्राप्त है। अजीत कुमार सिंह ने कहा कि बीआरपी सीआरपी के लिए यह अत्यंत कष्टकारी, निराशाजनक एवं अफसोसजनक है कि बीआरसी और सीआरसी में सबसे अत्यंत अल्प मानदेय भोगी कर्मी बीआरपी सीआरपी हैं। मनोज कुमार साहु ने कहा कि सरकार की इस दोहरी नीति से क्षुब्ध एवं आहत होकर बीआरपी सीआरपी अपनी सेवा शर्त नियमावली हेतु, जो विगत एक साल से लंबित है को लागू करने के लिए आंदोलनरत है। इसी क्रम में बीआरपी सीआरपी दो दिन पेन डाउन स्ट्राइक के बाद दो जनवरी से काला बिल्ला लगाकर कार्य कर रहे हैं।



### खलारी अंचल ने दी सड़क अतिक्रमणकारियों को चेतावनी

**खलारी:** खलारी अंचल प्रशासन की ओर से मंगलवार को सड़क अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए जल्द से जल्द सड़क के अगल बगल से स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण हटा लेने की चेतवानी दी गई। इसी क्रम में बुकबुका मौजा स्थित खलारी पहाड़ी मंदिर जाने के सड़क के अगल बगल जमीन का अतिक्रमण करने वालों तथा खलारी मौजा में बैंक चौक से खलारी पोस्टआफिस तक सड़क किनारे खूंटा डंडा गाड़कर जमीन अतिक्रमण करने वालों को अतिक्रमण हटा लेने कहा गया। खलारी सीओ एसपी आर्य ने कहा है कि केडी रोड में नाली व मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाया जाएगा। आदेश नहीं मामने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सड़क का अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले अन्य लोगों का स्थायी निर्माण भी हटाया जाएगा।

# राष्ट्रीय स्कूली खेल के ताइक्वांडो प्रतिस्पर्धी के दूसरे दिन झारखंड के आर्यन को कांस्य पदक

**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची:** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बैतूल मध्य प्रदेश में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दूसरे दिन झारखंड के आर्यन पाल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नॉक आउट स्टेज के बेस्ट ऑफ थ्री मुकाबले के पहले मैच में जम्मू और कश्मीर को 2-0 से, दूसरे मैच उतराखंड को 2-0 से, क्वार्टर फाइनल मैच में विद्या भारती को 2-0 से सेमीफाइनल में मणिपुर से मैच गंवाते हुए कांस्य पदक हासिल किया। आर्यन की इस उपलब्धि पर खिलाड़ी और टीम कोच एवं मैनेजर को शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी है।



### सुरगुजाडीह लोटा में स्व. विजय महतो स्मृति मेला संपन्न



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के लोटा पंचायत के गांव सुरगुजाडीह में एक दिवसीय कला प्रेमी स्व. विजय महतो स्मृति मेला का 01 जनवरी 2024 को आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य आकर्षण पंचपरगना ऑल आर्टिस्ट के कलाकारों द्वारा झूमर गीत, नर्तकी नाच, पाता नाच, छऊ नाच रहा। कार्यक्रम का मुख्य आयोजक कला प्रेमी सिदाम महतो ने कलाकारों का स्वागत किया। मेला अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने मेले की जानकारी देते हुए बताया कि मेरे पिता स्व. विजय महतो जी के 10 वें पुण्यतिथि पर स्व. विजय महतो स्मृति मेला प्रथम बार मेला के रुप में लगाया गया। मेले का उद्देश्य आस पास के ग्रामीणों को उनके पारम्परिक संस्कृति वैचारिक रुप से जोड़ना है। जहां पर लोग आकर अपने परिवेश की संस्कृति कला का दर्शन कर सकते है। एक दूसरे का सुख दुःख बांट सकते है आनंद उठा सकते है। इस मेला का मुख्य अतिथि सिल्ली के राजा साहेब पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव आदि उपस्थित थे। मेला कमिटी के संरक्षक रविन्द्र नाथ मुण्डा पूर्व मुखिया, दशरथ महतो, हरिदास मुण्डा, उपाध्यक्ष विकास महतो, सचिव हरेन्द्र नाथ महतो,उप सचिव डॉ पशुपति महतो, कोषाध्यक्ष अर्जुन राम महतो, उप कोषाध्यक्ष पाण्डव महतो,एवं मेला कमिटी के सदस्यों, ग्रामीणों तथा प्रशासन ने मेला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिए!

# महावीर महतो शहीदों के चित्र से लोगों को कर रहे जागरूक



**सिल्ली:** अपनी कला और संस्कृति को बचाए रखने के लिए चित्रकार महावीर महतो ने झारखंड के बीर शहीदों और कला संस्कृति का चित्र झारखंड के गांव-गांव में जाकर दीवालो में अंकित कर यहां के लोगों जागरूक करने का काम कर रहे हैं। किसी भी देश राज्य क्षेत्र की सभ्यता, संस्कृति, को संरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक का प्रमुख कर्तव्य होता है, इस कथन को चरितार्थ करते हुए महान क्रांतिकारी चित्रकार महावीर महतो अपने सफर में आज वीर सहित रघुनाथ महतो के शहीद भूमि सिल्ली में पदार्पण कर चुके है। महावीर महतो आज किसी परिचित के मोहताज नहीं है। झारखंडी कला संस्कृति परंपरा भाषा को चित्रकला के रूप में प्रदर्शित करते हुए आज झारखंड के कोने-कोने में पहुंच रहे हैं। आज के वर्तमान युग में जहां युवाओं का कला संस्कृति से जुड़ाव कम दिख रहा है वही महावीर महतो आधुनिक युग में युवाओं को अपने चित्रकला के माध्यम से झारखंडी कला संस्कृति एवं शहीदों के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

### हिट एंड रन पर सख्त कानून के विरोध में हड़ताल पर रहे खलारी के ड्राइवर

**खिलारी:** हिट एंड रन (सड़क दुर्घटना कर भागने) पर नए सख्त कानून के विरोध में देश भर के बस व ट्रक ड्राइवरों का साथ देते हुए खलारी कोयलांचल के वाहन चालक भी मंगलवार को हड़ताल पर चले गए। क्षेत्र के बस, ट्रक, डंपर ट्रक के अलावा आटो-टेंपो व ट्रैक्टर चालक भी इस हड़ताल में शामिल हुए। खलारी से रांची, हजारीबाग, चतरा आदि जगहों के लिए जाने वाली यात्री बसें नहीं चली। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खलारी रेलवे स्टेशन से डकरा, सुभाषनगर, धमधमिया आदि की ओर चलने वाली टेंपो नहीं चलने से स्टेशन आने जाने में लोगों को काफी परेशानी हुई। वहीं एक-दो निजी कंपनियों को छोड़ अधिकतर कंपनियों के डंपर ट्रक खड़े रहे। इससे कोयला ट्रांस्पोर्टिंग नहीं हो सका। ट्रकों के खड़े रहने से कोयले का रोड सेल प्रभावित हो गया। ड्राइवरों का कहना है कि ऐसे सख्त कानून के कारण अब वाहन चलाने में भी डरना पड़ेगा। कोई ड्राइवर जानबूझ कर किसी की जान नहीं लेता है। दुर्घटनास्थल से कई बार अपनी जान बचाकर भागना मजबूरी होती है। सरकार को इस सख्त कानून पर पुनर्विचार कर बदलाव करना चाहिए।

# 24वीं राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड टीम जयपुर रवाना



**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची।** जयपुर के सुरेश ज्ञान विहार विश्विद्यालय में दिनांक 04 से 06 जनवरी तक स्कॉय फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम स्कॉय एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रही 24वीं राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड की बालकझ्र बालिका टीम जयपुर के लिए रवाना हुई। स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के खिलाड़ी प्रतियोगिता के विभिन्न विधाओं एवम कैटेगरी में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे।

बतौर टीम डेलीगेट्स टीम के साथ रवाना हुए वेदांत कोस्तव ने कहा कि टीम प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से सुसज्जित है। खिलाड़ी और एसोसिएशन दोनो ही आशान्वित हैं की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक की होड़ में झारखंड भी शामिल होगा। उन्होंने खिलाड़ियों को भी अनुशासन और खेल भावना के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से फाइट करने और अपने मजबूत पक्ष को ध्यान में रखकर प्रतियोगिता के लिए रणनीति बनाने हेतु खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

**प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड स्कॉय टीम निम्न है:-**

**पुरुष वर्ग:** आकाश शीट, अंकित कुमार नायक, दीपक कुमार, ऋषभ शुक्ला, मुन्ना टुड्डू, नौशाद आलम, अजय वाल्मीकि, सूर्या कुमार रवि, विकास कुमार।

**महिला वर्ग:** कुनामी सोरेन, सुष्मिता सोरेन, बसंती टुड्डू, सीमा रानी मांडी, शांति मोनी सोरेन, नेहा सिंह, सबिता मुर्मू, बसंती महतो, पार्वती महतो, सुमन एक्का, जयमती कुंटिया, पूजा तिर्की, चांदना महतो, शिवानी राय।

**प्रशिक्षकः बलराम कुमार, प्रबंधकः नीरज वर्मा**

टीम के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ. राजेश गुप्ता, मोहसिन खान, मुकेश कुमार, हरेलाल महतो, भरत कांशी, आशुतोष गोस्वामी, आनंद राव, राजेश सिंह, अरविंद सिंह, सुनील जयसवाल, अशोक मल्होत्रा, नीतीश सिंह, मो. आमिर, रंजित मेहता, राम प्रवेश तिवारी, परवाज खान, गौतम सिंह, सुनील प्रसाद, क्वीन ठाकुर, शुभम कुमार आदि ने बधाई दी है।

### बेड़ो के कोकड़े गांव में नहीं रुक रहा जंगली हाथियों का आतंक, किसानों की फसल रौंदी



**बेड़ो:** बेड़ो प्रखंड के घाघरा पंचायत के कोकड़े गांव में सोमवार की रात लगभग दो बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथी ने इसी गांव के एक महिला किसान दुलारी मुंडा के आलू के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से गांव लोगो में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं महिला किसान ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इधर ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और हाथी को जंगल से भगाने की मांग की है। ज्ञात हो कि शनिवार की रात भी कोकड़े गांव में एक जंगली हाथी दो किसानों अनुप मुंडा व लोदो मुंडा के आलू के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया।

### दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीण शव के साथ पहुंचे बेड़ो थाना

# आपसी विवाद में घायल युवक की इलाज के दौरान रिम्स में मौत

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के चचकोपी गांव में बीते वर्ष 31 दिसंबर रविवार को दो चचेरे भाइयों के बीच आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना के बाद इलाज के दौरान घायल लगभग 26 वर्षीय अफरोज अंसारी पिता मुद्दीन अंसारी का 2 जनवरी मंगलवार की सुबह में रांची रिम्स में मौत हो गया। इधर गांव में हुई मारपीट की घटना के बाद घायल के पिता मुद्दीन अंसारी ने बेड़ो थाना में मारपीट की घटना को लेकर तीन अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिनमें 26 वर्षीय कुदरत अंसारी 20 वर्षीय फरीद अंसारी और अरबाज अंसारी तीनों के पिता स्वर्गीय सलीमुद्दीन अंसारी शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार अफरोज अंसारी का अपने चचेरे भाइयों के साथ कुछ पैसों की लेनदेन हुई थी। इसी पैसे की लेनदेन को लेकर अफरोज अंसारी के सर में लकड़ी के डंडा से वार कर कुदरत, फरीद और अरबाज ने अफरोज को घायल कर दिया था। जिसके बाद परिजनों ने घायल अफरोज अंसारी को उठाकर इलाज के लिए मांडर अस्पताल ले गए। जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर स्थिति में रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जिसके बाद 2 जनवरी मंगलवार की सुबह अफरोज अंसारी का इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर घटना के बाद अफरोज अंसारी की हुई मौत के बाद दोषियों की अभिलंब गिरफ्तारी को लेकर अफरोज के शव के साथ चचकोपी गांव के ग्रामीण बेड़ो थाना पहुंचे। इसके बाद बेड़ो थाना पुलिस के आश्वासन के बाद चचकोपी गांव के ग्रामीण मृतक अफरोज के शव को वापस घर ले गए। इधर घटना में घायल अफरोज अंसारी की हुई मौत के बाद मृतक के भाई नौशाद अंसारी ने बेड़ो थाना में अपने भाई की हुई मौत को लेकर लिखित आवेदन दिया है। जहां नौशाद अंसारी ने लिखा कि मेरा भाई को जान से मारने के नियत से मेरे चचेरे भाइयों में कुदरत अंसारी, फरीद अंसारी और अरबाज अंसारी ने अफरोज अंसारी के सर में वार कर दिया था। इसके बाद मेरे भाई की इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर बेड़ो पुलिस घटना को लेकर छानबीन में जुड़ गई है।



### खलारी के 61 राशन डीलर हड़ताल पर

खलारीः खलारी प्रखंड के 61 राशन डीलर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। आल इंडिया फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर बकाया कमीशन राशि सहित अन्य मांगों को लेकर राज्य के पीडीएस दुकानदारों का समर्थन करते हुए खलारी के पीडीएस दुकानदार अपनी दुकानें बंद करके हड़ताल का समर्थन किया है। आम जनता को परेशानी न हो इसके लिए पीडीएस दुकानों पर संबंधित सूचना देने के लिए पोस्टर लगा दिए गए हैं। हड़ताल के कारण एक जनवरी से शुरू होने वाली राज्य सरकार की एक रुपए में एक किलो दाल देने की योजना भी ठप पड़ गई है।

### बिहार झारखण्ड राज्य स्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा आयोजित




**रांची:**नवदेहली केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित, जगदीशनारायण ब्रह्मचर्य आश्रम आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, लगमा, दरभंगा, जिले में बिहार झारखण्ड राज्य स्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा 26-27 दिसंबर 2023 को आयोजित कि गई। बिहार तथा झारखण्ड से 107 छात्र -छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें आचार्यकुलम नामकुम राँची से श्रीमद्भागवत गीता कंठ पाठ में गत वर्ष कि भांति इस वर्ष भी आद्या विश्वकर्मा ने प्रथम एवं सुभाषित कंठ पाठ में माहेश्वरी मोहन्ता ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर झारखण्ड राज्य तथा आचार्यकुलम् परिवार का मान बढ़ाया है। दोनों छात्राओं ने साध्वी देवेष्टि जी के सानिध्य में संपूर्ण शास्त्र कंठस्थ किए है। प्रतियोगिता में जाने से पूर्व पूज्य स्वामी दिव्य देव जी एवं आदरणीय प्राचार्या महोदया का मार्गदर्शन भी सराहनीय है। इन दोनों छात्राओं का चयन वर्ष 2024 में होने वाली राष्ट्रीय स्तर कि प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

समाहरणालय,खूँटी
(जिला पर्यटन, कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
(जिला खेल कार्यालय)
(Email ID – dsokhunti2017@gmail.com)

–: आम सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1265 दिनांक 27.12.2023 से प्राप्त निदेशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस 2024 स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती के अवसर पर प्रमण्डल स्तर से लेकर राज्य तक युवा संसद कार्यक्रम निबंध, भाषण, पेंट्रिंग एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं के बीच किया जाना है। यह प्रतियोगिता प्रमण्डल स्तर पर 05 एवं 06 जनवरी 2024 को आयोजित की जायेगी। प्रमण्डल स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी दिनांक 11 जनवरी 2024 को राँची में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। इच्छुक प्रतिभागी समाहरणालय, खूँटी में जिला खेल कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,खूँटी

PR 314937 District(23-24).D

# राष्ट्रीय सम्मान स्थल या धार्मिक स्थलों में तो पोस्टर-बैनर मत लगाइये

# ऐ पोस्टर लगाने वालों जरा... !

**रविचंद कपूर**

**रांची।** 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में गुमला के जारी गांव के लाल लांसनायक अलबर्ट एक्का अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद हुए थे । बांग्लादेश को पाकिस्तान के जुल्मों से आजादी दिलाने के इस युद्ध में गंगासागर की महत्वपूर्ण लड़ाई में शहीद हुए लांस नायक अलबर्ट एक्का को उनकी बहादुरी के लिए परमवीर चक्र प्रदान किया था। पूरा देश उनके बलिदान और वीरता को याद करता है। झारखंड बिहार के एकमात्र परमवीर के सम्मान में राजधानी के हृदय स्थल मेन रोड (एमजी रोड) स्थित फिरायालाल चौक का नामकरण अल्बर्ट एक्का चौक किया गया था । साथ ही उनकी सेना की वर्दी वाली आदमकद प्रतिमा भी लगायी गयी है। जिससे यह स्थल राष्ट्रीय सम्मान के प्रतीक ही नहीं राजधानी रांची की पहचान के रूप में जाना जाने लगा। झारखंड सरकार की ओर से एक माह पूर्व अल्बर्ट एक्का चौक का सौंदर्यीकरण कर इसे और भी खूबसूरत बनाया गया। जिसके बाद तीन दिसंबर को अल्बर्ट एक्का की जयंती पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित कई मंत्री और राजनेताओं ने यहां आकर उन्हें नमन किया। कुछ दिनों तक यह स्थल साफ सुथरा रहा। इसके बाद पूर्व की तरह विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक, धार्मिक और व्यावसायिक संगठनों ने अपने कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर, बैनर और झंडा-पताका लगाना शुरू कर दिया। इससे एक ओर जहां अल्बर्ट एक्का चौक की खूबसूरती कम हो जा रही है तो वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय सम्मान के इस पवित्र स्थल की गरिमा को ठेस पहुंचती है।




## युवा कांग्रेस भी करेगा विरोध



रांची जिला युवा कांग्रेस के महासचिव रोहित सिन्हा ने कहा कि अल्बर्ट एक्का चौक राष्ट्रीय सम्मान और गौरव का स्थल है। इसकी गरिमा बनाये रखना हर नागरिक की जिम्मेवारी है। इसलिए इस स्थल को पोस्टर-बैनर और पताका से मुक्त रखना चाहिए। ऐसे तो पोस्टर लगाने के लिए पूरा शहर है, तो फिर इस राष्ट्रीय सम्मान के स्थल में पोस्टर-बैनर लगाने की जरूरत क्या है। इस परिसर को गंदा करने और पोस्टर-बैनर लगाने वालों का युवा कांग्रेस विरोध करेगा।

## भाजपा ने पोस्टर बैनर लगाने को



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संजय जायसवाल ने कहा कि शहीद के सम्मान में बनाया गया अल्बर्ट एक्का चौक का स्वच्छ रखना हर नागरिक की जिम्मेवारी है। हमलोगों को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए शहीद अल्बर्ट एक्का के सम्मान में चौक परिसर में पोस्टर बैनर नहीं लगाना चाहिए। फिर भी यदि कोई पोस्टर बैनर लगाते है तो भाजपा कार्यकर्ता उसका विरोध करेंगे।

## केंद्रीय सरना समिति करेगा विरोध



केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि अल्बर्ट एक्का चौक की एक गरिमा है। शहीद के सम्मान में इस स्थल का सौंदर्यीकरण किया गया। अब इस स्थल को साफ सुथरा रखने में केंद्रीय सरना समिति सहयोग करेगा। जो भी संगठन, दल, व्यावसायिक व सामाजिक संगठन पोस्टर बैनर लगायेंगे, उसका विरोध किया जायेगा। कानून सम्मत कार्रवाई करने का आग्रह जिला प्रशासन से किया जायेगा।

## राष्ट्रीय युवा शक्ति ने तो धरना भी दिया



राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि अल्बर्ट एक्का चौक परिसर को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेवारी है। यही शहीद के प्रति सच्चा सम्मान होगा। लेकिन बहुत से राजनीतिक दल व संगठन यहां पोस्टर बैनर लगाकर अपना प्रचार करते है। जिसका हमारे संगठन ने हमेशा विरोध और धरना प्रदर्शन भी किया। आगे यदि कोई फिर से यहॉ पोस्टर-बैनर लगायेंगे तो राष्ट्रीय युवा शक्ति ऐसे लोगों पर केस दर्ज करायेगा।

## ऐसी स्थिति दुनिया में कहीं नहीं दिखा है



पूर्व कुलपति सुरेश प्रसाद सिंह का कहना है कि मैं अपने कार्यो के दौरान विदेशों का भी दौरा करना हूं। लेकिन अल्बर्ट एक्का चौक में पोस्टर-बैनर और झंडा लगाकर राष्ट्रीय सम्मान के स्थल की गरिमा को ठेस पहुंचाया जाता है। वैसा दुनिया भर में कहीं नहीं देखा गया। सभी को मिलकर शहीद के सम्मान में इस स्थल को स्वच्छ बनाये रखना चाहिए।

## सूचना मिलने पर नगर निगम करेगा कार्रवाई



रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने कहा कि नवंबर महीने में अल्बर्ट एक्का चौक का फिर से सौंदर्यीकरण करने के बाद इस स्थल को साफ सुथरा रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस क्षेत्र में पोस्टर-बैनर सहित कुछ भी लगाना पूरी तरह वर्जित है। इसके बाद भी यदि कोई दल या संगठन इस वर्जित स्थल में पोस्टर व बैनर लगाते है तो संबंधित व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## सामाजिक कार्यकर्ता रतन तिर्की ने की अच्छी पहल



टीएसी के पूर्व सदस्य एवं परमवीर अल्बर्ट एक्का फाउंडेशन के ट्रस्टी रतन तिर्की ने अल्बर्ट एक्का चौक की गरिमा बचाने के लिए अच्छी पहल की है। उन्होंने चौक में पोस्टर-बैनर और झंडा लगाने वाले संगठनों से आग्रह किया कि इस स्थल को साफ सुथरा रखें । उन्होंने आग्रह कर कई संगठनों के पोस्टर-बैनर हटवाये भी । जिसके बाद अब अल्बर्ट एक्का चौक साफ सुथरा नजर आ रहा है। रतन तिर्की ने कहा कि यह चौराहा लांस नायक परमवीर चक्र शहीद अल्बर्ट एक्का के सम्मान में बनाया गया है और इस चौक परिसर को स्वच्छ और पोस्टर बैनर मुक्त रखना सभी बड़े राजनेताओं, राजनीतिक दलों, जिला प्रशासन, नगर निगम के साथ आम लोगों की जिम्मेवारी है। सभी मिलकर अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करेंगे तो राष्ट्रीय सम्मान के इस स्थल की गरिमा बनी रहेगी। उल्लेखनीय है कि राजधानी रांची सहित किसी भी शहर में बिना नगर निकाय को निर्धारित फीस देकर अनुमति लिए बिना विज्ञापन या बैनर लगाना गैर कानूनी है। रांची नगर निगम पूर्व में कई बार इसके लिए अभियान चलाकर उन्हें उतरवा भी चुका है। चुनाव के समय हर बार प्रशासन निजी संपति विरूपण कानून के तहत इसपर कड़ाई करता है पर बात जब नेताओं की आती है तो रतन तिर्की जैसी पहल करने वाले विरले ही सामने आते हैं।

---

## एक नजर

### पीडीएस डीलर्स की हड़ताल जारी

**रांची।** पीडीएस डीलर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बाद मंगलवार को खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव अमिताभ कौशल के साथ पीडीएस डीलर्स की बैठक हुई। बैठक में एसोसिएशन की दस सूत्री मांगों पर चर्चा की गयी। सचिव ने एसोसिएशन के प्रतिनिमंडल को कहा कि 13 महीने का बकाया राशि डीलर्स को भुगतान कर दी जायेगी। लेकिन कमीशन में वृद्धि, अनुकंपा पर बहाली समेत अन्य मांगों पर कोई सहमति नहीं बन पायी। एसोसिएशन के महामंत्री सूर्या प्रताप ने बताया कि एसोसिएशन के सचिव के साथ बैठक विफल रही। इसमे कोई निष्कर्ष नहीं निकला। आगे अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

### हृदयनाथ सिंह के निधन पर भाजपा नेताओं ने व्यक्त किया शोक

**रांची।** झारखंड भाजपा के वर्ष 2005 तक संगठन महामंत्री रहे हृदयनाथ सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। वे भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संगठक भी रहे। उनका जन्म उत्तरप्रदेश के जिला जौनपुर अंतर्गत अमावा खुर्द गांव में हुआ था। गोरखपुर में पढ़ाई के दौरान वे आरएसएस से जुड़े। वे झारखंड के अलावा काशी और ब्रज प्रांत के भी संगठन महामंत्री रहे। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में गंगोत्री कुजूर, नीलकंठ सिंह मुंडा, अपर्णा सेन गुप्ता, राज पालिवाल, विनोद शर्मा, प्रणव वर्मा, सुनील सिंह, जेपी पटेल, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सुबोध सिंह गुड्डू, मुनेश्वर साहू, नवीन जायसवाल, विवेक भवानी सिंह, शर्मिला रजक, काजल प्रधान, रीता मिश्रा, मिस्त्री सोरेन, दीपक बैंका, हेमंत दास और सूरज चौरसिया शामिल हैं।

## उपायुक्त ने की मतदाताओं के प्रपत्र की सुपर चेकिंग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विधानसभा क्षेत्र और कांके विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वालें कुछ मतदाताओं के प्रपत्र की उपायुक्त ने मंगलवार को सुपर चेकिंग की। इस दौरान उपायुक्त ने रामेश्वरम अपार्टमेंट रेडियम रोड़ , राज्यकृत उर्दू मध्य विद्यालय कर्बला चौक, गाढ़ी गांव होटवार कांके, चित्रा करुणा अपार्टमेंट बरियातु , बोड़ेया पहुंच कर कुछ मतदाताओं के प्रपत्र की सुपर चेकिंग किया। उपायुक्त ने सुपर चेकिंग क्रम में चित्रा करुणा अपार्टमेंट बरियातु रोड़ रांची पहुंचें जहां मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए लवण्या सिंह के प्रपत्र की चेकिंग करने के क्रम में उनके द्वारा उन्हें बताया गया की वे राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी है। इसपर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने खुशी जाहिर करते हुए उनसे कहा कि आप मतदान अवश्य रूप में करें। इसके साथ उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की लवण्या सिंह राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी है। इन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए इन्हें ब्रांड एंबेसडर बनाने का प्रस्ताव बना कर दें ताकि युवाओं को भी मतदान के लिए प्रेरित किया जा सकें। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दावा/आपत्ति तिथि का परिवर्तन करते हुए इसे बढ़ा कर 12 जनवरी 2024 तक कर दिया गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन की तिथि 22 जनवरी 2024 कर दिया है। इसमें योग्य व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए अपने बीएलओ से संपर्क कर और ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इसमें किसी प्रकार का परिवर्तन किया जा सकता है। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से वोट करने की अपील करते हुए कहा है कि सभी अपना वोट देकर अपने मताधिकार का निश्चित रूप से उपयोग करें।

## सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ संपन्न

**रांची।** आपन तेज समारोह आपे तीनों लोक हांक ते कापे के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 83 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 83 वां कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी आशा मोदी ने परिवार संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की । मंडल के मंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा फल प्रसाद पल्लव अग्रवाल ने केसरिया पेड़ा सेवा श्रीमती पुष्पा देवी पोद्दार निवेदित की। सुनील मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया । श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया ।

## सभी छात्र संगठनों ने फूका रांची विवि के कुलपति का पुतला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय की कुलपति अजीत कुमार सिन्हा का सभी छात्र संगठनों ने मंगलवार को भ्रष्टाचारी आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ को हटाने की मांग को लेकर उनका पुतला दहन किया। बताते चले कि विगत 6 दिनों से छात्र-छात्राएं आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ के काले कारनामों खिलाफ सभी छात्र संगठनों ने हल्ला बोल दिया है जब से इस कंपनी ने रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को संभाला है तब ही लगातार या कंपनी गलतियों का अंबार लगने जा रही है। इस मामले को लेकर छात्र आजसू के सदस्यों ने राज भवन के सचिवालय में राज्यपाल के नाम से मांग पत्र सौप कर शिकायत भी दर्ज कराया है। सभी छात्र संघ के सदस्य कुलपति से वार्ता करना चाह रहे हैं लेकिन कुलपति वार्ता करने को तैयार नहीं है,जब तक आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा किए जा रहे फजीवाड़ा को लेकर वार्ता नहीं होती तब तक सभी छात्र संगठनों का धरना जारी रहेगा।

**छठे दिन भी विश्वविद्यालय के आउटसोर्सिंग एजेंसी एनसीसीएफ के दफ्तर में लटका रहा ताला।**

## अति पिछड़े वर्ग के लोगों के पेंशन की उम्र सीमा भी 50 वर्ष किया जाय : बजरंग वर्मा

**रांची।** पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेश संयोजक बजरंग वर्मा ने राज्य सरकार से पिछड़ा वर्ग खासकर अति पिछड़ा वर्ग को भी पेंशन योजना में शामिल करने की मांग की है। वर्मा ने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदिवासियों और दलितों को 50 वर्ष की उम्र से ही पेंशन देने का निर्णय लिया है। लेकिन इस श्रेणी में अति पिछड़ा वर्ग को नहीं रखकर पिछड़ों के साथ गलत किया है। झारखंड में पिछड़ा और अति पिछड़ा को राजनीतिक सामाजिक दृष्टि से लगातार उपेक्षा की जा रही है। ऐसी स्थिति में अति पिछड़ा को भी आदिवासियों और दलित की तर्ज पर 50 वर्ष की उम्र से वृद्धा पेंशन मिलना चाहिए। श्री वर्मा ने मांग किया है कि सरकार जल्द से जल्द इस श्रेणी में पिछड़ा वर्ग को भी रखें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा अपने भाषणों में कहते है कि झारखंड सबसे पिछड़ा राज्य बन गया है। यहॉ के लोग गरीब है। ऐसे में राज्य के सबसे पिछड़े वर्ग की स्थिति तो और भी खराब है। इसलिए मुख्यमंत्री को अति पिछड़े वर्ग के लिए भी पेंशन की उम्र सीमा 60 से घटाकर 50 वर्ष करना चाहिए।

## किसानों को जागरूक करने बिरसा कृषि रथ रवाना



**रांची।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं तकनीकी परामर्श के लिए बिरसा कृषि रथ मंगलवार को कांके प्रखंड पहुंचा। कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा और जिप सदस्य संजय महतो के द्वारा कांके प्रखंड मुख्यालय में बिरसा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने कहा कि कांके प्रखंड कृषि के नाम से जाना जाता है। निश्चित तौर पर कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारियां एवं तकनीकी परामर्श यहां के किसानों को लाभ मिलेगा। नई तकनीकी से अपनी उपज दोगुना कर आमदनी में बढ़ोतरी करने में यहॉ के किसानों को मदद मिलेगी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को उरूगुट्ठ, काटमकुली, मालसरिंग, मनातू, गागी, सुकराटो पंचायत में बिरसा कृषि रथ पहुंचकर ग्रामीणों को जानकारी दी। बुधवार को कांके

## हिट एंड रन कानून के विरोध में दूसरे दिन भी थमे वाहनों के पहिए

**कुमार उत्कर्ष**

**रांची।** बस सहित अन्य वाहन चालकों की ओर से नये हिट एंड रन कानून में बदलाव की मांग को लेकर एक से तीन जनवरी तक घोषित हड़ताल का असर दूसरे दिन मंगलवार को भी देखने को मिल रहा है। एक जनवरी को भी हड़ताल का असर देखने को मिला था। राजधानी रांची के बिरसा मुंडा बस टर्मिनल में ज्यादातर बसों का परिचालन ठप है। कई ऐसी बसें है जिसे खादगढ़ा बस स्टैंड पहुंचना था लेकिन रास्ते में आंदोलनकारियों ने उन बसों को रोक रखा है, जिसकी वजह से यात्रियों की परेशानी बढ़ गयी है। वहीं, वाहन चालक लगातार केंद्र सरकार की इस कानून का विरोध कर रहे हैं। आंदोलनकारी केंद्र सरकार से कानून वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इस आंदोलन में सबसे ज्यादा बंगाल, बिहार और यूपी से रांची आने वाली बसें है। राज्य के अधिकतर जिलों में बसों के पहिए थमे हुए हैं।



### क्या है हिट एंड रन कानून


सड़क हादसों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा 'हिट एंड रन' कानून में बदलाव किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 10 साल तक कैद और सात लाख रुपए तक का जुमार्ने का प्रावधान है।

**कोट**



हिट एंड रन कानून केंद्र सरकार का नया काला कानून है। इससे व्यवसायिक वाहन चालकों को परेशानी होगी। केंद्र सरकार विदेशी कानून भारत में लागू करना चाहती है। इस कानून के अनुसार अगर वाहन चालक द्वारा दुर्घटना होता है तो जुमार्ना के साथ-साथ जेल भी हो सकता है जो कि कहीं से भी ठीक नहीं है। अगर केंद्र सरकार यह काला कानून वापस नहीं लेती है, तो वाहन चालकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल भी सड़क पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेगी।

**मनोज कु पांडेय (महासचिव, प्रदेश राजद)**



हिट एंड रन कानून में किसी भी प्रकार से अगर दुर्घटना होती है और अगर ड्राइवर भागते हैं तो सजा और जुर्माना का प्रावधान होगा और जो चालक नहीं भागते हैं तो उनकी जान भी जा सकती है। भाजपा सरकार में प्रतिदिन ट्रेन हादसे हो रहे हैं, केन्द्र सरकार के मंत्रियों को क्यों नहीं सजा का प्रावधान होना चाहिए।

**आलोक कुमार दूबे**



केन्द्र सरकार के इस काले कानून का सड़क पर उतरकर व्यापक विरोध किया जाएगा। केन्द्र सरकार देश की जनता को 1947 के बैलगाड़ी दौर में लाना चाहती है। कोई भी वाहन चालक जानबूझकर दुर्घटना नहीं करता है। इसलिए वाहन चालकों के द्वारा किए जा रहे हड़ताल का ओबीसी समाज की ओर से मैं समर्थन करता हूं।

**राजेश गुप्ता (प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा)**

सरकार ने हिट एंड रन का एक नया नियम लागू किया है, जिससे बड़ी गाड़ी चलाने वाले परेशान होंगे। ड्राइवरों के हड़ताल से व्यवसाय को नुकसान होगा।

**आर्यन साहू, फल विक्रेता**

## हिट एंड रन बिल अभी प्रस्तावित है, ड्राइवर बंधु चिंता नहीं करें : किशोर मंत्री



**रांची।** मोटर व्हिकल कानून में हुए बदलाव पर चर्चा करने के लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स में बैठक हुई। बैठक में अलग-अलग एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने ड्राइवरों को संबोधित करते हुए कहा कि बिल सिर्फ प्रस्तावित है जो अधिसूचित नहीं हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किये जाने के बाद ही संभवत अप्रैल माह में यह कानून प्रभावी होगा। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस समेत राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएं इस कानून के प्रावधान में संशोधन के लिए केंद्र सरकार से वार्ता कर रहे हैं। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स, रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, झारखंड ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन, बिरसा बस स्टैंड एसोसिएशन, स्कूल बस एसोसिएशन भी इस कानून में संशोधन के लिए लोकतांत्रिक तरीके से प्रत्येक स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। ताकि ड्राइवर बंधुओं का अहित न हो। इसलिए किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान ना दें और वाहनों का परिचालन सामान्य रखे। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि चैंबर ड्राइवर बंधुओं के साथ हैं। कानून के प्रावधान से ड्राइवरों ही नहीं बस मालिक और ट्रक मालिक भी प्रभावी होंगे। झारखंड ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ललित ओझा ने कहा कि बंद किसी समस्या का समाधान नहीं है। हमें हड़ताल से बचना चाहिए। यह कानून आया नहीं है बल्कि प्रस्तावित किया गया है। हिट एंड रन का कानून पूर्व से ही चल रहा है।

## जेसीआई रांची यूथ ने वृद्धा आश्रम में बांटा तिलकुट-चुड़ा



**रांची।** जेसीआई रांची यूथ अपने नए कैलंडर वर्ष की शुरूआत वृद्धों के आशीर्वाद से किया। नववर्ष पर डीएवी नंदराज बरियातू स्थित वृद्धा आश्रम में अरवा चुड़ा, गुड, तिलकुट एवं फल का वितरण किया गया। इस आश्रम में 55 की संख्या में वृद्धजन निवास करते हैं। जिनकी सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ एवं सभी ने हमें ढेर सारा आशीर्वाद देते हुए मंगल कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेसीआई रांची यूथ की नवनियुक्त अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल, मोनिका, विकास एवं परविंदर मौजूद थे।

### सुकुरहुटू में 112 करोड़ की लागत से राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर का कम 65 प्रतिशत पूर्ण

# राजधानीवासियों को मिलेगा ट्रांसपोर्ट नगर का तोहफा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी वासियों को वर्ष 2024 में बहुप्रतीक्षित ट्रांसपोर्ट नगर का तोहफा मिल जायेगा। नगर विकास विभाग के निर्देश पर जुडको द्वारा एजेंसी केएमवी से तेजी से काम कराया जा रहा है। मई 2022 में ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। विभाग के अनुसार मई 2024 में इसका काम पूरा हो जायेगा। यह राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर होगा। अब तक एकीकृत भवन और दो वेयर हाउस का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। तीन तल्लों में छोटे से लेकर बड़े वाहनों के खड़ा करने के तीन लेबल का प्लेटफार्म बनाने का काम तेजी से चल रहा है। सबसे खास बात यह है कि जो यहॉ पत्थर का गेवियन वाल बन रहा है, वह पूरी तरह से इको फ्रेंडली है। इसकी जुड़ाई में कही भी सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया गया है। कांके प्रखंड के सुकरहुटू में रिंग रोड के पास 112 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो रहा है। प्रथम फेज में बड़े छोटे कुल 424 वाहनों के खड़ा करने का स्थान रहेगा।



### वाहनों के अनुसार होगा स्थान

निर्माणाधीन लेबल एक प्लेटफार्म पर 93 सबसे बड़ी 22 मीटर लंबा, 11 बड़ी टेलर 18 मीटर और 27 छोटे 16 मीटर साइज के वाहनों के खड़ा करने का स्थान रहेगा। इसी तरह लेबल दो प्लेटफार्म पर 179 बड़े और 50 छोटे वाहन खड़ा किये जायेंगे। लेबल तीन के प्लेटफार्म पर सिर्फ 64 छोटे वाहन खड़ा होंगे।

### ड्राइवर-खलासी के लिए डोरमेट्री

ड्राइवर और खलासी के आराम करने के लिए 180 बेड की डोरमेट्री और 150 लोगों के बैठने के लिए फूड कोर्ट भी रहेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, दो वे ब्रिज, सर्विस स्टेशन, प्रवेश द्वार, सीसीटीवी, वाई फाई, लैंड स्केपिंग और मनोरंजन के लिए स्थान उपलब्ध रहेगा।

### दो लेबल के वेयर हाउस बनकर तैयार

बाहर से आने वाले वाहनों के माल को रखने के लिए दो लेबल के वेयर हाउस भी बन चुके है। लेबल एक वेयर हाउस 6176 वर्ग मीटर तथा वेयर हाउस दो 3900 वर्ग मीटर का बन गया है। बाहर आने वाले वाहनों के माल इसी वेयर हाउस में खाली कर ट्रक चालक मुक्त हो जायेंगे। अब ट्रांसपोर्टर छोटे वाहनों से इसे जगह तक पहुंचाएंगे। इससे शहर में बड़े वहां नहीं घुसेंगे। जिससे जाम नहीं लगेगा। नागरिकों को प्रदुषण से भी मुक्ति मिलेगी और पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।

### नो एंट्री से मिलेगी राहत

ट्रांसपोर्ट नगर आने के लिए वाहनों को नो एंट्री की झंझट भी नहीं झेलनी पड़ेगी। क्योकि रिंग रोड नो इंट्री से मुक्त है। जी प्लस 3 एकीकृत भवन में ट्रांसपोर्टरों एवं अन्य के लिए 16 आफिस का प्रावधान किया गया है।

## प्रीमियम विंटर एंड वेडिंग लाइफस्टाइल एग्जिबिशन 9 व 10 को

**रांची।** रांची में 9 और 10 जनवरी को प्रीमियम विंटर एंड वेडिंग लाइफस्टाइल एग्जिबिशन होगा। इसका आयोजन फैशन प्वाइंट होटल कैपिटल हिल में कर रहा है। इसमें मुंबई, बेगलुरु, दिल्ली, पंजाब, हैदराबाद, कोलकता और सूरत से सेलिब्रिटी से रियल ज्वेलरी एंड डिजाइनर्स अपने एक्सक्लूसिव कलेक्शन पेश करेंगे। एग्जिबिशन में कुर्तियां, सूट, साड़ी, पैंट, पलाजो और दुपट्टा सहित कई आइटम मौजूद रहेंगे। इस एक्सीबिशन में ब्राइडल कलेक्शन, वेस्टर्न, ऐडो वेस्टर्न, सेलिब्रिटी कलेक्शन, होम डेकोर, रियल ज्वेलरी, एथिनिक वियर, आने वाले त्योहारों और शादियों को देखते हुए सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसमें आप अपने पसंदीदा कपड़े, ज्वेलरी, शादी के लिए लहंगा और डिजाइनर्स ड्रेसेज कस्टमाइज करवा सकते हैं। एग्जिबिशन से संबंधित जानकारी रीना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल और रिषिका नागपाल ने दी।

# संवैधानिक व्यवस्था को मजाक बनने से बचाएं राज्यपाल : बाबूलाल मरांडी

## जेल से दे रहे संपादक को धमकी

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सरकार पर फिर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि आज राज्य में दुर्दांत अपराधी, दलाल, बिचौलिए बेखौफ हैं। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन खुद लगातार असंवैधानिक कार्य कर रहे हैं। उन्हें जब महसूस हो गया कि अब उनका जेल जाना तय है बच नहीं सकते... तो पार्टी के विधायक सरफराज अहमद को विधानसभा से इस्तीफा दिलवाकर पत्नी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्हें यह भी पता है कि उनकी पत्नी आरक्षित सीट से विधायक नहीं बन सकती। हाईकोर्ट ने यह निर्णय दिया है कि राज्य से बाहर की बहु झारखंड में आरक्षण की सुविधा नहीं ले सकती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने महाराष्ट्र हाईकोर्ट, नागपुर बेंच के उस निर्णय की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया जिसमें एक साल से कम अवधि के लिए खाली सीट पर उपचुनाव नहीं कराने का फैसला सुनाया गया है। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड की परिस्थिति में अब विधानसभा का कार्यकाल एक साल से भी कम बचा है। ऐसे में खाली कराई गई सीट पर उपचुनाव नही कराए जा सकते। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से कोई नई सरकार बनाने या मुख्यमंत्री बदलने की बात उनके समक्ष आती है तो वे अटॉर्नी जनरल या बड़े न्यायविद से इस संबंध में अवश्य सलाह लें। मरांडी ने कहा, राज्यपाल के हाथों में संवैधानिक व्यवस्था को बचाने की जिम्मेवारी है।



**राज्य** में अपराधियों के बढ़ते मनोबल पर मरांडी ने कहा कि अब जेल से अपराधी बड़े अखबार के संपादक को धमकी दे रहे। यह गंभीर मामला है। जेल से जिसने धमकी दी वह और कोई नहीं, दुमका का योगेंद्र तिवारी है। योगेंद्र तिवारी का शिबू सोरेन से गहरा संबंध है। आज भी शिबू सोरेन की दुमका के खजुरिया स्थित विशाल कोठी के आधे भाग की जमीन का रजिस्ट्री डीड योगेंद्र तिवारी एंड कंपनी का है। कहा ऐसे दुर्दांत अपराधियों को बाहर भेजा जाना चाहिए था, लेकिन मुख्यमंत्री से उनके गहरे संबंध हैं। वे जेल से सत्ता का संचालन करते हैं। मनमाफिक ट्रांसफर पोस्टिंग कराते हैं, रुकवाते हैं। उन्होंने विगत दिनों बड़े पैमाने पर डीएसपी के हुए ट्रांसफर और बाद में उनके स्थगन का याद दिलाते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें ट्रांसफर की प्रक्रिया मालूम है। यदि राज्य के मुख्यमंत्री,गृह मंत्री,डीजीपी की हस्ताक्षरित संचिका के निर्णय लागू नही हों तो समझा जा सकता है कि सत्ता का संचालन कोई और कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को मुख्यमंत्री का संरक्षण प्राप्त है। मुख्यमंत्री बाहर में केवल आईवॉश करते हैं।

### मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त हैं

कहा कि कई बार उन्होंने भ्रष्टाचार से संबंधित जांच के लिए सरकार को आग्रह किया। पत्र लिखे, लेकिन मुख्यमंत्री न्यायिक जांच कराकर अधिकारियों को क्लीन चिट दे रहे हैं। कहा कि सीएम मामलों को केवल ऐसे ही रफा दफा करना चाहते हैं। यदि हिम्मत है तो राज्य के ईमानदार पुलिस अधिकारी मुरारीलाल मीणा, अनिल पलटा जैसे अधिकारियों से जांच कराएं। उनका जो फैक्ट्स फाइंडिंग आयेगा वह सच को उजागर करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त हैं और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण भी दे रहे। उन्हे बचाने के लिए सरकार के खजाने से करोड़ो रुपए हाई कोर्ट,सुप्रीम कोर्ट के महंगे वकीलों पर खर्च कर रहे। उन्होंने कहा कि ईडी के सातवें समन के बाद भी उनका पूछताछ से भागना यह बताता है कि जवाब देने से डर रहे हैं। ईडी के सवालों का उनके पास कोई जवाब नही। भले वे बोलते हैं कि उन्हें फंसाया जा रहा लेकिन आखिर उन्हें जवाब देने से कौन रोक रहा। यदि गड़बड़ी नहीं की तो सीना तान कर जाएं और सवालों का सामना करें लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे क्योंकि उन्हें पता है कि उन्होंने किस प्रकार से गड़बड़ किया है।

## राष्ट्रीय पुस्तक मेला

### पांचवां दिन धर्म और अध्यात्म का संगम बना




**रांची।** स्थानीय जिला स्कूल मैदान में समय इंडिया, नई दिल्ली के तत्वावधान में जारी राष्ट्रीय पुस्तक मेला धर्म एवं अध्यात्म का संगम बना है। पुस्तक मेले में 80 से अधिक स्टॉल्स पर यहां से वहां तक आपको पुस्तकें पसरी मिलेंगी। इनमें से कुछ पुस्तकें ऐसी हैं जो आपको सपनों की दुनिया में ले जाएंगी तो कुछ ऐसी भी हैं जो जीवन संघर्ष से जूझने का बल प्रदान करेंगी। जीवन की आपाधापी में फंसे मनुष्य की नियति ऐसी है कि उसे शांति प्रदान करने वाली पुस्तकों की तलाश है। यह पुस्तक मेला आपकी वैचारिक प्रगति के रास्ते सूझाने के साथझसाथ धर्म और अध्यात्म की उस राह को भी रोशनी देता है जहां से आपके जीवन में शांति की शुरूआत हो सकती है। मेले में गीता प्रेस का स्टॉल एक ऐसा ही स्टॉल है जहां पर सनातन धर्म की परम्परा को जीवित रखने वाला साहित्य सस्ते दर पर आपके लिए आज भी उपलब्ध है। मानस, गीता और देवी-देवताओं की स्तुतियों वाली पुस्तकों के साथ बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास करने वाली पुस्तकें भी यहां पर हैं।

## झारखंड कांग्रेस के नए प्रभारी मीर पहुंचे रांची, नेताओं ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड कांग्रेस के नए प्रभारी गुलाम अहमद मीर मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पहुंचे। यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। मीर दो दिवसीय दौरे पर पहली बार रांची पहुंचे और एयरपोर्ट से मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन के लिए रवाना हो गए। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात करेंगे तो उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे।

संगम गार्डेन में झारखंड प्रभारी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के बाद उन्होंने जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों के साथ कांग्रेस भवन में बैठक की। झारखंड प्रभारी बुधवार को कांग्रेस भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी झारखंड प्रदेश के साथ बैठक और लोकसभा प्रभारियों एवं संयोजकों के साथ कांग्रेस भवन, रांची में बैठक करेंगे।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस ने भी किया स्वागत

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर मंगलवार को रांची पहुंचे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत अरगोड़ा चौक पर किया गया। यहां हजारों की तादाद में अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। अहमद मीर का स्वागत करने वालों में मंजूर अंसारी, वरीय उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, मो. सोहराब अंसारी,मो. इसराफिल संगठन महासचिव अख्तर अली, प्रवक्ता डॉ. इलियास मजीद, महमूद अली, गुलाम रब्बानी, तौकीर अख्तर, महानगर अध्यक्ष हुसैन खान, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजमिल अंसारी व झारखंड के सभी जिलों के अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी शामिल थे।

## एक नजर

### अमरेंद्र बने सेपक टकरा प्रतियोगिता के निर्णायक



**रांची।** सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के पदाधिकारी और नेशनल तकनीकी पदाधिकारी अमरेंद्र द्विवेदी पटना में आयोजित स्कूली सेपक टकरा गेम्स के तकनीकी पदाधिकारी होंगे। यह प्रतियोगिता तीन से सात जनवरी तक पाटलिपुत्र स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। सेपक टकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव देवगौड़ा ने इस आशय का पत्र जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि अमरेंद्र द्विवेदी इसके पूर्व भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं। द्विवेदी सरला बिरला यूनिवर्सिटी में डिपार्टमेंट ऑफ योग के टीचिंग एसोसिएट हैं। अमरेंद्र के मनोनयन पर सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रेसिडेंट उदय साहू सहित शिवेंद्र दुबे, मनोज साहू, मिथलेश साहू,चंचल भट्टाचार्य, प्रियदर्शी अमर, शैलेंद्र कुमार, प्रदीप खन्ना, उमा पालित व अन्य ने शुभकामनाएं दी हैं।

### डॉ. उमेश कुमार बने परीक्षा विभाग के नियंत्रक



**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार और सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों द्वारा उन्हें इस नए महत्वपूर्ण पदभार के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई और उन्हें फूलों का बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ मनोज कुमार ने कहा की परीक्षाओं का समय से संचालन एवं तय सीमा के अंदर परीक्षा परिणाम की घोषणा ही एक सफल परीक्षा संचालक का कर्तव्य है।

### ह्रदयनाथ सिंह के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक



**रांची।** झारखंड भाजपा के वर्ष 2005 तक संगठन महामंत्री रहे ह्रदयनाथ सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उनके देहावसान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और कहा कि प्रभु उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। परिजनों को धैर्य और साहस प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, नीलकंठ सिंह मुंडा, अपर्णा सेन गुप्ता, राज पालिवाल, विनोद शर्मा, प्रणव वर्मा, सुनील सिंह, जेपी पटेल, महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय शामिल हैं।

## भू-अर्जन मुआवजा राशि का नहीं हो रहा भुगतान, राज्यपाल लें संज्ञान : डॉ लंबोदर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ.लंबोदर महतो ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर अधिग्रहित भूमि के बदले मुआवजा राशि का भुगतान पूर्व वन भूमि अपयोजन को लेकर को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देने, बेरमो अनुमंडल (मुख्यालय तेनुघाट) को जिला बनाने को लेकर किए जा रहे आंदोलन को सम्मानजनक तरीके से समाप्त करने, लंबित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति देने, डिग्री कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति करने और तेनुघाट डैम को पतरातू डैम की तरह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उनपर आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने राजभवन में राज्यपाल को अवगत कराया कि एनएचआई द्वारा स्वीकृत भारतमाला परियोजना के तहत बनारस से कोलकाता सिक्स लेन



पथ में भू- अर्जन एवं वन भूमि अपयोजन की स्थिति अत्यंत खराब है जिसके कारण इस पथों के निर्माण कार्य में प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसी प्रकार भारत सरकार के एनएच आई द्वारा स्वीकृत जैना मोड -गोला फोर लेन पथ में भी भू -अर्जन की राशि एवं वन भूमि अपयोजन की स्थिति खराब है। इसके कारण निर्माण कार्य में आशानुकूल कार्य नहीं हो पा रहा है। यही स्थिति झारखंड सरकार के एसएचएजे द्वारा स्वीकृत बरलंगा-नेमरा पिरगुल चौक- बंगाल सिवाना पथ का भी है। इसके कारण इस पथ निर्माण काम की गति भी काफी धीमी है। कहा कि पथों की निर्माण कार्य का ससमय पूरा करने हेतु अधिग्रहित भूमि के बदले मुआवजा राशि का भुगतान पूर्व वन भूमि अपयोजन हेतु संबंधित पदाधिकारी को सख्त निर्देशकी जरूरत है। उन्होंने राज्यपाल का बताया कि गत 6 दिसंबर से बेरमो अनुमंडल (मुख्यालय तेनुघाट) को जिला बनाने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी है।

आज धरना का 28वां दिन है। मगर अब तक राज्य प्रशासन, जिला प्रशासन एवं अनुमंडल प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है और मांगों की पूर्ति वार्ता के लिए संवेदनहीन बना हुआ है।

### सीएम हाउस में महागठबंधन विधायकों की बड़ी बैठक

## झारखंड में नई सरकार के लिए 'लालू और राबड़ी मॉडल' दोहराने की तैयारी ?

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में बदलते राजनीतिक और कानूनी घटनाक्रमों के बीच अगले कुछ दिनों में नई सरकार गठित होने की संभावना तेज हो गई है। तीन जनवरी को सीएम हेमंत सोरेन के आवास में सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के विधायकों की बैठक बुलाई गई है। इसमें सभी विधायकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने को कहा गया है। चर्चा है कि इस बैठक में हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को गठबंधन का नया नेता चुने जाने पर सहमति बनाई जा सकती है। मंगलवार सुबह 11 बजे सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन को अपने आवास बुलाकर मौजूदा घटनाक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया। इसके थोड़ी ही देर बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की बैठक आज को बुलाने का निर्णय लिया



गया। इस पूरे सियासी घटनाक्रम की वजह है, सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ अगले कुछ दिनों में ईडी की संभावित कार्रवाई। सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाले में बयान दर्ज कराने के लिए अब तक सात समन भेजे हैं। वह किसी भी समन पर हाजिर नहीं हुए। ईडी ने सातवां समन 29 दिसंबर को भेजा था। इसे एजेंसी ने आखिरी समन बताया था। इसमें कहा गया था कि वे सात दिनों के अंदर ईडी के समक्ष बयान दर्ज कराने के लिए उपस्थित हों। इसके लिए समय और स्थान तय करने के लिए उन्हें दो दिनों यानी 31 दिसंबर का वक्त दिया गया था। यह डेडलाइन गुजर गई और हेमंत सोरेन ने कोई जवाब नहीं दिया। ईडी की ओर से बयान दर्ज कराने के लिए दिया गया सात दिन का वक्त 5 जनवरी को खत्म हो जाएगा। इसके बाद वह जांच में असहयोग का हवाला देकर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट हासिल कर सकती है। सोरेन के नेतृत्व वाले राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन को इस परिस्थिति का अनुमान पहले से था। ऐसी स्थिति में झारखंड में सत्ता बरकरार रखने के लिए बिहार में वर्षों पहले आजमाए गए लालू-राबड़ी मॉडल को दोहराने की तैयारी चल रही है।

दरअसल, वर्ष 1997 में बिहार के तत्कालीन सीएम लालू प्रसाद के खिलाफ जब चारा घोटाले में सीबीआई जांच का शिकंजा कसा था तो उन्होंने विधायक दल की बैठक बुलाकर खुद की जगह अपनी पत्नी राबड़ी देवी के नेतृत्व पर सहमति बनाई थी और उन्होंने सीएम की कुर्सी संभाली थी। जानकार बताते हैं कि 'लालू-राबड़ी मॉडल' को झारखंड में दोहराने की रणनीति के तहत गिरिडीह के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के जेएमएम विधायक सरफराज अहमद ने 31 दिसंबर को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। रणनीति यह है कि अगले छह महीनों में इस सीट पर उपचुनाव कराए जाने पर कल्पना सोरेन चुनाव लड़ेंगी और विधानसभा पहुंचेंगी। झारखंड की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी, 2025 में पूरा हो रहा है। नियमों के अनुसार किसी विधानसभा का कार्यकाल अगर एक साल से ज्यादा बाकी हो तो कोई सीट खाली होने पर अनिवार्य रूप से उपचुनाव कराया जाएगा।

## 13 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा पुलिस पार्टी पर हमला करने वाला उग्रवादी

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

हत्या, पुलिस पर हमला और उग्रवादी घटनाओं में संलिप्त 13 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी सिरिल सोय ग्राम गम्हरिया थाना मुरहू को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ तोरपा थाने में दो मामले दर्ज हैं। उस पर हत्या, पुलिस पर हमला, उग्रवादी घटना, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए सहित कई संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक नौ अगस्त, 2009 की शाम को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के उग्रवादियों ने कमड़ा मोड़ के पास चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद तपकरा निवासी मो. निजाम खान को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। घायल अवस्था में निजाम खान घटनास्थल के आसपास गश्त कर रही पुलिस पार्टी के पास पहुंचे। तभी उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर भी हमला कर दिया। आत्मरक्षा के लिए पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक उग्रवादी मारा गया था। इस घटना में भी सिरिल सोय शामिल था। बताया गया कि मुरहू थाना क्षेत्र अंतर्गत जामदा बाजार में लकड़ी की खरीद-बिक्री करने वाले व्यापारी से पीएलएफआई उग्रवादियों द्वारा रंगदारी की मांग की गई थी। सभी उग्रवादी लेवी लेने के लिए गनालोया के साबर महतो को खोज रहे थे।

## मनी लॉन्ड्रिंग के अभियुक्त बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से दे रहे धमकियां, जेलर से ईडी ने की पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में अफसरों और मनी लॉन्ड्रिंग केस के अभियुक्त कैदियों की सांठगांठ के मामले में ईडी आज जेलर प्रमोद कुमार से पूछताछ कर रही है। जेल के नंबर से बीते 29 दिसंबर को दैनिक अखबार प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को मनी लॉन्ड्रिंग के अभियुक्त योगेंद्र तिवारी ने धमकी दी थी। इसके बाद ईडी ने जेलर को तलब किया है। जेलर प्रमोद कुमार मंगलवार को दिन के 11 बजे ईडी के रांची जोनल आफिस में उपस्थित हुए। ईडी की टीम ने उनसे




पूछताछ शुरू कर दी है। जेलर को जेल में योगेंद्र तिवारी के वार्ड और जेल के टेलीफोन बूथ के पास लगे सीसीटीवी का फुटेज भी पेश करने को कहा गया है। इसके अलावा बूथ में रिकॉर्ड हुई बातचीत की ऑडियो क्लिप भी मांगी गई है। खबर है कि जेलर टेलीफोन बूथ से की गई पूरी बातचीत का ट्रांसक्रिप्ट लेकर पहुंचे हैं। जामताड़ा निवासी योगेंद्र तिवारी को पिछले दिनों ईडी ने राज्य में हुए शराब घोटाले में गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ ईडी ने चार्जशीट भी दायर कर दी है, जिसमें उसे घोटाले का किंगपिन बताया गया है। तिवारी ने अवैध तरीके से बालू, शराब और जमीन कारोबार से पैसे जुटाए और इस पैसे को शराब के कारोबार में लगाया। आरोप है कि जेल में वह अपने रसूख के बल पर अनुचित सुविधाएं हासिल करता रहा है। रांची के बिरसा मुंडा जेल में मनी लॉन्ड्रिंग के कई अभियुक्त बंद हैं।

## राज्य में 4 से 6 तक बारिश के आसार

**रांची।** कड़ाके की ठंड के बीच झारखंड में मौसम का मिजाज बदलेगा। जल्द ही राज्य में बारिश हो सकती है। चार से छह जनवरी तक बारिश के आसार हैं। रांची, बोकारो, पलामू, गढ़वा, लातेहार, हजारीबाग समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश की संभावना जतायी गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि तीन, सात व आठ जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। मौसम शुष्क रहने की संभावना है। तीन और चार जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं।मौसम शुष्क रह सकता है। पांच से छह जनवरी को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश की संभावना है। सात और आठ जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम शुष्क रह सकता है। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि तीन जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध फिर आंशिक बादल छाए रहेंगे। झारखंड में चार जनवरी से बारिश के आसार हैं। उत्तर पश्चिमी भागों जैसे पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, कोडरमा, लोहरदगा जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है। पांच जनवरी को पश्चिमी एवं मध्य भागों (रांची, बोकारो, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, रामगढ़) में बारिश हो सकती है। छह जनवरी को राज्य में कहीं-कहीं बारिश का अनुमान है।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल 'युवा संगम' कार्यक्रम में बोल राज्यपाल

## विविधता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा हमारे देश में विविधता में एकता है, जो हमारी सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री की ओर से प्रारम्भ इस कार्यक्रम के तहत हमारे देश के एक क्षेत्र के युवा दूसरे क्षेत्र की संस्कृति से अवगत हो रहे हैं। आपस में संवाद कर रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की भाषाएं, खान-पान, रीति रिवाज, परम्पराएं इत्यादि अलग-अलग हैं। इस कार्यक्रम के तहत देश के युवा इसको भी आत्मसात कर रहे हैं। राज्यपाल मंगलवार को राज भवन में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत 'युवा संगम' कार्यक्रम में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि युवा देश के कर्णधार होते हैं, भविष्य के निमार्ता होते हैं। युवा अपना लक्ष्य निर्धारित कर एवं संयमित होकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। इससे आपकी प्रगति होगी और देश की भी प्रगति होगी। प्रगति के लिए मन से नकारात्मक भाव निकालना आवश्यक है। अपने ज्ञान का सकारात्मक उपयोग करें। जीवन में असफलता भी आती है लेकिन असफलता और अवसाद से आगे बढ़कर हमें लगातार कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम में एनआईटी कुरुक्षेत्र, हरियाणा तथा आईआईआईटी, रांची से आए प्रध्यापकों एवं विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

### जिन्होंने गलत किया, उन्हें परिणाम भुगतना होगा : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने कुछ गलत किया है, उन्हें परिणाम भुगतना होगा। कानून-व्यवस्था पर राजभवन की नजर है। राज्यपाल मंगलवार को राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था दुर्भाग्य से बिगड़ रहा है। यह बहुत दर्दनाक है। राज्यपाल तमिलनाडू के लिए रवाना हो गए हैं। वे आठ जनवरी तक वापस रांची लौटेंगे। इस बीच चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है। सभी अपनी ओर से आकलन करने में लगे हुए हैं। ईडी से बढ़ते खतरे को देखते हुए सीएम हेमंत सोरेने काफी प्लान पर एक साथ काम कर रहे हैं। पार्टी की तरफ से बुधवार को आईएनडीआई एलांइस की बैठक सीएम आवास पर रखी गयी है। वहीं, मंगलवार को सीएमओ की तरफ से ईडी को चिट्ठी लिखी गयी है। काफी चीजें एक साथ चल रही हैं। इसी बीच राज्यपाल का चेन्नई जाना चर्चा को और गहरा दे रहा है। हालांकि, बताया जा रहा है कि राज्यपाल अपने तय कार्यक्रम के तहत चेन्नई जा रहे हैं।

## खूंटी में 15 वर्षों से फरार हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**खूंटी।** जिला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नये साल के पहले दिन ही सोमवार को 15 वर्षों से फरार हत्या और आर्म्स एक्ट के आरोपित तुलसीदास भेंगरा उर्फ संतोष ग्राम आनंदपुर थाना तपकरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुप्त सूचना पर रांची जिले में वर्ष 2009 में हुई हत्या तथा 2013 में आर्म्स एक्ट के फरार वांछित स्थाई वारंटी तुलसीदास भेंगरा को उसके गांव से ही गिरफ्तार किया। तुलसीदास के खिलाफ बेड़ो थाना और जगन्नाथपुर थाना रांची में हत्या, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। तुलसीदास भेंगरा को गिरफ्तार करने वाली टीम में तपकरा के थाना प्रभारी विक्रांत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक बलराम कुमार सिंह, एएसआई रमजानुल हक और आरक्षी सर्वजीत कुमार शामिल थे।

## दैनिक पंचांग

**03 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**बुधवार** 2024 वर्ष का तीसरा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** सप्तमी 19.49 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 14.46 बजे को समाप्त। **योग** शोभन 06.21 बजे को समाप्त। **करण** बव 19.49 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 53'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871847
**जूलियन दिन** 2460312.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 20
**विशेष** मासिक कृष्ण जन्माष्टमी।

| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | धनु में |
| चंद्र | कन्या में |
| मंगल | धनु में |
| बुध | वृश्चिक में |
| गुरु | मेष में |
| शुक्र | वृश्चिक में |
| शनि | कुंभ में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 12.00 से 1.30 बजे तक


| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मकर | 07.34 बजे से |
| कुंभ | 09.20 बजे से |
| मीन | 10.53 बजे से |
| मेष | 12.24 बजे से |
| वृष | 14.04 बजे से |
| मिथुन | 16.02 बजे से |
| कर्क | 18.15 बजे से |
| सिंह | 20.31 बजे से |
| कन्या | 22.43 बजे से |
| तुला | 00.54 बजे से |
| वृश्चिक | 03.09 ब.से |
| धनु | 05.25 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### 5 व 6 जनवरी को आयोजित होंगी प्रमंडलस्तरीय प्रतियोगिताएं




**बरही ।** आगामी 5 और 6 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के चरित्र पर आधारित प्रमंडलीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा आयोजित किया जायेगा। इसमें प्रमंडल स्तरीय पेंटिंग, निबंध, क्विज, युवा संसद भाषण एवं निबंध लेखन निबंध लेखन कीजिए एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. प्रमंडल के 15 से 29 वर्ष तक के आयु वर्ग के युवा एवं विद्यार्थी 3 जनवरी तक भाग ले सकते है. इसके लिए प्रतिभागी का जन्म 1 जनवरी 2009 के बाद एवं 1 जनवरी 1995 से पहले का नहीं होना चाहिए. विभाग की ओर से सभी प्रतियोगिता से संबंधित विषय की सर्वोच्च पांच विजेताओं को प्रत्येक समूह में प्रथम, द्वितीया ,तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम पुरुस्कार स्वरूप क्रमशः रुपए 10000/- ,8000/- ,6000/- 4000/- एवं 2000/- के नगद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा. इसके साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभगियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी दिए जायेंगे।

### नए सड़क दुर्घटना कानून के विरोध का दिखा असर,नहीं चले वाहन



**हजारीबाग।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में बनाए गए नए सड़क दुर्घटना कानून को लेकर झारखंड में चालकों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। नए कानून के विरोध में हजारीबाग में भी इसका असर मंगलवार को देखा गया । हजारीबाग प्राइवेट बस स्टैंड में वाहन चालकों और अन्य स्टाफो द्वारा विरोध को लेकर चक्का जाम किया गया। चक्का जाम होने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा खास कर बाहर से आये यात्री इस विरोध प्रदर्शन के कारण काफी परेशान दिखे।

### नाबालिग थाने में की दुष्कर्म की लिखित शिकायत

**रामगढ़** नववर्ष पर पतरातू डैम घूम कर लौट रही एक नाबालिग लड़की के साथ पतरातू थाना अंतर्गत ऑर्किड स्कूल के पास दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया। घटना को लेकर पीड़िता ने अपने परिजन के साथ मंगलवार को थाना पहुंचकर लिखित शिकायत की। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि सोमवार को वह अपनी सहेली के साथ पतरातू डैम घूम कर घर लौट रही थी। इसी दौरान खैरा मांझी द्वार से कुछ दूरी पर स्थित ऑर्किड स्कूल के पास 5-6 युवक उक्त दोनों को घेर लिया। जिसमें से कुछ युवक मेरी सहेली के साथ छेड़छाड़ करने लगे।

#### अपनी मांगों को लेकर ट्रक चालकों ने रखा दूसरे दिन भी जीटी रोड जाम

# अंचल अधिकारी व पुलिस जाम हटाने का करते रहे प्रयास, लाखों परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। संवाददाता, बरकट्ठा।** प्रखंड के जीटी रोड स्थित बरकट्ठा चौक के पास मंगलवार को ट्रक ड्राइवरों के आंदोलन में दूर-दूर से गाड़ी के ड्राइवर और मालिक पहुंचकर बरकट्ठा जीटी रोड को सुबह नौ बजे से 2:30 तक रहा। जाम छुड़वाने के लिए बरकट्ठा प्रशासन काफी मशक्कत करती दिखी। जाम लगने से लगभग 10 किलोमीटर तक गाड़ियां खड़ी हो गई और रोड अस्त व्यस्त हो गया।मौके पर बरकट्ठा पुलिस, अंचल अधिकारी मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, मुखिया अब्बास अंसारी वाहन चालकों को समझा बूझकर हड़ताल तोड़वाने का प्रयास कर रही थी। मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने कहा एक जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर बस, ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा आदि सभी प्रकार के वाहन बंद रखने के साथ-साथ अपनी मांगों को लेकर बरकट्ठा मोड़ के पास जीटी रोड को जाम किये हुए हैं जिनका मैं समर्थन करता हूं।भारत सरकार के द्वारा 2023 मोटर व्हीकल एक्ट के विरोध में रोड जाम किया गया है। मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा इस काले कानून में किसी भी तरह के वाहन चालकों का द्वारा दुर्घटना हो जाती है तो चालक गाड़ी छोड़कर भाग जाता है या वाहन लेकर भाग जाता है। इसके बाद वाहन चालकों को 10 वर्ष जेल की सजा एवं 10 लाख रुपए जुमार्ना की सजा का प्रावधान रखा गया है। इस काले कानून का हम सभी को सामना करना पड़ेगा। चाहे स्वयं की गाड़ी ,बाइक चलाना हो। इन सभी को इस काले कानून का सामना करना पड़ेगा।कहा कि ट्रक ड्राइवर को काफी समर्थन मिल रहा है । मौके पर जाम करने वालों में नीरज कुमार, जनार्दन यादव, सुभाष लाल, राहुल कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में ड्राइवर व आसपास के लोग उपस्थित थे।

# साल के प्रथम दिन युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा पहुंचे मां भद्रकाली के दरबार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा अपनी धर्मपत्नी एवं बच्चों के संग मां भद्रकाली मंदिर परिसर पहुंचकर मां काली एवं भगवान शिव की पूजा अर्चना किए,पुजारी के द्वारा पूजा अर्चना पूरी विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। इसके बाद युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने मंदिर परिसर के समक्ष असहाय, गरीब तथा जरूरतमंद लोगों की सेवा की। मौके पर हर्ष अजमेरा ने जिले वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर जिले वासियों की सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना किया हूं। यह वर्ष हम सभी के लिए एक नई उम्मीद तथा ऊर्जा से परिपूर्ण हो ऐसी ईश्वर से कामना करता हूं। साथ ही कहा की परिवार संग मंदिर परिसर के समक्ष गरीब, जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## न्यूज बॉक्स

### हिट एंड रन कानून जल्द से जल्द वापस ले केंद्र सरकारः अमित साहू



**रामगढ़।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने 2 जनवरी को केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए कानून हिट एंड रन बिल पर भारी आक्रोश दिखाते हुए इसे जल्द से जल्द सरकार से वापस लेने की मांग की है। श्री साहू ने कहा कि यह बिल देश भर के करोड़ों वाहन चलकों के भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ है। केंद्र सरकार को इस प्रकार का बिल बनाने के पहले चेंबर और ट्रांसपोर्ट यूनियन से पहले वार्ता करनी चाहिए। अमित साहू ने केंद्र सरकार से इस बिल की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इंश्योरेंस में जो थर्ड पार्टी की व्यवस्था है केंद्र सरकार को उसको स्पष्ट एवं सरल करनी चाहिए ताकि दुर्घटना में मृत व्यक्तियों को जल्द से जल्द थर्ड पार्टी का मुआवजा मिल सके।

### कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, बच्चों ने ली प्रकृति की जानकारी



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा के वर्ग आठ तक के छात्रों को शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत स्थित कोसो डैम का लोगों ने भ्रमण किया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद चौधरी ने बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लाभ बताया। उन्होंने प्रकृति का महत्व समझाते हुए कहा कि हम सबों को प्रकृति का दोहन नहीं करना चाहिए। हम सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। मौके पर उपस्थित शिक्षिका कलावती कुमारी ने भी बच्चों को डैम का महत्व तथा पर्यावरण का महत्व को समझाते हुए कहा कि डैम से हमलोगों को अनेकों लाभ हैं ।बच्चों ने वहीं स्थित आसपास के जंगल क्षेत्र का भ्रमण किया तथा इस दौरान शिक्षकों ने उन्हें कई औषधीय पेड़ पौधों के संबंध में बताया। भ्रमण के पश्चात बच्चों ने पिकनिक में लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया । मौके पर शिक्षक कालेश्वर महतो, अशोक विश्वकर्मा, कीर्तन चंद्र, बराट सुंदर तुरी, सुखदेव प्रसाद, सहदेव नायक, अनिल कुमार, रवि कुमार यादव शिक्षिका कलावती कुमारी, मोनिका देवी, कविता देवी, रुक्मिणी देवी, अंजू देवी, पूजा कुमारी एवं सैकड़ो की संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### होल्डिंग टैक्स वृद्धि के विरोध में आंदोलन की रणनीति तय करने को लेकर बैठक आयोजित



**रामगढ़।** नगर परिषद रामगढ़ द्वारा होल्डिंग टैक्स में बेहताशा वृद्धि को लेकर नगर परिषद का घेराव करने को लेकर मंगलवार को सरना उच्च विद्यालय कोठार में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक हुई। बैठक में होल्डिंग टैक्स वृद्धि को लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से गिरी शंकर महतो, रवि महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, देवानंद महतो, पवन महतो, देवेंदर महतो, त्रिभुवन महतो, कुंज लाल महतो, छटू महतो, प्रमोद महतो, बिनोद कुमार महतो, सुलेखा कुमारी, ममता देवी, ललिता देवी, भारती कुशवाहा, लीलावती महतो, भीमराज कुमार, नेमी महतो, कुलेश्वर महतो, खिरोधर महतो, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार महतो, प्रेम कुमार, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे उपस्थित थे।

### प्रखंड के 84 पीडीएस दुकानदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं




**बरही।** बकाया कमिशन के भुगतान और कमीशन वृद्धि को लेकर प्रखंड के कुल 84 पीडीएस दुकानदार 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पांडेय ने बताया कि 2022 के कोरोना अवधि के समय के 14 माह सहित नवंबर व दिसंबर का कमिशन अब तक अप्राप्त है। वही जनवरी, फरवरी और मार्च 23 का भी भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में अब तक कोई सकारात्मक पहल नही किए गए है। करीब 80 फीसदी ऐसे डीलर है जिन्हे पांच हजार रुपए से भी कम कमिशन मिल पाता है। ऐसे डीलर किसी प्रकार अपना जीवन यापन कर रहे है। कम कमिशन के बाबजूद अनियमित भुगतान से वे सभी परेशान है। डीलर संघ इस संबंध में सरकार को कई बार अल्टीमेटम भी दिया है। परंतु कोई पहल नही हुई। अंततोगत्वा बाध्य होकर पीडीएस दुकानदारों को हड़ताल पर जाना पड़ा है। बीसीओ संजय कुमार ने बताया कि डीलरो को दिसंबर माह तक का राशन दिया जा चुका है। पांच तारीख से राशन वितरित किए जाते और मशीन खुलता है। ऐसे में पांच तारीख के बाद ही पता चल पाएगा कि कितने दुकानदार हड़ताल पर है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्रा रुद्रा सिंह ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता गोल्ड



**हजारीबाग।** रांची में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली,हजारीबाग की बहन रूद्र सिंह ने गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है ।मंगलवार को विद्यालय की वंदना सभा में प्रभारी प्राचार्य, डॉ राजीव रंजन ने बहन रुद्रा सिंह को बधाई देते हुए सम्मानित किया ।उन्होंने कहा कि आप इसी प्रकार सभी परीक्षाओं एवं प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। बहन रुद्रा सिंह के पिता शशि रंजन सिंह शिक्षक हैं एवं उनकी माता गृहिणी है ' विद्यालय के सभी आचार्य बंधु -भगिनी ने भी बहन रुद्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

#### अबुआ आवास की सूची को लेकर आठ पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन

# लोगों ने लगाया पक्षपात का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची तैयार करने को लेकर धनवार, भंडारों, गौरियाकरमा, रसोईया धमना, दुलमहा, करसो, विजैया और डपोक सहित कुल 8 पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। गहमा गहमी के बीच आयोजित इस ग्राम सभा में जम कर आरोप प्रत्यारोप चला। गौरिया करमा में मुखिया कुमारी मीरा व पंचायत समिति सदस्य गिरधारी लाल यादव, धनवार में मुखिया राजेंद्र प्रसाद, भंडारों में मुखिया पति सकलदेव यादव, पंसस मो इलियास, बरसोत में मुखिया मोतीलाल चौधरी, दुलमहा में मुखिया नारायण यादव आदि सहित पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य और सैकड़ों की संख्या में आवेदक मौजूद थे। भंडारों पंचायत के कुछ लोगों ने बताया कि उनके गांव में सर्वे भी नहीं कराया गया है। वहीं पंचायत समिति सदस्य के पति ने बताया कि ग्राम सभा में सूची बनाए गए थे जिसे संशोधन के लिए मुखिया ने अपने पास रखा है। वहीं मुखिया पति ने बताया कि उनके पंचायत में 766 आवेदन आए हैं। जो सक्षम हैं उन्होंने भी आवेदन दिया है। प्रत्येक दृष्टि से विचार करते हुए नियमसंगत तरीको से एक दो दिन में सूची तैयार कर लिए जाएंगे। कमोबेश यही स्थिति सभी पंचायतों में देखने को मिली। विदित हो कि जनता दरबार के दौरान सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास के ही आए थे। जिसका प्रखंड की कमिटी ने स्थल निरीक्षण कर सर्वे किया। उस सर्वे के आधार पर तीन वर्षो के लिए ग्राम सभा आयोजित कर प्राथमिकता के आधार पर सूची तैयार किए जा रहे है।

#### हिट एंड रन कानून का बरही में भी दिखा विरोध

# एक अप्रैल से संशोधित कानून किया जायेगा लागू



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** हिट एंड रन कानून का विरोध का असर बरही के सड़कों पर भी दिखा। विशेषकर भारी वाहनों की संख्या कम दिखी। विरोध में कई ट्रक व ट्रेलर चालक रास्ते और होटल या ढाबा पर अपने वाहन खड़े कर दिए। कई स्थानों पर टायर जलाकर इस कानून का विरोध किया गया।

**क्या है हिट एंड रन कानून :** भारतीय न्याय संहिता के तहत वाहन से दुर्घटना होने के बाद चालक के फरार होने की स्थिति ने कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। इस संशोधित कानून पर संसद की सहमति मिल चुकी है। एक अप्रैल से यह कानून लागू हो जायेगा। जिसके एक प्रावधान के लिए वाहन चालकों में रोष है। नए कानून के तहत दुर्घटना के बाद घटना स्थल से भागने वाले वाहन चालकों को दो वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष की सजा और 10 लाख तक के जुर्माना भी देना पड़ेगा। सूत्रों की माने तो सरकार का तर्क है कि प्रतिवर्ष करीब पचास हजार से अधिक जाने सड़क दुर्घटना में हो रही है। जिसमें कई जाने दुर्घटना के बाद फरार हो जाने से हो रही है। जिसे वाहन चालक बचा सकते है। पर ऐसा नहीं कर रहे है।

# निर्धारित अवधि में सूचना नहीं मिलने पर प्रार्थी ने की कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना को निर्धारित अवधि में जानकारी नहीं मिलने पर प्रार्थी ने प्रथम अपीलीय प्राधिकारी सह एसपी कार्यालय में अपील दायर किया है। यह अपील बरियठ्ठा निवासी उमेश कुमार यादव ने एसडीपीओ कार्यालय के खिलाफ आवेदन दिया है। आवेदन में बताया गया है कि सूचना के अधिकार 2005 के तहत 16 अक्तूबर को एक केश के सिलसिले में दो महत्वपूर्ण विंदुओं पर एसडीपीओ बरही कार्यालय से सूचना मांगी गई थी। इसकी प्रति एसपी कार्यालय को भी प्रेषित की गई थी। एसपी कार्यालय पत्रांक 2522 दिनांक 28 अक्तूबर को पर एसडीपीओ कार्यालय को स्थानांतरित किया गया था। परंतु निर्धारित अवधि समाप्त होने के बावजूद भी उन्हें सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इस संबंध में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी सह एसपी हजारीबाग से उचित कारवाई करते हुए सूचना उपलब्ध करवाने की मांग किया है।

#### नये साल के आगमन पर पिकनिक स्थल हुए गुलजार

# विधायक, पूर्व विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने लोगों को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया। लोग सोमवार के अहले सुबह से ही एक दूसरे को नये साल की बधाई देते नजर आए। बरकट्ठा के विभिन्न स्थानों में लोगों की भीड़ पिकनिक स्पॉट पर युवाओं की टोली ने डीजे की धुन पर नाच गाकर नव वर्ष का जमकर जश्न मनाया। पर्यटन स्थल सुर्यकुंड में दूर दराज इलाकों से बडी संख्या में लोग पिकनिक मनाने जुटे। सुर्यकुंड के अलावे पतालसुर नदी तट, बेलवा नदी घाट, बरसोती नदी घाट, निशनलगवा पहाडी झरना, चूना पत्थर वॉटरफॉल, पार बरसोती नदी शिलाडीह समेत अन्य स्थानों पर लोगों की काफी भीड देखीं गई। नव वर्ष पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी,जिप सदस्य कुमकुम देवी,जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, मुखिया अब्बास अंसारी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने लोगों को नव वर्ष के मौके पर शुभकामनाएं दी है ।वहीं नववर्ष के मौके पर धार्मिक पर्यटक स्थल सूर्यकुंड में दुर दराज क्षेत्रों से पहुंचे हजारों लोगों ने गर्मजल कुंड में स्नान कर प्राचीन मंदिर और सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना की।

#### यह कानून न आम लोगों के हित में है और न ही चालकों के हित में

# काले कानून का वापस ले केंद्र सरकार नहीं तो आंदोलन जारी रहेगा : अरूण कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के सचिव अरूण कुमार सिन्हा ने मंगलवार को केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों द्वारा किये जा रहे तीन दिवसीय आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के तहत यदि किसी वाहन चालक द्वारा दुर्भाग्यवश दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो इसके लिए चालक को 10 साल की सजा और 7 लाख के जुमार्ना का प्रावधान किया गया है, जो अनुचित है। उन्होंने केंद्र सरकार के इस कानून पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की वाहन चालक और मालिक पहले से डीजल और पेट्रोल के दाम में बेतहासा वृद्धि से परेशान हैं और इस कानून के आने से उनकी परेशानी और भी बढ़ गयी है। श्री सिन्हा ने कहा की कोई भी वाहन चालक यह नही चाहता की वाहन चलाते समय उसके वाहन से एक चिंटी की भी मौत हो। दुर्भाग्यवश इस तरह की घटनाएं होती हैं। अरूण कुमार सिन्हा ने कहा की जब कहीं दुर्घटना होती है तब लोग बजाय घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने की वाहन चालक को पीटने लगते हैं। जबकि इस तरह की घटनाएं नही होनी चाहिए। कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबतक कभी भी जनहित में कोई कार्य नही किया है और वे लोगों की परेशानियों को बढ़ाने का कार्य करते हैं। केंद्र सरकार का हिट एंड रन कानून भी आमलोगों की मुश्किलों को बढ़ाने वाला कार्य है।

### हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चलकों ने बंद रखा वाहनों का परिचालन



केंद्र सरकार द्वारा लाये गए हिट एंड रन कानून के विरोध में 2 जनवरी को वाहन चलकों ने पूरे जिले में वाहनों का परिचालन ठप रखा । जिससे लोगों को आने जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा । वाहन चलकों ने कहा की यदि केंद्र सरकार इस कानून को वापस नहीं लेगी तो हम व्यापक पैमाने पर आंदोलन करेंगे । वाहन चालकों ने सुभाष चौक, रांची रोड, कोठार ओवरब्रिज के पास सड़क जाम किया। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# पीडीएस डीलरों का छलका दर्द कहा हमारी सेवा का उचित सम्मान नहीं मिलता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जन वितरण प्रणाली के दुकानदार पिछले दो दिनों से हड़ताल पर हैं ।जिसके कारण अनाज वितरण ठप्प है ।उनका कहना है कि पिछले बर्षो से हम केंद्र और राज्य सरकारों तक लगातार गुहार करते आ रहे हैं लेकिन सरकार ने कभी इसे गंभीरता से नहीं लिया। सरकार की सबसे बड़ी योजना को चलाने वाले स्वयं अपने परिवार का भरण पोषण करने से लाचार होने लगे,उल्टे उनसे खाद्धान्न बितरण के अलावे अन्य कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती रही और मानसिक, आर्थिक रूप से शोषण भी किया जाता रहा है,एक साल पुर्व बितरित कर दिये गये अनाजों के कमीशन का भुगतान तक नहीं हो पाया, विभाग लगातार इसे टालती रही ,घटिया ई भार मापक यंत्र देकर कंपनी को फायदा पहूंचाना ,डीलरों से रिपेयरिंग के नाम पर हजारों रुपए की वसूली करते हुए उल्टे डीलरों को ही दोषी ठहराना,मंत्री द्वारा 2ॠ को 4ॠ में बदलने का झूठा बयान देते रहना,अनुकंपा के नियमों में बदलाव कर सैंकड़ों जन वितरक परिवार को भूखे मरने के लिए मजबूर कर देना झारखंड सरकार की उपलब्धि है ।सरकार के इन्ही नकारात्मक रवैए से खिन्न होकर राज्य के विक्रेताओं नें मजबूर होकर ऐसा निर्णय लिया।

## एक नजर

### झामुमो बानो प्रखंड समिति भंग,संयोजक मंडली का हुआ गठन

**बानो।** झामुमो प्रखंड कमेटी की निष्क्रियता को देखते हुए कमिटि को भंग कर दिया गया है। झामुमो जिला समिति की बैठक में नौ सदस्यीय संयोजक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें जिप सदस्य बिरजो कंडुलना, धर्मदास टोपनो, प्रमुख सुधीर डांग, ललित बड़ाइक, मो तनवीर हुसैन, तुरतन गुड़िया, अनिल लुगुन, जकारिया कंडुलना एवं समुएल बुढ़ को सम्मिलित किया गया। संयोजक मंडली को 15 दिन के अंदर पंचायत समिति का गठन करते हुए जिला कमेटी को रिपोर्ट भेजने की बात कही गई है। जिला समिति के अध्यक्ष अनिल कंडुलना, सचिव सफीक खान आदि ने नव गठित मंडली के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कुशल नेतृत्व में कमिटि का गठन करने की बात कही है। गौरतलब प्रखंड अध्यक्ष नामजन जोजो झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है, जिसके बाद संगठन में प्रखंड समिति निष्क्रिय हो गई थी जिसको लेकर कार्रवाई की गई।

### कोंनजोगा पहाड़ में एतेहासिक पुस मेला का किया गया आयोजन

**सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोंनजोगा पहाड़ में प्राचीन कालीन एतेहासिक पुस मेला का आयोजन किया गया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस पर झारखंड के कई बड़े कलाकारों के द्वारा गीत संगीत से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया वहीं इधर आयोजन समिति के द्वारा रात भर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा महामंत्री मुनेश्वर तिर्की विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार के द्वारा रिबन काटकर कार्यक्रम का शुरूआत किया।मौके पर भाजपा कार्य समिति सदस्य रणधीर प्रसाद सिंह प्रखंड उपाध्यक्ष रूपलाल महतो, प्रखंड युवा मोर्चा महामंत्री महेश सिंह, युवा मोर्चा मंत्री राजन राम, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सखी लोहरा एवं तमाम आम जनता गण उपस्थित थे।

### देवनारायण व शशिभूषण कोडरमा रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बने

कोडरमा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी और जिला मंत्री शशिभूषण प्रसाद को कोडरमा स्टेशन रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। इस पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओ उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि वे रेलवे की समस्या को बैठक में रखने का काम करेंगे। बधाई देने वालों में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ नीरा यादव, जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, जिला महामंत्री अनूप जोशी, राजकुमार यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, रवि मोदी, रामचन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह आदि शामिल हैं।

### झपला गांव में 25 वर्षीय जुबिली समारोह सह नववर्ष मिलन समारोह आयोजित

# झारखंड सरकार ने राज्यवासियों के विकास के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू की : अनिल कंडुलना



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** मंगलवार को कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत टूटीकेल पंचायत के झपला राजस्व गांव कुसुम टोली,बांस टोली, एर्गा झरिया, बंधडीपा, सोकोरला ने संयुक्त रूपसे 25 वर्षीय जुबिली सह नववर्ष मिलन समारोह सामूहिक मण्डलीयों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मुखिया अतिथि झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना ने उत्सव का फीता काट कर उद्घाटन किया। तत्पश्चात सभी का स्वागत धूमधाम से किया गया। मौके पर एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अनिल कंडुलना ने कहा नए साल की शुरूआत हर साल हमें नई आशाएं, सपने और संभावनाएं लेकर आती है। यह एक समय है जब हम अपने पिछले साल के अनुभवों को समीक्षा करते हैं और नए उद्देश्यों को सामने रखकर आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं। नए साल में हम नई शुरूआत का स्वागत करते हैं। यह विशेष दिन हमें सबके साथ मिलकर खुशियों को आपस में बांटने का मौका देता है। हम अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर इस खास मौके को और खास बनाता है।अनिल कन्डुलना ने कहा झारखंड सरकार, झारखंड के अमर वीर शहीद और महान क्रांतिकारी के सपने को साकार करने वाले राज्य के सतत विकास की ओर ले जाने का काम कर रही है। झारखंड के विकास में, यहाँ के गरीब गुरूबा और शोषित आदिवासियों को ध्यान में रखा जा रहा है। यहाँ के मूल निवासियों के हक-अधिकारों का सम्मान किया जा रहा है। झारखंड को विकसित राज्य के समकक्ष ले जाने के क्रम में यहाँ के गाँव, जल, जंगल, जमीन और संस्कृति पर भी ध्यान दिया जा रहा है। राज्य और राज्यवासियों के विकास के लिए अनेक लोक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। शिविरों के माध्यम से लोगों को अबुआ आवास, गुरूजी क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन एवं अबुआ वीर अबुआ दिशोम जैसी संस्था के लाभ के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र भी शिविर के माध्यम से दिए गए मोके पर अनिल कांडुलना, सिप्रियन कांडुलना, दयामनी कांडुलना, रूबेन कांडुलना, सुनील कांडुलना, युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो कोलेबिरा झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे, झामुमो प्रखंड सचिव वकील खान, पियूस लुगुन, डियोनिस लुगुन और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आदिवासी महासभा युवा मोर्चा कमेटी के संस्थापक दुर्गा सिंह घटवार का जन्मदिन मना

**डोमचांच।** प्रखड के सुदूरवर्ती क्षेत्र स्थित ढोढाकोला पंचायत भवन में घटवार घटवाल आदिवासी महासभा युवा मोर्चा कमेटी की ओर से संस्थापक दुर्गा सिंह घटवार का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। अध्यक्षता पंचायत मुखिया सीता देवी और संचालन रौशन सिंह घटवार ने किया। इस दौरान घटवार युवा मोर्चा जिला कमेटी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल और छात्र-छात्राओं के बीच कॉपी, कलम, किताब का वितरण किया गया। मौके पर झारखंड प्रदेश की महिला नेत्री सोनिया देवी, बिहार के सवैयाटांड़ पंचायत के मुखिया नारायण सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष किशुन सिंह,जिला सचिव भागीरथ सिंह घटवार मौजूद थे। जिला उपाध्यक्ष संजय राय,जिला कोषाध्यक्ष महेश सिंह, गणेश सिंह, राजेश सिंह, शंभू सिंह, बहादुर सिंह, मोती सिंह, कुमार सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, बसंती देवी, वार्ड सदस्य महादेव सिंह, गुड़िया देवी, कुंती देवी, ललिता देवी, सहदेव सिंह, शिबू कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, देवंती देवी, सोमरी देवी, मंगरी देवी, आशा देवी, रेणु देवी आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### ई-रिक्शा और वाहन के टक्कर में एक की मौत चार लोग हुए घायल



**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत होली फैमिली हॉस्पिटल के समीप सोमवार की रात तिलैया से कोडरमा की तरफ आ रही एक ई -रिक्शा को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। इसमें ई-रिक्शा पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना में घायल पुरनानगर निवासी सुमित कुमार पांडेय (26 ) ने बताया कि होली फैमिली हॉस्पिटल के समीप एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दिया,जिससे ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में सुमित कुमार पांडेय, उनके भाई अमित कुमार पांडेय व सुजीत कुमार के अलावे ई रिक्शा ड्राइवर शमशेर आलम घायल हो गए। जबकि जलवाबाद निवासी सवारी इम्तियाज अहमद की इस दुर्घटना में मौत हो गई। घायलों का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

### दुर्गापुर में आयोजित ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सिमडेगा के खिलाड़ियों ने जीते 21 पदक



सिमडेगा। 29 एवं 30 दिसम्बर 2023 दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता दुगार्पुर बंगाल के ओडीसी क्लब चांदीदास पूजा ग्राउंड कैम्पस में स्टीयर फाउंडेशन पश्चिम बंगाल की ओर से आयोजित किया गया था। इस खेल प्रतियोगिता में सिमडेगा जिले के 21 खिलाडी भाग लिए थे। ये खिलाडी झारखंड सरकार के द्वारा महत्वाकांक्षी योजना नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आत्मरक्षा एवं रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा जैसे योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राएं जो बेहतर कर रहे हैं को चुनकर प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। और खिलाड़ियों के द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण पदक, 10 रजत पदक एवं 7 कांस्य पदक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर लौटे। खिलाड़ियों के सिमडेगा लौटने पर सामाजिक कार्यकर्त्ता अगुस्टीना सोरेंग ने विजयी टीम के कोच एवं कोर्डिनेटर दयाराम मेहर, पप्पू कुमार, टीम मैनेजर रीतु रानी लकडा को बधाई देते हुए संविधान की परीचय पुस्तिका पूरे टीम को भेंट किया।

### सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक ने बुजुर्गो व जरूरतमंदों के बीच बांटी ऊनी टोपी



**ठेठईटांगर।** प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बडाईक के द्वारा बढ़ती ठंड का प्रकोप को देखते हुए शाम 5:00 बजे ठेठईटांगर मुख्यालय चौक के पास ठंड से बचने के लिए वृद्धों, बुजुर्गों,गरीब असहाय, व जरूरतमंदों के बीच टोपी का वितरण किया। मौके पर उन्होंने सभी बुजुर्गों को ठंड से बचने की सलाह दी और कहा कि ठंड काफी बढ़ गया है, ऐसे में अपने आप को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है ताकि ठंड से किसी प्रकार की कोई भी परेशानी उत्पन्न न हो। गौरतलब हो इससे पूर्व उनके द्वारा चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की थी ,इसके अलावा कंबल का भी वेतन किया था ताकि क्षेत्र के लोगों को किसी प्रकार की कोई भी परेशानी ना हो । इधर लोगों ने सांसद प्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया है।

### सड़क हादसे में घायल युवती की इलाज के क्रम में हुई मौत

सिमडेगा। सिमडेगा सदर अस्पताल में सड़क हादसे में घायल युवती की इलाज के क्रम में मंगलवार की सुबह मौत हो गई।युवती की पहचान कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत टकबा तेतरटोली गांव निवासी आसमा सोरेंग के रूप में हुई। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम करवाते हुए परिजनों को शव सौप दिया। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह के पास सोमवार की देर शाम पिकनिक मना कर एक ही बाइक पर दो युवक एवं युवती अपने घर की ओर जा रहे थे ।इसी दौरान सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल सवार द्वारा धक्का मार दिया और फरार हो गया ।मौके पर गिरने की वजह से युवती और एक युवक घायल हुआ ,जिन्हें कोलेबिरा अस्पताल लाया गया। जहां पर युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा जहां पर इलाज के क्रम में युवती की मौत हो गई।

### पानी की समस्या को लेकर बीरु गांव के ग्रामीणों से मिले भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा



सिमडेगा। भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा मंगलवार को भाजपा बीरु मंडल अध्यक्ष धनश्याम सिंह के साथ में क्षेत्र किया। भ्रमण के दौरान जोकबहार पंचायत के डोंगापानी, पुरनाडीह , बाजार टोली, के ग्रामीणों से मुलाकात किए एवं उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। भ्रमण के दौरान डोंगा पानी, पुरनाडीह , बाजार टोली, के ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि काफी दिनों से हमारे गांव का चापाकल और जल मीनार खराब होने से पानी की समस्या हो रही है। ड़ाड़ी,चुंआ से पानी लाकर गृहस्थ जीवन बसर कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम डोंगा पानी में तीन चापाकल एक जलमिनार, पुरनाडीह में तीन चापाकल और एक जलमिनार, बाजार टोली में एक जलमिनार खराब पड़ा है।ग्रामीणों की समस्या सुनने के पश्चात श्री बेसरा ने पीएचडी विभाग सिमडेगा जेई से फोन द्वारा बातचीत किया एवं समस्या से रूबरू कराया तथा समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने को कहा।इसके अलावा जल मीनार लगाने वाला कम्पनी के मैनेजर से भी बातचीत कर खराब जल मीनारों को जल्द से जल्द दुरूस्त करने को कहा।मौके पर पूर्व मुखिया चंदेश्वर मुंडा, जवाहर प्रधान, फूलसिंह प्रधान, कृष्णा प्रधान, चरकू प्रधान, कलिंदर भोक्ता, मुड़िया से सुरेंद्र मेहर, रंजीत प्रधान, प्यारा साहू इत्यादि भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# हादसों से भरा रहा नववर्ष का दूसरा दिन कई लोग हुए घायल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा में इन दोनों रफ्तार का कहर लगातार देखने को मिल रहा है। अलग-अलग स्थान में प्रत्येक दिन सड़क हादसे से कई लोग घायल हो रहे हैं। नववर्ष का दूसरा दिन मंगलवार को भी दिनभर हादसों से भरा रहा ,पहला मामला सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लसिया के पास की है जहां पर कुल्लूकेरा गांव निवासी सुरेंद्र राम नाम युवक मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दूसरा मामला बानो के हुरदा के पास की है जहां पर आनंद कोटवार नामक युवक मोटरसाइकिल से गिरा इसके बाद उसके पैर में चोट लगी। वहीं तीसरा मामला सिमडेगा शहरी क्षेत्र के भट्टीटोली के पास की है ।जहां पर साइकिल सवार 40 वर्षीय सूचित केरकेट्टा व्यक्ति को अज्ञात मोटरसाइकिल ने धक्का मारा ,जिससे उसका पैर टूट गया। इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे रेफर कर दिया गया। चौथा मामला हेलनपुर के पास स्कूटी एवं मोटरसाइकिल में सीधी भिड़ंत हुई जिसमें खूंटी टोली निवासी अमन हैरेंज एवं कोका-कोला कंपनी के सेल्स ऑफिसर सालखन हसदा नामक व्यक्ति घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। इसके अलावा बनाबिरा निवासी अंकित कुमार गुप्ता नामक युवक मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गया इसके अलावा कुरुशकेला के पास बिलिंगबिरा महतो निवासी रोबिन बाघवार नामक युवक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सिमडेगा में ईसाई समुदाय के वैवाहिक कार्यक्रमों ने पकड़ा जोर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** क्रिसमस खत्म होते ही ईसाई समुदाय में वैवाहिक कार्यक्रमों ने जोर पकड़ा है। शादी समारोह के कारण जिले के गिरजाघर भी गुलजार हैं। एक दिन में चर्चों में चार से पांच जोड़े की शादी हो रही है। चर्च के पुरोहित भी शादी करवाने में ही व्यवस्त है।जानकारी के अनुसार पिछले छह दिनों में जिले में लगभग तीन दर्जन जोड़े की शादी हुई है।जबकि अभी भी दर्जनों जोड़ों ने शादी के लिए चर्च में आवेदन दिया है। बता दें कि क्रिसमस के बाद जिले के ईसाई समुदाय के लोगों में वैवाहिक कार्यक्रम जोर पकड़ता है। अधिकतर लोग क्रिसमस पर्व मनाने के लिए नव वर्ष तक छुट्टी लेकर घर आते हैं। जिसको देखते हुए लोग इसी दौरान वैवाहिक जैसे कई कार्यक्रम निपटा लेना चाहते हैं। इधर ईसाई समुदाय में बढ़े वैवाहिक कार्यक्रमों को देखते हुए टेंट, कूक, डीजे बाजा, भाड़ा वाहन आदि की चांदी है। लोग मनमाने ढंग से भाड़ा वसूलने में लगे हैं। इधर कोलेबिरा के लचरागढ़ पल्ली में भी शादी समारोह की धूम है। यहां वैवाहिक कार्यक्रम पल्ली पुरोहित फा एरिक कुल्लू की अगुवाई में संपन्न कराया जा रहा है। जहां उनके सहयोगी के रुप में फा विलियम तिर्की, फा ख्रिस्तोफर केरकेट्टा, फा विलियम केरकेट्टा आदि मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। पुरोहितों ने बताया कि चालिसा काल तक वैवाहिक एवं अन्य पवित्र कार्यक्रम संपन्न होंगे।

# नहीं रहे जलडेगा रामलीला में बजरंगबली की भूमिका निभाने वाले बेचू नायक



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** हनुमान की किरदार जय बजरंग बली की जयकारा लगाने वाले एवं अपने कला और आवाज के धनी बेचू नायक का मंगलवार को परमधाम वासी हो गया, मंगलवार को प्रातः अपने निजी आवास में बेचू नायक जी ने अंतिम सांय त्यागा बेचू नायक के मृत्यु से जलडेगा मआर्मत है। दुर्गा पूजा समिति के सचिव महेश साहू व अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल ने कहा दुर्गा पूजा समिति को एक कर्मठ सदस्य एवं नवयुवक संघ रामलीला नाटक मंडली को एक उम्दा कलाकार खोया है। समिति एवं नाटक मंडली को बेचू नायक की हमेशा कमी खलेगी भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे 1957 रामलीला नाटक के शुरूआत दिनों से लगातार 63 वर्षों तक बजरंगबली के रूप किरदार किया। भगवान श्रीरामजी अपने चरणों में स्थान दें। बेचू नायक के निधन पर जलडेगा दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संघ रामलीला नाटक मंडली के सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में राजू साहू, महेश साहू, रामअवतार अग्रवाल, विश्वनाथ साहू, बसंत साहू, महाप्रसाद सिंह, रामेश्वर सिंह, मदन सरकार, सुभाष साहू, अरूण कुमार मिश्रा, समेत समाजसेवी एवं प्रबुद्ध लोग ने भी शोक व्यक्त किया है।

# हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत हुआ शिविर पूर्व विधायक रहीं मौजूद




**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम मंगलवार को सिकरीयाडांड पंचायत में रखी गई ।जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विमला प्रधान ,सांसद प्रतिनिधि दीप नारायण दास ,प्रखंड अध्यक्ष मनिंदर बिंझिया ,युवा भाजपा जिला अध्यक्ष अजय सिंह, मीडिया प्रभारी सह ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सीताराम प्रसाद उपस्थिति हुई। मुखिया के स्वागत भाषण के बाद मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सभी लाभार्थी पारी- पारी से प्रधानमंत्री जके जन कल्याण योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा किये। सांसद प्रतिनिधि ने अपने संबोधन में कहे की केंद्र सरकार के सभी योजनाओं को सभी ग्रामीणों तक सुलभ तरीका से पहुंचने का प्रखंड के पदाधिकारी को दिशा- निर्देश दिए। विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दिए ।पूर्व विधायक सह मंत्री विमला प्रधान ने सभी को जागरूक रह कर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की उन्होंने केंद्र सरकार की योजना जैसे पीएम किसान, उज्ज्वला ,पीएम आवास ,जीवन ज्योति ,अटल पेंशन ,अन्न योजना आदि की विस्तार से चर्चा की। युवा अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा की सभी युवा नशा पान से दूर रहकर अपने परिवार और देश की विकास में भागीदारी निभाएं । इस मौके पर पंचायत क्षेत्र के काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ,जहां पर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिया गया।

# हिट एंड रन कानून के खिलाफ वाहन चालकों ने शहर में निकाला जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** मंगलवार को सिमडेगा ट्रक चालक संघ ऑटो चालक ट्रैक्टर चालक एवं सभी गाड़ी चालक समिति द्वारा हिट एंड रन कानून के खिलाफ सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता हुलास प्रसाद यादव ने किया। मौके पर झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह एवं जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा उपस्थित हुए। बैठक में ट्रक चालक की समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया। संघ के जिला सचिव लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार चालकों के साथ सतौला व्यवहार कर रहा है ।जाने अनजाने में रोड में गलती किसी और का रहता है लेकिन बड़े गाड़ियों को देखते ही जिम्मेदारियां सौंप दिया जाता है मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा सदन में किए गए प्रस्ताव गलत है । इस कानून से ड्राइवर काफी चिंतित हैं तनाव में है। एक गरीब घर से लोग अपने पेट के लिए ड्राइवर करते हैं ।उसमें गृह मंत्री अमित शाह ने प्रस्ताव में लिखा है कि ड्राइवर द्वारा एक्सीडेंट होने पर 10 साल का सजा और साथ में 7 लाख का जुर्माना लगाया है। यह गरीब ड्राइवर कहा से दे पाएगा। झारखंड प्रदेश के नेता ने कहा कि लॉकडाउन में सरकार ने ड्राइवर का हित के लिए नहीं सोचा ।हम लोग अपना जान परवाह न कर बाल बच्चों को छोड़कर रात दिन ट्रांसपोर्ट पहुंचाने का काम किया। श्री सिंह ने कहा केंद्र सरकार को 2024 की चुनाव में जवाब देंगे। केंद्र सरकार काला कानून लागू किया है ।उसे जितना जल्द वापस ले अगर वापस नहीं लेता है तो पूरे झारखंड में पूरे भारत में ड्राइवर चालक अपने बाल बच्चों को लेकर सड़क पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे ।ट्रक चालक के संघ अध्यक्ष हुलास यादव ने कहा कि 3 जनवरी को केंद्र सरकार द्वारा ले गए नियम के खिलाफ चक्का जाम रहेगा जिसमें सभी लोगों का सहयोग रहेगा । बैठक के पश्चात शहर में जुलूस का आयोजन किया। जुलूस स्टेडियम से निकालकर पूरे शहर का भ्रमण करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और 3 जनवरी को चक्का जाम में सभी ड्राइवर को सहयोग करने का अपील किया गया । मौके पर विकास कुमार जायसवाल, तेजू सिंह, सीताराम पासवान, संजय साहू, अरुण, इमरान, पिंटू पासवान, बालकिशन झा, विक्रम राय, सकलदेव सिंह, सुरेश गोपी, आफताब, विमल, दिलीप, प्रीतम, फूलचंद, शाहिद सहित सैकड़ों ड्राइवर उपस्थित थे ।

# राशन डीलर एसोसिएशन ने किया मांगों को लेकर दिया धरना



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** प्रखंड डीलर एसोशियन संघ के द्वारा अपने विभिन्न प्रकार के हक अधिकारों की मांग को लेकर कुरडेग प्रखण्ड परिसर में बैनर लगाकर अनिश्चित कालिन हड़ताल में बैठा बताया गया अब मांगे पूरी नही होने तक गरीब कल्याण योजना का राशन वितरण बंद कर दिया गया।डीलर संघ अध्यक्ष गंगा जयसवाल ने बताया की ऑल इण्डिया फेयर प्राईस शॉफ डीलर्स फेडरेशन अपने विभिन्न मांगों को लेकर 1 जनवरी 2024 से अनिश्चित कालिन हडताल के अवाहन के समर्थन में कुरडेग फेयर प्राईस शॉप डीलर्स संघ के अध्यक्ष एवं प्रखंड के सभी डीलर्स एक जनवरी 2024 से दुकान बंद कर प्रखण्ड कार्यालय के सुमक्ष धारना पर बैठे ।और उन्होने बताया की सरकार लगातार डीलरों को कमीशन की भुगतान नही किया गया। जिसे लेकर पूरे भारत में फेयर प्राईस शॉप डीलर्स फेडरेशन की समर्थन में कुरडेग प्रखण्ड परिसर संघ के द्वारा द्वारा अपने मांगों को लेकर नारे लगाये।धरना में अध्यक्ष गंगा जयसवाल, महाबीर गुप्ता पंचनाम राम, मरियानुस कुजूर, धर्म साय, लक्ष्मी प्रसाद, सुरजन प्रसाद गुप्ता, किशोर कुजूर,, मोहन प्रसाद, एवं सभी डीलर्स मौजूद थे।

# गिरिडीह के विख्यात पर्यटनस्थल खंडोली में पौष माह को लेकर पर्यटकों की भीड़

अविनाश प्रसाद

**गिरिडीह:** इन दिनों बढ़ने लगी है। उक्त स्थल पर पिकनिक मनाने के लिए गिरिडीह के अगलबगल के निवासियों के अलावा कई अन्य जिलों और राज्यों से लोग भारी संख्या में पहुँचते हैं और इसका भरपूर आनंद उठाते हैं। गिरिडीह से बेंगाबाद होकर मधुपुर देवघर आदि स्थानों तक जाने वाले इस पथ पर यह स्थान अवस्थित है। गिरिडीह से 7 किलोमीटर पर स्थित जंगल से दाएं 3 किलोमीटर अंदर ये स्थान है। यहां लोग दो पहिया और चार पहिया वाहनों के अलावा बसों से भी पहुंच कर पिकनिक का आनंद उठाते हैं। ये स्थान वैसे तो बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के अंदर आता है पर पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर बेंगाबाद थाना की पुलिस के अलावा पेट्रोलिंग करने वाली पुलिस भी यहां का मुआयना करती रहती है। हालांकि अभी यहां ओपी की स्थापना की गई है जो कार्यरत है। उक्त स्थान पर खंडोली पहाड़ के अलावा एक डैम भी है जिसमें पानी सालोभर भरा रहता है। इस डैम का लोग काफी आनंद उठाते हैं। उनके लिए यहां के केयर टेकर की ओर से नौका विहार के साथ ही कई प्रकार के झूले और इलेक्ट्रिक टॉय ट्रेन का भी प्रबंध किया गया है। इसके लिए कुछ शुल्क निर्धारित किए गए हैं जिन्हें चुका कर वे इसका उपयोग करते हैं। यहां एक पार्क भी बनाया गया है जहां कई प्रकार की सजावट भी की गई है जो देखते ही बनती है। ज्ञात हो कि इस रामणिक स्थल व इसके आसपास कई फिल्मों और एल्बमों के गीतों की शूटिंग भी की गई है। स्थानीय निमार्ता विश्वनाथ प्रसाद शाहाबादी की चर्चित फिल्म गंगाधाम के कुछ दृष्यों को यहां फिल्माया भी गया है। महान पार्श्व गायक मोहम्मद् रफी के गाए गीत मोर भंगिया के मनाई दे हो भोलेनाथ की अधिकतर शूटिंग इस स्थल के अलावा यहीं के दूसरे पर्यटन स्थल वॉटर फाल यानि उसरी झरना के पास की गई थी। ये धार्मिक गीत सावन के महीने में बाबाधाम देवघर के अलावा अधिकतर शिव मंदिरों के पास बजाया जरूर जाता है। इसके अलावा खोरठा फिल्म साजन की बाहों में चिलखारी एक दर्द के कई सीनों को भी यहां कैद किया गया था। खोरठा एल्बम चल खंडोली और मुकेश सावन द्वारा लिखित एल्बम चश्मा वाली लैला के अधिकतर गीतों को यहीं फिल्माया गया था। इन्हीं वजहों के कारण उक्त स्थल पर सैलानियों का आना जाना यहां लगा ही रहता है।



गिरिडीह के पर्यटन स्थल खंडोली में नौका विहार करते सैलानी।



गिरिडीह के खंडोली डैम में पिकनिक का आनंद लेते सैलानी।

## एक नजर

### वन सुरक्षा समिति की गश्ती टीम ने जब्त की सखुआ लकड़ी

**कसमार :** कसमार प्रखंड के डूमरकुदर जंगल में मंगलवार को वन सुरक्षा समिति की गश्ती टीम ने प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया. इस दौरान जंगल से ले जाए जा रहीं सखुआ की 36 बल्ली जप्त की. गश्ती दल को देखकर ग्रामीण बल्ली छोड़कर भाग खड़े हुए. गंगाधर महतो ने बताया कि लकड़ी काटने वाले ग्रामीणों का पता लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि प्रखंड के सभी जंगलों में गश्ती अभियान तेज कर दिया गया है। मौके पर डूमरकुदर समिति के अध्यक्ष दुर्गा चरण महतो, ठाकुर महतो, दिनेश महतो, प्रकाश महतो, उदन महतो, सर्वेश्वर महतो, जलेश्वर महतो, धनंजय महतो, विनोद महतो, डब्लू महतो, इंद्रनाथ महतो, हीरालाल महतो, रामपदो मुंडा, अमरेश महतो, गीता देवी, मालती देवी आदि मौजूद थे।

### होमगार्ड बहाली में धांधली का आरोप, पुलिस से नोंक-झोंक

**बोकारो :** बोकारो जिले में होमगार्ड बहाली में कथित गड़बड़ी के विरोध में मंगलवार को अभ्यर्थियों ने एसपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया. युवाओं ने बताया कि होमगार्ड बहाली में जिन अभ्यर्थियों का परीक्षा में एक्सीलेंस प्रदर्शन था, उनका चयन नहीं किया गया. प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने डीडीसी कीर्तिश्री जी की गाड़ी रोकने की कोशिश की. इस पर उनके साथ पुलिस की हल्की नोक-झोंक भी हुई. इसके बाद डीडीसी की गाड़ी आगे बढ़ी. अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो उग्र आंदोलन करेंगे।

### स्टेशन प्रबंधक के साथ बैठक

**गोमिया :** गोमिया रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य अनिल स्वर्णकार व नारायण महतो मंगलवार को गोमिया रेलवे स्टेशन के प्रबंधक से मिले और स्टेशन परिसर की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बैंक मोड़ से रेलवे स्टेशन तक सड़क काफी जर्जर है। उसकी मरम्मत जरूरी है। इसके साथ ही स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने, चारों तरफ लाइट की व्यवस्था करने की मांग की. साथ ही धुर्वा मोड़ से स्टेशन जाने वाले रास्ते पर भी स्ट्रीट लाइट लगाने, स्टेशन परिसर में जगह-जगह पानी के नल लगाने, यात्रियों के बैठने के लिए चबूतरा के ऊपर एस्बेस्टस शीट लगाने का सुझाव दिया. स्टेशन प्रबंधक ने इस बारे में रेलवे के वरीय पदाधिकारियों को सूचित करने की बात कही. मौके पर भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मोहन कुमार, मंडल महामंत्री दीपक ठाकुर, अजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

# हिट एंड रन एक्ट के विरोध में निकला मशाल जुलूस

**डुमरी:** डुमरी प्रखंड इकाई द्वारा हिट एण्ड रन एक्ट के विरोध में ड्राइवर महासंघ ने तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन सह रोड चक्का जाम कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार की संध्या महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष उसमान अंसारी के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया । जो इसरी से निकल कर बस स्टैंड,बेरमो मोड़ होते हुए डुमरी चौक तक गया। इस दौरान ड्राइवर महासंघ से जुड़े दर्जनों चालकों के साथ साथ कार्यक्रम का समर्थन कर रहे बहुजन सदन मोर्चा,युवा कांग्रेस,हिन्द मजदूर किसान यूनियन से जुड़े सदस्य शामिल थे। इस दौरान शामिल लोगों के द्वारा हिट एंड रन एक्ट एवं केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए इसे काला कानून की संज्ञा दी और केन्द्र सरकार से अविलंब वापस लेने की मांग की। मशाल जुलूस में बहुजन सदान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर महतो एवं हिन्द मजदूर किसान यूनियन के अनुमंडल कमिटी अध्यक्ष गंगाधर महतो नेअपने समर्थकों के साथ शामिल होकर वाहन चालकों का उत्साह वर्धन किया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने ऐसा कानून बनाया है जिससे वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हमेशा डर बना रहेगा,क्योंकि लाखों रुपए का जुमार्ना के साथ दण्ड का प्रावधान इस एक्ट में है जो अनुचित है, इसलिए केन्द्र सरकार इसे तुरंत वापस करे। इस दौरान युवा कांग्रेस के जिला सचिव सरफराज अहमद,कपिल ठाकुर,नरेश महतो,सुरेश महतो,लखन महतो,मनोज कर्मकार,नितीश महतो, हुकूमत महतो,संतोष कुमार,सोहन रविदास, देव कुमार, शाहिद अंसारीसिधू



### जैनामोड़ में सड़क दुर्घटना में युवती की मौत

**बोकारो :** बोकारो जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र के टांड़ मोहनपुर रोलिंग मिल के समीप मंगलवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवती की मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार बांसगोड़ा निवासी रानी लकड़ा अपनी स्कूटी से जा रही थी, तभी पानी सप्लाई करने वाले लाल रंग के टेम्पो ने उसे चपेट में ले लिया. दुर्घटना के बाद चालक टेम्पो लेकर भाग गया. स्थानीय लोगों व पुलिस के सहयोग से घायल युवती को रेफरल अस्पताल जैनामोड़ पहुंचाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. मृतका के बैग से कृष्णा नर्सिंग होम का एएनएम पद का एक आईडी कार्ड प्राप्त हुआ है. पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन रेफरल अस्पताल पहुंचे. कागजी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चास अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया.

### जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए युवाओं का जत्था सूरत रवाना




**गिरिडीह :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 154वीं वाहिनी, धनबाद एवं नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के संयुक्त तत्वाधान में 15वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत सूरत में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु गिरिडीह जिले से 10 पुरुष एवं 10 महिला युवाओं का दल सूरत हेतु रवाना हुआ। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों हेतु केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 154वीं वाहिनी के के प्रांगण में ब्रिफिंग सेशन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कमान्डेंट अच्युतानंद ने की। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 154वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी, द्वितीय कमान अधिकारी श्री राजेश कुमार ,उप कमांडेंट श्रीमती बिनीता कुमारी, नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कमांडेंट श्री अच्युतानंद ने युवाओं को बताया कि जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें देश में हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति से अवगत होने का अवसर मिलेगा। ब्रीफिंग सेशन के उपरांत कमाडेंट श्री अच्युतानंद द्वारा सभी प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम स्थल हेतु रवाना किया गया। प्रतिभागी युवाओं के दल में महेंद्र सोरेन, अरविंद मरांडी, पानो बेसरा, दुलारी आदि युवा उपस्थिति रहे। 15वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में गिरिडीह जिले से 20-20 युवाओं के कुल 13 दलों को भ्रमण हेतु विभिन्न स्थानों पर भेजा जाना है।

### हिट एंड रन एक्ट के विरोध में बिरनी में नहीं चली बसे,और नहीं चले ट्रक, सूनी रहीं सड़कें



**गिरिडीह :** हिट एंड रन एक्ट के विरोध में सोमवार से ट्रक चालक, बस चालक हड़ताल पर चले गए हैं जिसकी वजह से राहगीरों समेत कई राहगीर परेशान नजर आये । बता दे की केंद्र सरकार द्वारा लाया गया कानून का चालकों ने खुल के विरोध प्रदर्शन किया और हड़ताल पर चले गए हैं। जगह-जगह पर वाहन को रोकर चक्का जाम कर दिया। वहीं बस ड्राइवरों ने कहा कि इस काला कानून को वापस लेना होगा तभी हम लोग वाहन को चला सकेंगे। केंद्र सरकार ड्राइवर के लिए कानून लाया था कि अगर कोई दुर्घटनाग्रस्त होता या किसी का वाहन चालक जान लेती है तो वह 10 साल की सजा और 10 लाख की जुमार्ना देना पड़ेगा जिसका ड्राइवर ने इस कानून को पूरे जोर से विरोध करते हुए बुधवार तक हड़ताल पर रहेंगे इसी को लेकर सैकड़ो बस से का परिचालन ठप हो गया है वही सड़के वीरान हो चुकी हैं एक भी बस है या ट्रक नहीं दिखाई पड़ रहा है।

### विधायक की पहल पर मृतक आश्रितों को मिली तीन-तीन लाख सहयोग राशि



**गिरिडीह।** बीते 18 नवम्बर की सुबह बाघमारा गांव के पास एक स्कॉर्पियो वाहन पेड़ में टकराने से दुघर्टनाग्रस्त हो गई थी इस घटना में छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।। मृतक में से बिरनी के थौरिया गांव के चार एवम बलिया के एक तथा दलांगी गांव के एक शामिल था।। सडक दुर्घटना के तुरंत बाद बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह जी के पहल पर मृतक के आश्रितों को एक एक लाख रुपए बैंक खाता के माध्यम दिलाने का प्रयास किए थे। मंगलवार को पुनः बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह के प्रयास से सभी मृतक परिवार के लाभुकों को दो दो लाख का चैक दिया गया। बगोदर विधायक के इस पहल को लोगों ने काफी सराहा है इस मौके पर मुख्य रूप से भाकपा माले प्रखंड सचिव सीताराम सिंह, मुस्तकीम अंसारी,उप प्रमुख शेखर सुमन, मुखिया सहदेव यादव,सागिर अंसारी,रियाज अंसारी, जियाउद्दीन अंसारी, मुबारक हुसैन, मोहम्मद जमरुदिन, रामदेव यादव, मोइन अंसारी,मुजाहिद अंसारी, मोहम्मद रियाजुद्दीन, साबिर अंसारी, आबिद अंसारी, रुस्तम अंसारी समेत गांव के सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन की हड़ताल शुरू, दिया धरना

**गोमिया :** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन की पूर्व निर्धारित अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को शुरू हो गई। गोमिया प्रखंड मुख्यालय परिसर में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने धरना दिया. प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र रजक ने कहा कि एसोसिएशन की प्रदेश इकाई के निर्देश पर डीलरों की विभिन्न मांगो को लेकर गोमिया के डीलर भी हड़ताल पर हैं। जब तक मांगों की पूर्ति नहीं होगी हड़ताल जारी रहेगी. मौके पर संरक्षक मुरली रविदास, शरण रविदास, सुंदरलाल राम, चिड़न राम, संजय कुमार, भीमसेन पासवान, बद्री पासवान, रंजीत जायसवाल, प्रकाश गंझू, अशोक अग्रवाल, प्रदीप कुमार, सुनीता देवी, निर्मला देवी, बिनोद स्वर्णकार, जंगाली सिंह आदि उपस्थित थे।

### झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा सचिव ने गांवों का किया दौरा

# चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को किया गोलबंद



नवीनमेल संवाददाता

**गिरिडीह:** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा सचिव सह धनवार प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष मो. सफीक अंसारी ने मंगलवार को तिसरी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न अल्पसंख्यक बहुल गाँवों का दौरा किया। इस दौरान तिसरी के बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुन्नीबुद्दीन, प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल सहित अन्य कार्यकताओं के साथ उन्होंने प्रखंड के ककनी,घाघरा, अडसार, पलमरुआ भूरंगोडीह, नैयाडीह, सठनाल, गोलगो, बेलवाना, चंदौरी, तिसरी, खिजुरी सहित कई गांवों में जाकर लोगों से मिल जनसमस्याएं सुनी साथ ही समस्याओं के जल्द निपटारे का आश्वासन भी दिया। साथ ही आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा-परिचर्चा भी किया। इसी दरमियान नए साल में तिसरी में पहला दौरा कर कार्यकर्ताओं को गोलबंद करने का काम किया जा रहा है ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा की ही सरकार बने। मौके पर उमेश राम 20 सूत्री सदस्य, मो.नसीम प्रखंड अध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा,अमजद अंसारी प्रखण्ड अध्यक्ष युवा मोर्चा, तस्लीम रजा मदनी, मो.अयूब, मो. फारूक, मो. मंजूर, मो. हासिम, अब्दुल कादिर पंचायत समिति सदस्य, मो. अलाउद्दीन,मो. प्रवेज, मो. रिजवान, मो. अख्तर, मो. मुमताज आदि उपस्थित थे।

# कतरास में तेज आवाज के साथ भू-धंसान पांच घर जमींदोज, मची अफरा-तफरी



नवीनमेल संवाददाता

**धनबाद:** जिले के कतरास थाना क्षेत्र स्थित लकडका 9 नंबर इलाके में दूसरे दिन भी तेज आवाज के साथ भू-धंसान हुआ. जिसमें पांच घर जमींदोज हो गये. दो घरों के सारे सामान जमीन में समा गये. जबकि समय रहते एक घर के लोगों ने सारे सामान को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे उनको कम नुकसान हुआ. जमींदोज स्थल में दबे सामानों को भी निकालने का प्रयास किया जा रहा है. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी. इधर बीसीसीएल ने जमींदोज स्थली की भरायी कार्य शुरू कर दी है. बता दें कि घटना में मुन्ना पासी, प्राइवेट शिक्षक राजेश पासी, मांझी पासी, राजेश भारती और रमाकांत भारती के घर जमींदोज हुए हैं.

### एक दिन पहले भी तीन घर और एक गोदाम हुए थे जमींदोज

बता दें कि लकडका 9 नंबर इलाके में सोमवार को भी भू-धंसानके बाद तीन घर और एक गोदाम जमींदोज हो गये थे. करीब 12 बकरियों की भी मौत हो गयी. घटनास्थल पर करीब 40 फीट चौड़ा 15 फीट गहरा गोफ बन गया था. ग्रामीणों ने बताया था कि सुबह अचानक जमीन के अंदर से जोरदार आवाज सुनाई दी और देखते ही देखते घर की जमीन गर्म होने लगी. अनहोनी की आशंका से सभी लोग आनन-फानन में घरों से बाहर निकल गये. कुछ ही देर बाद एक-एक कर तीन घर जमींदोज हो गये. आवासों में रखे सारा सामान भी जमीन के नीचे समा गये.

# झारखंड की बेटियों ने दिया न्यू ईयर गिफ्ट

### -राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के अंडर 14 बालिका हॉकी में किया कमाल

### -छत्तीसगढ़ को 6-0 से दी मात, बालक वर्ग ने भी जीता रजत पदक

नवीनमेल संवाददाता

**रांची।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में 28 दिसंबर, 2023 से एक जनवरी तक चले 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के अंडर 14 बालिका एवं बालक वर्ग हॉकी मुकाबले में झारखंड की बेटियों ने कमाल कर दिया है। सदीपा तिर्की की कप्तानी में हमारी बालिका टीम ने छत्तीसगढ़ को 6-0 से मात देकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है। झारखंड की बालिका टीम से कप्तान संदीपा कुमारी ने दो गोल, पुष्पा मांझी ने एक, सुष्मिता गुड़िया ने एक, सुगन सांगा ने एक और सीमा तिर्की ने एक गोल कर मैच को 6-0 से जीत लिया। इस टूनामेंट में झारखंड की बालिका टीम तीसरे पायदान पर रही।

### बालक वर्ग ने भी किया शानदार प्रदर्शन

67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के अंडर 14 बालक वर्ग हॉकी में झारखंड की बालक टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम कर लिया। झारखंड और ओडिशा के बीच खेले गए फाइनल मैच में निर्धारित समय सीमा तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पायी, अंत में पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें ओडिशा ने पांच और झारखंड की टीम ने चार गोल किये। टूनामेंट में रजक पदक जीतकर बालक टीम इस टूनामेंट की उप विजेता बन गयी।

### आदिवासियों की जमीन हड़पने की साजिश के खिलाफ भाकपा माले तथा 'सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच' की बैठक आयोजित


# प्रशासन से की जांच और कार्रवाई की मांग

### 16 जनवरी बगोदर चलो का आह्वान



**गिरिडीह :** पूर्वजों से अपनी खतियानी जमीन पर बसे करहरबारी पंचायत के कुसमाटांड़ के आदिवासियों की जमीन का फर्जी कागजात बनाकर उसे हड़पने और उन्हें बेदखल करने की साजिश के खिलाफ आज भाकपा माले तथा 'सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच' ने एक संयुक्त बैठक कर प्रशासन तथा सरकार से तुरंत इसका संज्ञान लेकर उच्च स्तरीय जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। साथ ही आदिवासियों की जमीन लूट के खिलाफ आंदोलन तथा 16 जनवरी महेंद्र सिंह शहादत दिवस में भाग लेने का भी ऐलान किया। आज की मीटिंग की अध्यक्षता छोटका किस्कू तथा संचालन जेम्स किस्कू एवं मोलो हांसदा ने की, जबकि माले नेता सह 'सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच' के संरक्षक राजेश यादव तथा गिरिडीह विस प्रभारी राजेश सिन्हा भी मीटिंग में मौजूद थे। बैठक में कुसमाटांड़ वासियों ने उनकी जमीन लूट के बारे में बात रखी और कहा कि, झारखंड में भी यदि आदिवासी सुरक्षित नहीं तो कहां जाएंगे, भू माफिया पुलिस प्रशासन और पैसे के बल पर केस मुकदमा का भय दिखाते हैं, ताकि हमारी जमीन लूट सकें। वहीं, उनकी बातों को सुनने के बाद माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, अपनी जमीन पर बसे आदिवासियों को कोई उजाड़ नहीं सकता। अगर इसके लिए इन्हें कोई धमकाता है, तो वह भी गलत है। राजेश सिन्हा ने कहा कि, उनकी पार्टी आदिवासियों के साथ खड़ी रहेगी। उनकी जमीन उन्हीं की रहेगी। प्रशासन इसकी जांच और इन्हें धमकाकर कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई करे। मीटिंग में भाकपा माले और 'सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच' के द्वारा ऐलान किया गया कि, यदि जरूरत पड़ी तो इसे लेकर बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से शिबू मरांडी, जामेल किस्कू, संदीप हांसदा, अशोक हंसदा, मनोज हांसदा, प्रभु किस्कू, बिनोद चौड़े, रमेश हांसदा, मनोज चौड़े, मदन मुर्मू, बबलू हांसदा, बगिल हांसदा, प्रेम बास्की आदि मौजूद थे।

# हिट एंड रन कानून के विरोध में चालकों ने की हड़ताल



**चाईबासा :** हिट एंड रन कानून को लेकर मंगलवार को झारखंड ड्राइवर संघ के बैनर तले ऑटो, पिकअप सवारी, मालवाहक व अन्य वाहन चालकों ने प्रखंड कार्यालय के समीप रोष जताते हुये हड़ताल पर चले गए. इस दौरान मौजूद वाहन चालकों ने इस कानून के विरोध में प्रदर्शन किया. वाहन चालकों ने कानून में संशोधन व पूर्व की तरह कानून को लागू किये जाने की मांग की. मौके पर हिट एंड रन को काला कानून बताया. चालकों ने कहा कि जब तक कानून को वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा. मामले को लेकर चक्रधरपुर के आसनतलिया के समीप तीन घंटे का धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### किताडीह गुरुद्वारा के मुख्य सलाहकार का निधन, शोक की लहर

**जमशेदपुर:** किताडीह गुरुद्वारा कमेटी के मुख्य सलाहकार, स्कूल सचिव तथा गुरुद्वारा के संस्थापक सदस्य पूरन सिंह (86) का मंगलवार सुबह निधन हो गया. वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे. पूरन सिंह अपने पीछे पत्नी गुरमीत कौर, पुत्र अमरजीत सिंह अंबे और पुत्री सुरेंद्र कौर बलविंदर कौर समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. उनके निधन पर सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान भगवान सिंह चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जगजीत सिंह गांधी, उपाध्यक्ष रतन सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, हरविंदर सिंह बिल्ला, सिख नौजवान सभा के प्रधान त्रिलोचन सिंह, सिख स्त्री सत्संग सभा की प्रधान मनजीत कौर ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# नशा शराब का या भक्ति का ?

***अवसर*** खुशी का हो या दुख का पीने वालों को शराब पीने का बहाना चाहिए । अवसर नए साल का तो खास जश्न पर शराब पीने में क्या पुरुष क्या महिला कोई पीछे नहीं रहता। एक तरफ सरकार नए साल पर कोई दुर्घटना न हो इसके लिए एंटी ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाती है और लोगों को जागरूक करती है कि वे त्योहार में शराब का सेवन न करें इसके लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन निकाले जाते हैं कि एक दो जनवरी को शराब की दुकाने बंद रखी जाएंगी ! एक तरह से यह अंतिम मौका की तरह उकसावे का काम करती है और लोग पहले से ही शराब खरीद लेते हैं ।लिकर शॉप और वाइन शॉप में भी जमकर भीड़ होती है।इसीलिए लोग पहले ही अपनी व्यवस्था बना लेते है। नए वर्ष के मौके पर जश्न मनाने और पुराने साल को खुशी के साथ विदा करने या भूलने के लिए कई लोग शराब सहारा लेते हैं। राजधानी रांची में 31 दिसंबर को करीब साढ़े 4 करोड रुपए की शराब की बिक्री हुई तो पूरे राज्य में 31 करोड़ रुपए के शराब की बिक्री हुई ।झारखंड शराब व्यापारी संघ के महासचिव सुबोध कुमार जायसवाल ने बताया कि इतने रुपए की बिक्री सिर्फ झारखंड में हुई है, जबकि पड़ोसी राज्यों से भी लोग शराब की खरीदारी कर झारखंड में उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में झारखंड में शराब काफी महंगे दाम में लोगों को मिल रही है, जबकि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में झारखंड की तुलना में शराब की कीमत काफी कम है। नए वित्तीय वर्ष में पड़ोसी राज्यों की तरह यहां भी यदि शराब की कीमत में कमी आती है तो निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में तीन हजार से 3500 करोड रुपए का व्यापार झारखंड में हो सकता है। दिल्ली में दिसंबर के महीने शराब की बिक्री की बात की जाए तो उसने पिछले साल के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. पिछले साल दिसंबर के महीने में जहां 3,99,60509 शराब की बोतलें खरीदी गई थीं। नए साल के मौके पर जहां दिल्ली में लोग खूब शराब खरीद रहे हैं तो वहीं अवैध तरीके से भी शराब की खूब तस्करी हो रही है। आबकारी विभाग ने 1700 लीटर की अवैध शराब जब्त की है। वहीं तस्करी करते हुए आठ गाड़ियां भी पकड़ी गई है। दूसरी तरफ नए साल में धार्मिक स्थलों में उमड़ने वाली भीड़ भी कुछ बताती है ।राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर,गढ़वा के वंशीधर मंदिर और बाबाधाम में तो इतनी भीड़ हुई कि यातायात व्यवस्था संभालने के लिए अतिरिक्त बल तैनात करने पड़े ।इस के अलावा राज्य के छोटे बड़े मंदिरों,गिरिजाघरों के लावा गुरुद्वारों में भी लोगों ने पूरे परिवार के साथ नए साल में सुख समृद्धि की कामना की ।आस्थावान लोगों का धार्मिक स्थलों में साल के पहले दिन जाना पूर्व के वर्षों से कई गुना बढ़ा है जिसे अच्छा संकेत कहा जा सकता है ।क्योंकि ईश्वर से डरने वाले लोग कानून से भी डरते हैं और शराब का नशा यदि दौलत के नशे के साथ चढ़ गया तो अनर्थ ही करता है ।

**नए वित्तीय वर्ष में पड़ोसी राज्यों की तरह यहां भी यदि शराब की कीमत में कमी आती है तो निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में तीन हजार से 3500 करोड रुपए का व्यापार झारखंड में हो सकता है। दिल्ली में दिसंबर के महीने शराब की बिक्री की बात की जाए तो उसने पिछले साल के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. पिछले साल दिसंबर के महीने में जहां 3,99,60509 शराब की बोतलें खरीदी गई थीं। नए साल के मौके पर जहां दिल्ली में लोग खूब शराब खरीद रहे हैं तो वहीं अवैध तरीके से भी शराब की खूब तस्करी हो रही है।**

इन दिनों

# अनेक राज्यों की जनता का हाल बेहाल


किशन भावनानी गोंदिया




***वैश्विक*** स्तरपर देश दुनियां में भले ही लोग नये वर्ष के पहले दिन खुशियों का जश्न मना रहे हैं पार्टियों कर रहे हैं पिकनिक मना रहे हैं, तो कई लोग वर्ष 2024 के प्रथम दिन ईश्वर अल्लाह की ओर मंदिरों मस्जिदों में जाकर प्रार्थना फरियाद कर रहे हैं के हमारे पूरे वर्ष खुशियों की बागबाहर में भीग रहे दुखों का पल पूरे वर्ष कभी नहीं आये वहीं एक तबका ऐसा भी है जिनका नए वर्ष का पहला दिन ही विरोध प्रदर्शन और चक्का जाम में से शुरू हुआ और देखते ही देखते यह सिलसिला, आगे की तरह पूरे देश में फैल गया और करीब आठ राज्यों में यह हवा फैल गई और ट्रांसपोर्ट ऑटो बस इत्यादि सभी ट्रांसपोर्ट के साधन चक्का जाम शुरू हो गया जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना या वर्ष के प्रथम दिन ही करना पड़ा जबकि उनका कुछ भी कसूर नहीं है, मामले को समझने की करें तो कुछ दिन पूर्व ही नये तीन आपराधिक कानून का दोनों सदनो में पारित कर लिए गये थे जिसे माननीय राष्ट्रपति महोदय ने 31 दिसंबर 2023 को हस्ताक्षर कर कानून बनने का दर्जा प्रदान किया। बस फिर क्या था! उनमें से एक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 की एक धारा 104(2)कानून को पूरी प्रक्रिया के साथ हर स्टेप को फॉलो करके बनाया गया है, जो यह आगुमेंट करना कि इस कानून को बनाते समय स्टेट होल्डर से सुझाव नहीं लिए गए थे, यह ठीक नहीं है, क्योंकि बाकायता अधिसूचना जारी कर सभी दर्जे के लोगों से सुझाव मांगे जाते हैं फिर विधेयकों को बनाया जाता है। चूंकि नये साल 2024 के प्रथम दिन ही अनेक राज्यों की जनता का हाल बेहाल हुआ इसलिए आज हम मीडिया यह उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 104 ( 2 ) हिट एंड रन पर 8 राज्यों बवाल ट्रांसपोर्ट की हड़ताल। साथियों बात अगर हम भारतीय न्याय संहिता कानून 2023 की धारा 104(2) हिट एंड रन को समझने की करें तो, ऐसे मामले जिनमें गाड़ी की टक्कर के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो जाता है, उन मामलों को 'हिट एंड रन' केस माना जाता है। हिट एंड रन के मामलों में कई बार घायल शख्स को अगर समय रहते अस्पताल पहुंचाने या प्राथमिक इलाज मिलने पर बचाया भी जा सकता है। पुराने कानून के मुताबिक हिट एंड रन केस में दो साल की सजा का प्रावधान था और जमानत भी मिल जाती थी। अब नया नियम कहता है कि अगर सड़क दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक पुलिस को टक्कर की सूचना दिये बिना मौके से फरार होता है तो उसे 10 साल की जेल और जुर्माना देना पड़ेगा। कई राज्यों में ट्रक ड्राइवर इसका विरोध कर रहे हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में ट्रक ड्राइवरों ने हड़ताल और चक्काजाम कर दिया है। न सिर्फ ट्रक ड्राइवर बल्कि बस, टैक्सी और ऑटो चालक भी इसका विरोध कर रहे हैं। नये नियम निजी वाहन चालकों पर भी समान रूप से लागू होंगे। उनका कहना है कि नये कानून के प्रावधान कुछ ज्यादा ही सख्त हैं।इन्हें नरम किया जाय। आंकड़ों पर नजर डालें तो नये कानून की सख्ती का कारण समझ आता है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि हिट एंड रन के मामलों में हर साल 50 हजार लोग जान गंवाते हैं। विरोध करने वाले ड्राइवरों का तर्क है कि टक्कर के बाद अगर वे भागते हैं तो उन्हें नये कानून के तहत सख्त सजा मिलेगा और अगर वे रुकते हैं तो मौके पर मौजूद भीड़ उन पर हमला कर सकती है।कई बार यह हिंसक भीड़ सिर्फ पिटाई तक नहीं रुकती और मामला मॉब लिंचिंग का रूप ले लेता है। हालांकि नये कानून में ड्राइवरों को कुछ मामलों में राहत भी मिलेगी। अगर गाड़ी से टकराने वाला शख्स गलत तरीके से सड़क को पार करता है या गाड़ी के सामने आ जाता है तो ड्राइवर को अधिकतम पांच साल की सजा और जुर्माना भरना पड़ेगा। लेकिन अगर टक्कर गलत ढंग से गाड़ी चलाने की वजह से होती है तो ड्राइवर को 10 साल जेल की सजा काटनी होगी। अब तक हिट एंड रन मामले में आईपीसी की धारा 279 (लापरवाही से वाहन चलाना), 304अ (लापरवाही के कारण मौत) और 338 (जान जोखिम में डालना) के तहत केस दर्ज किया जाता है। इसमें दो साल की सजा का प्रावधान है। खास मामलों में आईपीसी की धारा 302 भी जोड़ी जाती है। बदलाव के बाद सेक्शन 104(2) के तहत हिट एंड रन के बाद अगर आरोपी ड्राइवर घटनास्थल से भागता है या पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचित नहीं करता है तो उसे 10 साल तक की सजा भुगतनी पड़ेगी। 7 लाख रुपये का जुर्माना भी देना होगा। साथियों बात अगर हा हम इस कानून का भारत के ट्रांसपोर्ट क्षेत्र से संबंध रखने वाले संगठनों के विरोध की करें तो केंद्र सरकार द्वारा लाये जा रहे हिट एंड रन के नये कानून को लेकर कई राज्यों में ट्रक ड्राइवरों और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स द्वारा चक्काजाम किया जा रहा है।

**साथियों बात अगर हम भारतीय न्याय संहिता कानून 2023 की धारा 104(2) हिट एंड रन को समझने की करें तो, ऐसे मामले जिनमें गाड़ी की टक्कर के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो जाता है, उन मामलों को 'हिट एंड रन' केस माना जाता है। हिट एंड रन के मामलों में कई बार घायल शख्स को अगर समय रहते अस्पताल पहुंचाने या प्राथमिक इलाज मिलने पर बचाया भी जा सकता है। पुराने कानून के मुताबिक हिट एंड रन केस में दो साल की सजा का प्रावधान था और जमानत भी मिल जाती थी। अब नया नियम कहता है कि अगर**

## आपकी बात

### जान जोखिम में डालकर डिलीवरी


प्राण रंजन प्रसाद

दुर्घटना मुक्त देश अभियान के समर्थन में मेरी ओर से एक सुझाव है। बहुत कम समय में अपनी सेवाएँ प्रदान करने वाली कंपनियों पर कुछ कड़े नियम लागू किये जाने चाहिए। इससे डिलीवरी बॉय समय के विरुद्ध दौड़ पड़ते हैं, इस प्रकार अपनी बाइक को तेज गति से चलाते हैं और ट्रैफिक स्टॉप लाइट की उपेक्षा करते हैं। यह कई सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता है। इसलिए, पिज्जा और कई अन्य वस्तुओं की सबसे तेज डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मार्केटिंग हथकंडों को हतोत्साहित करने के लिए संबंधित एजेंसियों की ओर से तेजी से कार्य करना अनिवार्य है। इसमें निश्चित रूप से विक्रेताओं का जोखिम शामिल है। ये भी किसी के बच्चे और भारत के मानव संसाधन हैं ।

**(पूर्व मुख्य सुरक्षा अधिकारी, एएसआइ, दिल्ली)**

### नवीन मेल में नवीनता है, सुझाव भी हैं


देवेश कु. घोष

'इंडिया' स्तम्भ का शीर्षक ही अपने आप में बहुत कुछ बयान करता है । 2024 में देश के विभिन्न राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनावों की समेकित जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होने के कारण पाठकों की ज्ञान क्षुधा सहज ही मिट गई । विभिन्न श्रोतों से सूचना संकलन का समय भी बचा। अल्बर्ट एक्का चौक को झंडे बैनर से अलग रखा जाय तो देश के वीर शहीदों के प्रति उचित श्रद्धांजलि होगी। रतन तिर्की जी का अंग्रेजी नव वर्ष के विरोध के प्रदर्शन प्रतीक को हटाने के लिए 'अखंड भारत कार्यक्रम' के सक्रिय सदस्यों को हाथ जोड़ना उनकी विनम्रता दर्शाती है परंतु अखंड भारत का विचार रखने वालों को अपनी बात रखने के लिए किसी अन्य स्थान का चयन करना चाहिए था। अंग्रेजी नव वर्ष का विरोध विमर्श का विषय होना चाहिए। विरोध का विचार रखने वालों को चाहिए कि अंग्रेजी पंचांग के स्थान पर देश के विभिन्न मान्य और प्रयोग में लाने वाले पंचाङे को मुद्रित कर लोगों में बंटवाना चाहिए ताकि अन्य तिथियों का भी ज्ञान हो। रांची के मद्य प्रेमियों का एक ही दिन में 50 करोड़ का मद्यपान करना चौकाने वाला समाचार है। अच्छा ही है, 'मंदिर मस्जिद वैर बढ़ाते, मेल कराती मधुशाला'। 'आदिम जाति सेवा मण्डल' के सदस्यों का अनाथ बच्चों के साथ नव वर्ष पर पिकनिक मनाना सुखद लगा।

**अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली।**

राजनीति

# उम्मीदवारों की फौज उतारेगी भाजपा जिससे विपक्ष को हार का भय सतायेगा


नीरज कु. दुबे


***भाजपा*** ने लोकसभा चुनावों में प्रत्येक सीट पर 50 प्रतिशत से ज्यादा मत हासिल करने के लिए अपने संगठन के तंत्र को दुरुस्त करने के बाद उम्मीदवारों के तौर पर ऐसी फौज उतारने का निर्णय लिया है जिसके आगे नामांकन भरते हुए विपक्ष के नेताओं को हार का भय पहले दिन से सताने लगे। केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के मिशन को कामयाब करने के लिए भाजपा जीतोड़ प्रयास कर रही है। चुनाव प्रचार अभियान को अंतिम रूप देने के अलावा पार्टी के तमाम नेताओं की भूमिका भी तय की जा चुकी है। जहां तक लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों के चयन की बात है तो यह काम भाजपा बहुत पहले ही शुरू कर चुकी थी और अब यह कार्य अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है। पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची जल्द जारी होने की अटकलों के बीच चचाएं यह भी हैं कि इस बार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। हम आपको याद दिला दें कि अमित शाह ने भी 2019 में भाजपा अध्यक्ष पद पर रहते हुए अपना पहला लोकसभा चुनाव गुजरात के गांधीनगर से लड़ा था। भाजपा ने लोकसभा चुनावों में प्रत्येक सीट पर 50 प्रतिशत से ज्यादा मत हासिल करने के लिए अपने संगठन के तंत्र को दुरुस्त करने के बाद उम्मीदवारों के तौर पर ऐसी फौज उतारने का निर्णय लिया है जिसके आगे नामांकन भरते हुए विपक्ष के नेताओं को हार का भय पहले दिन से सताने लगे। इसके लिए भाजपा उम्मीदवारों के चयन के लिए कड़े और बड़े पैमाने तय करके आगे बढ़ रही है। हाल ही में भाजपा की ओर से अपने सांसदों के बारे में जनता की राय जानने के लिए नमो एप पर एक सर्वे भी शुरू किया गया था जिस पर लोगों ने जो फीडबैक दिया उसको पार्टी ने काफी गंभीरता के साथ लिया है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान देखने को मिला था कि पार्टी ने कई सांसदों को विधायकी का चुनाव लड़ाया और यह फॉमूर्ला काफी सफल साबित हुआ था।

**तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के मिशन को कामयाब करने के लिए भाजपा प्रयास कर रही है। चुनाव अभियान को अंतिम रूप देने के अलावा पार्टी के नेताओं की भूमिका भी तय की जा चुकी है।**

## फेसबुक वॉल से

LUV U RANCHI
Manohar Lal · 1 d ·

Neeraj Sinha
1 d ·
प्रत्येक के लिए, उसका अपना नया साल।
Rate this translation



Manohar Lal and 24 others
Like Comment Send Share

## X - से

News24 @news24tvchannel · 4h
हिट एंड रन कानून: टक्कर मारकर भागे तो 10 साल की जेल-7 लाख का जुर्माना

◆ सरकार के फैसले पर क्या है आपकी राय?

#HitANDRun #TruckDriversProtest | Hit And Run | Truck Drivers Protest | #Yourspace #TalkToUs




940 505 3.1K 222K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# नये कानून से क्यों खौफ में हैं ड्राइवर क्यों हो रहा है देश भर में विरोध?


उदय चंद्र सिंह

***भारतीय*** न्याय संहिता में 'हिट-एंड-रन' को लेकर किये गये प्रावधान के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों में नाराजगी और देशभर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद सवाल उठ रहा है कि आखिर नये कानून में ऐसा क्या है कि इसका विरोध हो रहा है। नये कानून में 'हिट-एंड-रन' सड़क दुर्घटना मामलों के संबंध में सात लाख का जुर्माना और 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है। संसद से पारित और कानून बनी भारतीय न्याय संहिता में हिंट एंड रन मामले में अगर ड्राइवर के तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाने से किसी की मौत होती है और वह पुलिस या मजिस्ट्रेट को जानकारी दिये बिना फरार हो जाता है तो उसे दस साल तक की कैद और 7 लाख रुपये जुर्माना भरना होगा ।ये कानून सभी प्रकार यानी दोपहिया से कार, ट्रक, टैंकर जैसे सभी वाहनों चालकों पर लागू होता है। मौजूदा कानून के मुताबिक केस आईपीसी की धारा 279 में ड्राइवर की पहचान के बाद 304ए और 338 के तहत दर्ज किया जाता है। इसमें दो साल की सजा का प्रावधान है। ड्राइवरों का तर्क है कि हादसे के बाद वे मौके पर रहे तो उन्हें भीड़ के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा था कि उन चालकों के प्रति नरमी बरती जायेगी जो पुलिस को सूचना देंगे और घायल को अस्पताल ले जायेंगे। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के अध्यक्ष अमृतलाल मदान ने कहा कि संशोधन से पहले स्टेक होल्डर्स से राय नहीं ली गई। देश में एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन प्रोटोकॉल का अभाव है।पुलिस बिना जांच दोष बड़े वाहन पर मढ़ देती है। ट्रक ड्राइवर मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन की मांग कर रहे हैं। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की परिवहन समिति के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने कहा, हिट एंड रन के मामलों में सरकार द्वारा अचानक पेश किये गये कड़े प्रावधानों को लेकर चालकों में आक्रोश है और उनकी मांग है कि इन प्रावधानों को वापस लिया जाय। उन्होंने कहा कि सरकार को हिट एंड रन के मामलों में अन्य देशों की तर्ज पर सख्त प्रावधान लाने से पहले उनकी तरह बेहतर सड़क और परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**मौजूदा कानून के मुताबिक केस आईपीसी की धारा 279 में ड्राइवर की पहचान के बाद 304ए और 338 के तहत दर्ज किया जाता है। इसमें दो साल की सजा का प्रावधान है।**


बोधि वृक्ष

# गजलक्ष्मी व्रत व ऐरावत हाथी की पौराणिक कथा

यह सुनकर अर्जुन ने कहा- 'हे माता! आप पूजन की तैयारी करें और नगर में बुलावा लगवा दें कि हमारे यहां स्वर्ग के ऐरावत हाथी की पूजन होगी।' इधर माता कुंती ने नगर में ढिंढोरा पिटवा दिया और पूजा की विशाल तैयारी होने लगी। उधर अर्जुन ने बाण के द्वारा स्वर्ग से ऐरावत हाथी को बुला लिया। इधर सारे नगर में शोर मच गया कि कुंती के महल में स्वर्ग से इन्द्र का ऐरावत हाथी पृथ्वी पर उतारकर पूजा जायेगा। समाचार को सुनकर नगर के सभी नर-नारी, बालक एवं वृद्धों की भीड़ एकत्र होने लगी। उधर गांधारी के महल में हलचल मच गई। वहां एकत्र हुईं सभी महिलाएं अपनी-अपनी थालियां लेकर कुंती के महल की ओर जाने लगीं। देखते ही देखते कुंती का सारा महल ठसाठस भर गया। माता कुंती ने ऐरावत को खड़ा करने हेतु अनेक रंगों के चौक पुरवाकर नवीन रेशमी वस्त्र बिछवा दिये। नगरवासी स्वागत की तैयारी में फूलमाला, अबीर, गुलाल, केशर हाथों में लिए पंक्तिबद्ध खड़े थे। जब स्वर्ग से ऐरावत हाथी पृथ्वी पर उतरने लगा तो उसके आभूषणों की ध्वनि गूंजने लगी। ऐरावत के दर्शन होते ही जय-जयकार के नारे लगने लगे। सायंकाल के समय इन्द्र का भेजा हुआ हाथी ऐरावत माता कुंती के भवन के चौक में उतर आया, तब सब नर-नारियों ने पुष्प-माला, अबीर, गुलाल, केशर आदि सुगंधित पदार्थ चढ़ाकर उसका स्वागत किया। राज्य पुरोहित द्वारा ऐरावत पर महालक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापित करके वेद मंत्रोच्चारण द्वारा पूजन किया गया। नगरवासियों ने भी महालक्ष्मी पूजन किया। फिर अनेक प्रकार के पकवान लेकर ऐरावत को खिलाए और यमुना का जल उसे पिलाया गया। राज्य पुरोहित द्वारा स्वस्ति वाचन करके महिलाओं द्वारा महालक्ष्मी का पूजन कराया गया। 16 गांठों वाला डोरा लक्ष्मीजी को चढ़ाकर अपने-अपने हाथों में बांध लिया। ब्राह्मणों को भोजन कराया गया।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# आसान तीरकों से ऐसे बढ़ायें अपने स्मार्ट टीवी की स्पीड?

**आइए जानते हैं क्या है वह टिप्स**

**टीवी कैच क्लियर करें**

जिस तरीके से हम अपने फोन की स्पीड को बढ़ाने के लिए उसके कैच को क्लियर करते हैं, ठीक उसी प्रकार से आप अपनी स्मार्ट टीवी के कैसे को भी क्लियर करते रहें, जिससे उसमें स्टोर हुए डेटा क्लियर होते रहेंगे तो आपकी टीवी पर एक्स्ट्रा लोड नहीं पड़ेगा और आपकी टीवी की स्पीड बढ़ जायेगी। इसके लिए आपको टीवी की सेटिंग में जाना होगा और वहां पर कैच क्लियर का विकल्प सेलेक्ट करके ओके का बटन दबाते हैं तो आपके टीवी कैच क्लियर हो जायेगा और आपकी टीवी का स्पीड भी बढ़ जायेगा। इसके अलावा आप अपनी टीवी से एप्स को भी अनइनस्टॉल कर दें। जिनका प्रयोग नहीं करते हैं या कभी-कभार करते हैं। ध्यान रहे आप अपने स्मार्ट टीवी में जितने ज्यादा एप्स इंस्टॉल करेंगे तो आपकी टीवी पर एक्स्ट्रा लोड पड़ेगा और स्मार्ट टीवी की स्पीड स्लो होने की संभावना बनी रहेगी।



**यूट्यूब क्लियर करें**

आप अपनी स्मार्ट टीवी पर अगर यूट्यूब की सेटिंग कर रखे हैं तो आपको अपने यूट्यूब कैच भी क्लियर करते रहना होगा क्योंकि इसके साथ ही यूट्यूब के बहुत सारे डेटा यहां इकट्ठा हो जाते हैं और टीवी की स्पीड को कम कर देते हैं। इसके लिए आपको यूट्यूब के सेटिंग में जाना होगा और यहां से एप्स को सेलेक्ट करके यहां से क्लियर कैच का ऑप्शन चुनकर ओके दबाकर यूट्यूब के डाटा को क्लियर कर सकते हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में 3.9 की तीव्रता का भूकंप

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इस भूकंप में किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी कि जम्मू-कश्मीर में 11 बजकर 33 मिनट पर रिक्टर पैमाने पर 3.9 की तीव्रता का भूकंप आया। इसकी गहराई जमीन के अंदर पांच किमी दर्ज की गई है। इससे पहले सोमवार रात को लद्दाख में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.6 दर्ज की गई।

### कश्मीर में जम गए जलाशय, तापमान जमाव बिंदु से नीचे

**कश्मीर:** घाटी के कई हिस्से इस स्थिति का सामना करते हैं। इस अवधि के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है और ऊंचाई वाले इलाके में भारी बर्फवारी भी होती है। इसके बाद कश्मीर में 20 दिनों का चिल्लई-खुर्द (छोटी ठंड) और 10 दिनों का चिल्लई-बच्चा(हल्की ठंड) का दौर रहता है। इस दौरान शीत लहर जारी रहती है। कश्मीर घाटी में शीत लहर के प्रकोप के साथ न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे बना हुआ है और जलाशयों में पानी जम गया है। मौसम कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### 2024 में न तो सूर्यग्रहण दिखेगा और न चंद्रग्रहण

**भोपाल।** इस साल 2024 में वैसे तो विश्व में दो सूर्यग्रहण और दो चंद्रग्रहण की खगोलीय घटनाएं होंगी, लेकिन इस कैलेंडर वर्ष में भारत के भूभाग पर न तो सूर्यग्रहण दिखाई देगा और न ही चंद्रग्रहण दिखेगा। अब भारत में अगला चंद्रग्रहण 7 सितंबर, 2025 को और आंशिक सूर्यग्रहण 2 अगस्त, 2027 को देख पाएंगे। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने मंगलवार को बताया कि इस साल 2024 में दो सूर्यग्रहण और दो चंद्रग्रहण होंगे, लेकिन इनमें से तीन ग्रहण सम्पूर्ण भारत में नहीं दिखाई देंगे। केवल 18 सितंबर को सुबह पश्चिमी भारत के कुछ नगरों में कुछ मिनट के लिए उपछाया चंद्रग्रहण होगा। उपछाया ग्रहण को न ही देखा जा सकता है और न ही इसकी धार्मिक मान्यता बताई गई है।

## नये कानून के खिलाफ चालक हुए गोलबंद

# नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों की देशव्यापी हड़ताल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल मंगलवार को भी जारी है। इस कानून के विरोध में वाहन चालकों की हड़ताल का आज दूसरा दिन है। राजधानी नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में हड़ताल का असर दिखाई दे रहा है। वाहन चालकों की देशव्यापी हड़ताल हिट एंड रन कानून में सजा को सख्त किए जाने को लेकर है। अधिकांश चालकों ने इसे वापस लेने की मांग की है। आंदोलनकारियों ने मुंबई से लेकर इंदौर, दिल्ली-हरियाणा और यूपी के कई जगहों पर ट्रकों को खड़ा कर सड़क जाम कर दिया। ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के कारण पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखने को मिली।



दरअसल, नए कानून के तहत अगर कोई बस, ट्रक और डंपर चालक किसी को कुचल कर भागता है, तो उसे 10 साल की जेल और सात लाख रुपये का जुमार्ना हो सकता है। इसी कारण वाहन चालकों ने इस कानून के विरोध में देश के अधिकांश राज्यों में हड़ताल कर दी है। इसके बाद हरकत में आया प्रशासन तेल विपणन कंपनियों के डिपो से पेट्रोल पंपों तक टैंकरों का नियमित परिचालन बहाल करके ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति बरकरार रखने के प्रयासों में जुटा है। जिलाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी. ने कहा कि जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और इन ईंधनों की सतत आपूर्ति की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि चालकों की हड़ताल से इंदौर में लोक परिवहन साधनों के साथ ही शहर से बाहर जाने वाली बसों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी हो रही है। नये कानून में हिट एंड रन के मामलों में सख्त सजा के प्रावधानों के खिलाफ चालकों की हड़ताल के चलते मध्यप्रदेश में करीब पांच लाख छोटी-बड़ी गाड़ियों के चक्के थम गए हैं जिससे आम जरूरत की चीजों की आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। उद्योग जगत के लोगों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

### यूपी को मिलेगी भारत के दूसरी सबसे लंबी एक्सप्रेस-वे की सौगात

**लखनऊ।** 'महाकुंभ-2025' से पहले उत्तर प्रदेश को एक और बड़ी सौगात देने की तैयारी है। देश के दूसरे सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे को साल के अंत तक संचालित करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीडा के अधिकारियों को दिये हैं। एक अधिकारी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे की प्रस्तावित लंबाई 594 किमी है, जो मुम्बई-नागपुर एक्सप्रेस-वे के बाद देश का दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे बनने जा रहा है। वहीं, भारत के टॉप 10 लंबे एक्सप्रेस-वे में भी प्रदेश के चार एक्सप्रेस-वे पहले से ही अपना स्थान बनाए हुए हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे के संचालन के साथ ही शीर्ष 10 में यूपी के 5 एक्सप्रेस-वे शामिल हो जाएंगे। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यदायी एजेंसी यूपीडा के अधिकारियों के साथ इस संबंध में गहन बैठक करते हुए हर हाल में साल के अंत तक गंगा एक्सप्रेस-वे को संचालित करने के निर्देश दिये हैं।

### अगले चार महीने सीबीआई, ईडी और आईटी के निशाने पर होगा विपक्ष : मनोज झा



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने मंगलवार को भाजपा पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अगले तीन से चार महीने तक ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई के निशाने पर विपक्ष होगा। इसकी पुख्ता तैयारी कर ली गई है। पटना में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए झा ने कहा कि हमने कभी तराजू पर तौलकर लाभ-हानि की राजनीति नहीं की है कि जो पलड़ा भारी दिखे वहीं चले जाओ। मैं पुख्ता जानकारी दे रहा हूं। हमे अधिकारियों ने ही इसकी जानकारी दी है। भाजपा का विरोध करने वाले नेताओं पर कारवाई की तैयारी है। उन नेताओं की फाइल भी निकल चुकी है।झा ने कहा कि भाजपा राजनीतिक तौर पर नहीं जीत सकती है, इस कारण ऐसा करती है। भाजपा का वास्तविक चाल, चरित्र और चेहरा यही है। ये जांच एजेंसियां भाजपा का विरोध करने वाले को उलझाए रखना चाहती है।उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि 22 जनवरी तक जांच एजेंसी सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स भाजपा के विरोध करने वाले नेताओं पर कारवाई कर सकती है, जिसमें बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे शामिल हैं।

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में नकली उर्वरक के 400 बैग जब्त



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में अधिकारियों ने मंगलवार को नकली उर्वरकों के 400 बैग जब्त किए।अधिकारियों ने बताया कि कृषि विभाग की प्रवर्तन शाखा ने जिले के लाडगू गांव में 400 बैग नकली उर्वरक जब्त किए।कृषि विभाग (कश्मीर) के निदेशक चौधरी मोहम्मद इकबाल की अध्यक्षता वाली टीम ने मंगलवार को कुलगाम जिले के लाडगू गांव में कार्रवाई की। विभाग का अभियान जारी है।पिछले कई वर्षों से कश्मीर में किसानों और बागवानों का समूह नकली उर्वरकों और कीटनाशकों की शिकायतें करता रहा है।

# ड्राइवरों के हितों का हनन करनेवाला है कानून : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता व लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने ड्राइवरों के हितों का हनन करने वाला कानून बनाया है। इसलिए वह हड़ताल को मजबूर हुए हैं। राहुल ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि बिना प्रभावित वर्ग से चर्चा और बिना विपक्ष से संवाद के कानून बनाने की जिद लोकतंत्र की आत्मा पर निरंतर प्रहार है। जब 150 से अधिक सांसद निलंबित थे, तब संसद में भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, ड्राइवरों के विरुद्ध एक ऐसा कानून बनाया, जिसके परिणाम घातक हो सकते हैं। राहुल ने कहा कि सीमित कमाई वाले इस मेहनती वर्ग को कठोर कानूनी भट्ठी में झोंकना उनकी जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस कानून का दुरुपयोग संगठित भ्रष्टाचार के साथ ह्यवसूली तंत्रह्न को बढ़ावा दे सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने अपराध को लेकर हाल ही में नए कानून बनाए हैं। इस कानून के तहत कोई ट्रक या डंपर या बस चालक किसी शख्स को कुचलकर भाग जाता है तो उसे 10 साल की सजा हो सकती है। इस मामले को लेकर ड्राइवर्स दो दिनों से हड़ताल पर हैं। हालांकि केन्द्र सरकार का कहना है कि हिट एंड रन मामले में जो प्रावधान बढ़ाया गया है 10 साल तक, ये सुप्रीम कोर्ट के ऑब्जर्वेशन के तहत लिखा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने एकाधिक मामले में कहा है कि वाहन चालक जो लापरवाही से गाड़ी चलाते हैं और सड़क पर दुर्घटना करके, जिससे किसी की मौत हो जाती है, वहां से भाग जाते हैं, ऐसे लोगों के ऊपर कार्रवाई सख़्त होनी चाहिए।केन्द्र सरकार का कहना है कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) सब-सेक्शन 106 (1) और सब-सेक्शन 106 (2) से यह स्पष्ट होता है कि यदि व्यक्ति घटना के तुरंत बाद किसी पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को लापरवाही से गाड़ी चलाने से मौत की घटना की रिपोर्ट करता है, तो उस पर सब-सेक्शन 106 (2) की जगह सब-सेक्शन 106 (1) के तहत आरोप लगाया जाएगा, जिसमें 0-5 साल तक की सजा है।



### गया जंक्शन पर मिलेगी एयरपोर्ट जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं

**गया।** धार्मिक एवं पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण गया जंक्शन को विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने के लिए लगभग 300 करोड़ रूपए से पुनर्विकास कार्य जारी है। गया जंक्शन को पुनर्विकास को लेकर 100 साल से अधिक पुरानी बिल्डिंग को ध्वस्त कर ग्रीन बिल्डिंग की तर्ज पर निर्माण कार्य शुरू किया है। इसमें वेंटिलेशन व एयर फ्लो व अन्य की आधुनिक सुविधा होगी। वर्ष 2065 तक रेलवे यात्रियों की संख्या व उनकी जरूरत को ध्यान में रखकर पुनर्विकास की योजना बनाई गई है। नये वर्ष में गया जंक्शन के डेल्हा साइड में भी रेल यात्रियों को टिकटघर के साथ-साथ आरक्षण काउंटर की सुविधा मुहैया हो जाएगी। इसके लिए नये भवन बनकर तैयार है। हर स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसे वर्ष 2024 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पुनर्विकास से जुड़े कार्य पूरा होने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी विश्व स्तरीय सुविधाएं प्राप्त होंगी। बता दे कि इस वर्ष कुछ पुरानी बिल्डिंग को ध्वस्त कर निर्माण कार्य शुरू किया गया है। वहीं, पुरानी बिल्डिंग के संचालित कार्यालयों को जंक्शन के डेल्हा साइड में बने नये भवन में अस्थायी रूप से शिफ्ट किया गया है।

## बीएचयू छात्रा के लिए न्याय की मांग

# कांग्रेस पार्टी ने किया जोरदार प्रदर्शन




**वाराणसी।**आईआईटी बीएचयू की छात्रा से कथित दुष्कर्म के मामले में कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने छात्रा के लिए न्याय और आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों और पुलिसकर्मियों की झड़प भी हो गई। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को आईआईटी बीएचयू कथित दुष्कर्म के विरोध में प्रदर्शन का ऐलान किया था।मंगलवार को कांग्रेसी पीएम ऑफिस का घेराव करने जा रहे थे। इन्हें रोकने के लिए पुलिसकर्मियों ने 5 जगहों पर बैरिकेडिंग की थी। मगर कांग्रेसियों ने पहली बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद पुलिस ने उनकी घेराबंदी कर दी। पुलिस ने उन्हें करीब 200 मीटर पहले गोदौलिया चौराहा के पास रोक लिया। इसके बाद कांग्रेस नेता सड़क पर ही बैठ गए। पुलिस अफसरों से कांग्रेस पदाधिकारियों की तीखी नोक-झोंक हुई। कांग्रेसियों ने धक्का-मुक्की की। पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। सड़क पर बैठकर कांग्रेसियों ने 'रघुपति राघव राजा राम' की स्तुति शुरू कर दी।अजय राय ने यूपी सरकार से पूछा, तीनों भाजपा पदाधिकारियों के घरों पर बुलडोजर कब चलाया जाएगा। आईआईटी बीएचयू की छात्रा के साथ कथित दुष्कर्म में पुलिस लगभग दो महीने बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सकी। वाराणसी के कुणाल पांडेय, सक्षम सिंह और आनंद उर्फ अभिषेक चौहान को शनिवार रात को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

### नई दुनिया का निर्माण कर रहे हैं भारतीय साहसिक युवा प्रधानमंत्री मोदी

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तिरुचिरापल्ली में नए हवाईअड्डा की इमारत का उद्घाटन किया। इस हवाई अड्डे की इमारत के निर्माण पर लगभग 1100 करोड़ रुपये की लागत आई है। साथ ही प्रधानमंत्री ने भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित भी किया। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तमिलनाडु के दौरे पर तिरुचिरापल्ली पहुंचे। मोदी ने यहां नए हवाईअड्डा की इमारत का उद्घाटन किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि इस हवाई अड्डे से कनेक्टिविटी बढ़ेगी और इसके माध्यम से क्षेत्र के आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भीड़ प्रधानमंत्री को सुनने पहुंची। इस नए टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण पर 1100 करोड़ रुपये से भी अधिक की लागत आई है। इस दो मंजिला नई बिल्डिंग में सालाना 44 लाख से अधिक यात्रियों को सेवाएं दी जा सकेंगी। नया टर्मिनल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और वहीं व्यस्त समय में भी यहां लगभग 3500 यात्रियों को हवाई सेवाएं दी जा सकती हैं। त्रिचरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा यात्रियों के अंतरराष्ट्रीय एयर ट्रैफिक के लिहाज से तमिलनाडु में चेन्नई के बाद दूसरा सबसे बड़ा हवाई अड्डा है।



### आज ही के दिन महान रॉकेट वैज्ञानिक प्रो. सतीश धवन को देश ने खोया था



**नई दिल्ली ।** देश के वैज्ञानिक कारनामों की जब कभी बात आती है तो सतीश धवन स्पेस सेंटर का नाम अक्सर आता है। सुप्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ और एयरोस्पेश इंजीनियर प्रो. सतीश धवन के नाम पर यह संस्थान है, जिन्हें भारत में प्रायोगिक द्रव गतिकी अनुसंधान का जनक माना जाता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के तीसरे अध्यक्ष के रूप में उनकी बेमिसाल सेवाओं को देखते हुए 3 जनवरी 2002 को उनके निधन के बाद आंध्र प्रदेश के नल्लोर जिला स्थित उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र का नाम बदल कर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र कर दिया गया। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का सफल और स्वदेशी करण की दिशा उल्लेखनीय नेतृत्व किया। इसरो के कार्यकाल के दौरान ही दो उपग्रह- आर्यभट्ट (1975) और भास्कर (1979) को पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में (सोवियत रॉकेट द्वारा) स्थापित किया गया। पहले स्वदेशी रूप में निर्मित एसएलवी (उपग्रह प्रक्षेपण वाहन) ने भारत के वैश्विक अंतरिक्ष क्लब में प्रवेश की घोषणा की। प्रोफेसर सतीश धवन का जन्म 25 सितंबर 1920 को श्रीनगर में हुआ था। सतीश धवन के पिता देवीलाल आजादी से पहले पंजाब प्रांत में वकील थे जो बाद में लाहौर हाइकोर्ट में जज बने। सतीश धवन बचपन से ही पढ़ाई में बढ़िया थे। 1934 में उन्होंने मैट्रिक्युलेशन पास करने के बाद लुधियाना से विज्ञान में इंटर की परीक्षा पास की। लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से उन्होंने गणित और भौतिकी में स्नातक की परीक्षा पास की, फिर अंग्रेजी साहित्य में एमए भी किया। उन्होंने लाहौर के ही मैक्लैगन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पढ़ाई कर यूनिवर्सिटी में टॉप किया और प्रांत के पहले गोल्ड मेडलिस्ट बने। 1945 में छात्रवृत्ति पाकर आगे की पढ़ाई के लिए अमेरिका चले गए और मिनेपोलिस के मिनोसेटा विश्वविद्यालय से एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में मास्टर्स की डिग्री हासिल की।1951 में भारत लौटने के बाद प्रो सतीश धवन बेंगलुरू के भारतीय विज्ञान संस्थान में सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर के रूप में काम किया। 1955 में वे एरोनॉटिकल विभाग के प्रमुख बन गए। शोध और शिक्षण के दौरान उन्होंने अपनी लैब के लिए खुद ही उपकरण तैयार किए।

## महिला कर्मचारियों की पेंशन को लेकर सरकार ने लिया बड़ा फैसला

# वैवाहिक कलह के मामलों में ले सकती हैं निर्णय



**नई दिल्ली।** केंद्र ने मंगलवार को कहा कि एक महिला कर्मचारी अब वैवाहिक कलह की स्थिति में अपने पति के बजाय अपने बच्चे को पारिवारिक पेंशन के लिए नामांकित कर सकती है। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 का नियम 50 सरकारी कर्मचारी या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन देने की अनुमति देता है। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने अब नियमों में संशोधन किया है और एक महिला कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन के लिए अपने पति के बजाय अपने बच्चे/बच्चों को नामांकित करने की अनुमति दी है।बता दें कि यदि किसी मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी के जीवित पति या पत्नी हैं, तो पारिवारिक पेंशन सबसे पहले पति या पत्नी को दी जाती है। नियमों के अनुसार, मृत सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी का जीवनसाथी पारिवारिक पेंशन के लिए अयोग्य हो जाने या उसकी मृत्यु हो जाने के बाद ही परिवार के अन्य सदस्य अपनी बारी पर पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र बनते हैं। पेंशन पति के बजाय किसी योग्य बच्चे को की जा सकती है हस्तांतरित सचिव वी श्रीनिवास ने बताया कि यदि कोई महिला सरकारी कर्मचारी तलाक की याचिका, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के तहत याचिका या भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दायर करती है, तो उसकी पारिवारिक पेंशन उसके पति के बजाय किसी योग्य बच्चे को हस्तांतरित की जा सकती है।

# जम्मू-कश्मीर में पेट्रोल पंपों पर भीड़

## खाली हो रहे फिलिंग स्टेशन



**जम्मू/श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पेट्रोल पंपों पर मोटर चालकों, दोपहिया और तिपहिया वाहन मालिकों की लंबी कतारें लगी रहीं। हिट-एंड-रन मामलों में 10 साल की कैद और 7 लाख रुपये के जुमार्ने की अनुमति देने वाले नए कानून के विरोध में तेल टैंकर चालकों और ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के बाद, अपने टैंकों को भरने के लिए पेट्रोल स्टेशनों पर भीड़-भाड़ वाले वाहन मालिकों की लंबी कतारें लग गईं और यहां तक कि भंडारण के लिए अतिरिक्त पेट्रोल/डीजल खरीदने के लिए जेरी कैन का उपयोग करने लगे। चिंता तब ओर बढ़ गई, जब भीड़ के कारण एक के बाद एक पेट्रोल पंप बंद होने लगे। जैसे ही एक पेट्रोल फिलिंग स्टेशन का स्टॉक खत्म हो गया, हताश लोग आसपास के फिलिंग स्टेशनों पर जमा हो गए, जिससे सिलसिलेवार तरीके से पेट्रोल/डीजल स्टॉक की कमी के कारण पेट्रोल पंप बंद हो गए।संभागीय प्रशासन ने बयान जारी किया कि यूटी में एक महीने तक चलने के लिए पेट्रोलियम और एलपीजी के पर्याप्त भंडार हैं, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि ये आश्वासन अनसुना कर दिए गए।

# गांधी, अंबेडकर की तस्वीरें गायब होने का मुद्दा उठा

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस ने राज्य के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के कक्ष से महात्मा गांधी और बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीरें गायब होने पर सवाल उठाया है। अब तक भाजपा के सभी सीएम और मंत्री अपने चैंबर में महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर की तस्वीरें लगाते रहे हैं। राजस्थान कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर (हिंदी में) पोस्ट किया। संविधान की शपथ लेकर मंत्री बने... लेकिन कुर्सी पर बैठते ही संविधान निमार्ता को हटाकर आरएसएस संस्थापक को ले आए। भाजपा सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत ने पदभार ग्रहण करते ही बाबा साहेब अंबेडकर जी और महात्मा गांधी जी की तस्वीर हटा दीं।"हालांकि, मंत्री अविनाश गहलोत ने सफाई देते हुए कहा, आज पहला दिन था। चैंबर तैयार हो रहा था। शुभ मुहुर्त के अनुसार समय का संकट था। सभी महापुरुषों की तस्वीरें दिख रही हैं। आगे सभी महान लोगों की तस्वीरें हैं। महात्मा गांधी, अंबेडकर, कलाम सहित अन्य लोगों को रखा जाएगा। अभी भी बहुत काम करना बाकी है। हम महापुरुषों का पूरा सम्मान करते हैं। "गहलोत ने नये साल पर सचिवालय के मंत्रालय भवन में अपने कक्ष में पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के बाद पदभार ग्रहण किया। कक्ष में उनकी कुर्सी के पीछे लगी तस्वीरों में महात्मा गांधी और संविधान निमोता भीमराव अंबेडकर की कोई तस्वीर नहीं है।



## एंडोमेट्रियल और कोलन कैंसर के रोगियों में अक्सर 'मिसमैच रिपेयर डेफिसिट' होती है हाई

# कोलन कैंसर रोगियों के लिए इम्यूनोथेरेपी फायदेमंद

**न्यूयॉर्क।** एक रिसर्च से यह बात सामने आई है कि एंडोमेट्रियल (गर्भाशय में होनेवाली समस्या) और कोलन कैंसर रोगियों के लिए इम्यूनोथेरेपी फायदेमंद है। यह थेरेपी अत्यधिक प्रभावी उपचार है। एंडोमेट्रियल और कोलन कैंसर के रोगियों में अक्सर 'मिसमैच रिपेयर डेफिसिट' अक्सर हाई होती है। यह स्थिति डीएनए की स्वयं रिपेयर करने की क्षमता को खराब कर देती है और कई प्रकार के कैंसर का कारण बन सकती है। पिछले शोध से पता चला है कि इस स्थिति वाले कैंसर रोगी आमतौर पर इम्यूनोथेरेपी उपचार के प्रति अच्छी प्रतिक्रिया देते हैं, जो कैंसर से लड़ने के लिए व्यक्ति की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली का उपयोग करता है। अमेरिका में ब्रिघम और महिला अस्पताल में पल्मोनरी और क्लिनिकल केयर मेडिसिन डिवीजन में पोस्टडॉक्टरल रिसर्च फेलो एमडी एलियास फरहत ने कहा, "कोलोरेक्टल कैंसर और एंडोमेट्रियल कैंसर में जहां 'मिसमैच रिपेयर डेफिसिट' की कमी सबसे अधिक देखी जाती है, जब तक किसी मरीज की यह स्थिति न हो तब तक इम्यूनोथेरेपी मानक उपचार नहीं है।"फरहत ने कहा, "इस स्थिति वाले रोगियों में कैंसर के अंतिम चरण में भी इम्यूनोथेरेपी प्राप्त करने वाले लोग वर्षों तक जीवित रह सकते हैं और कुछ मामलों में संभावित रूप से ठीक हो सकते हैं। नेक्स्ट जनरेशन सीक्वेंस (कैंसर जैसी बीमारी होने का खतरा बताने वाला टेस्ट) के रूप में इसे शामिल करने से प्रीट्रीटमेंट से लेकर उन्नत चरणों तक कैंसर के सभी चरणों में रोगियों को लाभ हो सकता है।"जर्नल कैंसर सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 1,655 रोगियों के एक समूह को देखा, जिन्हें या तो कोलोरेक्टल या एंडोमेट्रियल कैंसर था और जिन्होंने इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री और नेक्स्ट जनरेशन सीक्वेंस टेस्ट करवाया था। शोधकर्ताओं ने देखा कि एंडोमेट्रियल कैंसर के लगभग छह प्रतिशत मरीज और कोलोरेक्टल कैंसर के एक प्रतिशत मरीज इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री द्वारा 'मिसमैच रिपेयर डेफिसिट' की कमी वाले रोगियों ने अन्य उपचारों की तुलना में इम्यूनोथेरेपी पर बेहतर प्रतिक्रिया दी और उनके जीवित रहने और उपचार के परिणाम उन रोगियों के समान ही थे। इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री केवल उन उत्परिवर्तनों का पता लगाती है जो एंटीजन को प्रभावित करते हैं। नेक्स्ट जनरेशन सीक्वेंस टेस्ट अधिक संवेदनशील परीक्षण है। जबकि, वर्तमान कार्य से पता चलता है कि नेक्स्ट जनरेशन सीक्वेंस इन मामलों में अधिक संवेदनशील निदान उपकरण होगा, इस अध्ययन के निष्कर्षों की पुष्टि और सामान्यीकरण के लिए आगे के अध्ययन की आवश्यकता है। अध्ययन के आंकड़ों से यह भी पता चला कि एक ही चरण में एक ही प्रकार के कैंसर वाले रोगियों में, जिन्हें इम्यूनोथेरेपी नहीं मिली, उनके परिणाम उन लोगों की तुलना में खराब थे, जिन्होंने इम्यूनोथेरेपी प्राप्त की थी।




## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का नया अंदाज

# जबलपुर में होगी एमपी कैबिनेट की पहली बैठक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भाजपा की नई सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव नए अंदाज में हैं, उनके फैसले और कार्रवाई चचाओं में है। अब वे पहली कैबिनेट की बैठक भोपाल से बाहर जबलपुर में करने जा रहे हैं। सरकार के गठन के बाद से ही राज्य में बदलाव साफ तौर पर नजर आ रहा है। नए प्रयोग किए जा रहे हैं तो वहीं सख्त फैसलों से प्रशासनिक मशीनरी से लेकर आम जनता को संदेश देने की भी कोशिश हो रही है। डॉ. यादव ने प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए एक तरफ जहां अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के अधिकारियों को संभागीय स्तर की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी है तो वहीं पुलिस महानिरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों को भी अपराध पर काबू पाने के लिए तैनात किया है।संभाग स्तर पर मुख्यमंत्री ने बैठक लेने का सिलसिला शुरू किया है तो आने वाले समय में जिले स्तर पर भी बैठकों की कवायद तेज होगी। बीते दिनों गुना में बड़ा बस हादसा हुआ। जिसमें 13 लोग जिंदा जल गए और इस हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर मुख्यमंत्री ने सख्त कार्रवाई की। परिवहन आयुक्त से लेकर गुना के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को बदल दिया गया। मुख्यमंत्री के फैसलों की सत्ता पक्ष ही नहीं विपक्ष ने भी सराहना की।



# सीएम ने 58 डोर-टू-डोर वाहनों को जनता को किया समर्पित

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 58 डोर-टू-डोर वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। सभी वाहन देहरादून शहर में लोगों के घरों पर जाकर कचरा लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने सेग्रिगेशन पर आधारित गीत का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन वाहनों की उपलब्धता से नगर निगम को अपशिष्ट प्रबंधन में काफी सुविधा होगी। राज्य सरकार प्रदेश में स्वच्छता की दिशा में लगातार काम कर रही है। स्वच्छ और सुन्दर दून के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों में स्वच्छता के प्रति तेजी से जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान निरतंर चलाए जाएं। मुख्यमंत्री ने जिन 58 डोर-टू-डोर वाहनों का फ्लैग ऑफ किया, उनसे नगर निगम देहरादून के सात विधानसभा क्षेत्रों राजपुर, रायपुर, डोईवाला, धर्मपुर, सहसपुर, मसूरी एवं देहरादून कैंट क्षेत्र से अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य किया जायेगा। इस दौरान शहरी विकास मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ, खजान दास, सविता कपूर, मेयर सुनील उनियाल गामा, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका समेत अन्य उपस्थित थे।

# पूरी टीम को वार्नर की बहुत याद आएगी: कमिंस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने पूरी टीम पर डेविड वार्नर के प्रभाव पर विचार करते हुए कहा है कि अनुभवी सलामी बल्लेबाज की कमी टीम को काफी खलेगी, क्योंकि 36 वर्षीय खिलाड़ी सिडनी में अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं। 2011 में डेब्यू करने के बाद से 111 टेस्ट मैचों में वार्नर ने 44.6 की औसत से 8695 रन बनाए हैं। उनके प्रभावशाली रिकॉर्ड में 26 शतक और 36 अर्धशतक शामिल हैं, जो खेल को तेजी से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में मोड़ने की उनकी क्षमता को दर्शाता है। वह इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल सलामी बल्लेबाजों में से एक हैं। कमिंस ने पूरी टीम पर वार्नर के महत्वपूर्ण प्रभाव के बारे में बताया और कहा कि सिडनी में तीसरे टेस्ट के समापन के बाद एक व्यक्ति के रूप में उनकी उपस्थिति को गहराई से याद किया जाएगा। कमिंस ने सेन क्रिकेट को बताया, वॉर्नर के प्रभाव से पूरी टीम बहुत खुश रहती है। वह टीम में बहुत सारी अच्छी ऊर्जा लाता है। 12 साल से अधिक वर्षों के दौरान, हमने एक साथ बहुत कुछ सहा है। यह बहुत अच्छा रहा और उसकी बहुत याद आएगी।" अनुभवी सलामी बल्लेबाज अपने होम ग्राउंड एससीजी पर अपना 112वां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे, जब ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान के खिलाफ 3-0 से सीरीज व्हाइटवॉश करना चाहेगा। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने आगे कहा, मैं पीछे मुड़कर देखता हूं जब उन्होंने शुरूआत की थी।मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी करने का एक तरीका होता है। खासकर एक शुरूआती बल्लेबाज के रूप में जहां एक निश्चित शैली होती है और आपको इसी तरह खेलना चाहिए। लेकिन वॉर्नर अलग थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए वार्नर का अंतिम टेस्ट मैच बुधवार से सिडनी में शुरू हो रहा है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पहले सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाए हुए है।

## टेस्ट विदाई से पहले भावुक हुए वार्नर

**सिडनी।** डेविड वार्नर बुधवार को एससीजी में पाकिस्तान के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का अंतिम टेस्ट मैच खेलने उतरेंगे। इस मैच से पहले जब वॉर्नर मीडिया के सामने आए तो भावुक दिखे। इस पर उनके बचपन के दोस्त और सलामी जोड़ीदार उस्मान ख्वाजा का रिएक्शन भी सामने आया। फॉक्स क्रिकेट से ख्वाजा ने कहा, ₹यह काफी खास और इमोशनल है। मैंने कभी उन्हें ऐसे नहीं देखा है। आपको वॉर्नर का यह पक्ष बहुत कम देखने को मिलेगा। जाहिर है, जब वह खेल रहा होता है तो वह आपको वह पक्ष नहीं दिखाता है। वह एक कभी हार न मानने वाला व्यक्ति है।₹ 2011 में अपने डेब्यू के बाद से 111 टेस्ट मैचों में वॉर्नर ने 44.6 की औसत से 8,695 रन बनाए हैं, जिसमें 26 शतक और 36 अर्धशतक शामिल हैं, जो कम समय में विपक्षी टीम से खेल छीनने में सक्षम साबित हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल सलामी बल्लेबाजों में से एक हैं। ख्वाजा ने यह भी बताया कि वॉर्नर द्वारा अपना टेस्ट और वनडे करियर खत्म करने पर उन्हें कैसा महसूस हो रहा है। ख्वाजा ने कहा, ₹एक साथ खेलना और इतने लंबे समय तक साथ रहना बेहद खास है। अब उस यात्रा का एक हिस्सा समाप्त हो रहा है। ख्वाजा ने वॉर्नर के साथ अपने सफर को याद करते हुए कहा कि वह एक क्रिकेट खेलने वाला बच्चा था जो ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का सपना देखता था और उनका मानना है कि वह अपने बचपन के दिनों से थोड़ा भी नहीं बदला है।

# एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर महिला मैच 13 से




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में 13 से 19 जनवरी तक एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर महिला मैच आयोजित होगा। इसमें कुल आठ देशों की टीम भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान लाने वाले देश की टीम पेरिस ओलंपिक गेम्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में आयोजित इस मैच की तैयारी जोर शोर से चल रही है। भारतीय महिला हॉकी टीम भी बुधवार को रांची पहुंच रही है और वह भी मैच में बाकी बचे दिनों तक अभ्यास करेगी। तैयारियों का जायजा लेने के लिए हॉकी इंडिया के प्रतिनिधि रांची पहुंचेंगे । आयोजन से संबंधित अपने कार्यों को वे भी शुरू कर देंगे। इसके बाद चार जनवरी को इटली और यूएसए, 6 को जर्मनी और चेक रिपब्लिक, 7 को न्यूजीलैंड, चिली और जापान की टीमें रांची आएंगी। भारत पूल बी में अपने अभियान की शुरूआत 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ करेगा। सविता पुनिया के नेतृत्व वाली टीम 14 और 16 जनवरी को न्यूजीलैंड और इटली के खिलाफ खेलेगी। यह जानकारी हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने मंगलवार को दी।

**रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में मैच आयोजित करने की चल रही तैयारी**

**भारतीय महिला हॉकी टीम भी बुधवार को रांची पहुंच रही है**

## 24वीं राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में झारखंड टीम जयपुर रवाना



**रांची।** जयपुर के सुरेश ज्ञान विहार विश्विद्यालय में दिनांक 04 से 06 जनवरी तक स्कॉय फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम स्कॉय एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रही 24वीं राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड की बालकङ्ग बालिका टीम जयपुर के लिए रवाना हुई। स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के खिलाड़ी प्रतियोगिता के विभिन्न विधाओं एवम कैटेगरी में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। बतौर टीम डेलीगेट्स टीम के साथ रवाना हुए वेदांत कोस्तव ने कहा कि टीम प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से सुसज्जित है। खिलाड़ी और एसोसिएशन दोनो ही आशान्वित हैं की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक की होड़ में झारखंड भी शामिल होगा। उन्होंने खिलाड़ियों को भी अनुशासन और खेल भावना के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से फाइट करने और अपने मजबूत पक्ष को ध्यान में रखकर प्रतियोगिता के लिए रणनीति बनाने हेतु खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

**प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड स्कॉय टीम निम्न है**

**पुरुष वर्ग :** आकाश शीट, अंकित कुमार नायक, दीपक कुमार, ऋषभ शुक्ला, मुन्ना टुडू, नौशाद आलम, अजय वाल्मीकि, सूर्या कुमार रवि, विकास कुमार।

**महिला वर्ग :** कुनामी सोरेन, सुष्मिता सोरेन, बसंती टुडू, सीमा रानी मांडी, शांति मोनी सोरेन, नेहा सिंह, सबिता मुर्मू, बसंती महतो, पार्वती महतो, सुमन एक्का, जयमती कुंटिया, पूजा तिर्की, चांदना महतो, शिवानी राय।

**प्रशिक्षक : बलराम कुमार, प्रबंधक : नीरज वर्मा**

टीम के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ. राजेश गुप्ता, मोहसिन खान, मुकेश कुमार, हरेलाल महतो, भरत कांशी, आशुतोष गोस्वामी, आनंद राव, राजेश सिंह, अरविंद सिंह, सुनील जयसवाल, अशोक मल्होत्रा, नीतीश सिंह, मो. आमिर, रंजित मेहता, राम प्रवेश तिवारी, परवाज खान, गौतम सिंह, सुनील प्रसाद, क्वीन ठाकुर, शुभम कुमार, अभिषेक शुक्ला आदि ने बधाई दी है।

## तीन दिवसीय जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता आज से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय सरना समिति के द्वारा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। आज से 5 जनवरी तक मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में तैयारी पूरी कर ली गई है। आज जयंती के अवसर पर सुबह 9:00 से प्रतियोगिता शुरू होगा। मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि कई वर्षों के बाद जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में फुटबॉल प्रतियोगिता होने जा रहा है। जो इस मैदान के लिए ऐतिहासिक सबित होगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए केंद्रीय सरना समिति सभी पदाधिकारियों काम सौंपा गया है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिएे जगलाल पाहन, अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, विश्वास उरांव, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, मुकेश मुंडा, सूरज टोप्पो, मोहन तिर्की, मुन्ना हेमरोम, विशाल मुंडा, महावीर उरांव, मंगल मिंज और सरोज नाथ महतो सहयोग कर रहे है।

## हम तदर्थ पैनल को मान्यता नहीं देते, नेशनल आयोजित करेंगे: संजय सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबित प्रमुख संजय सिंह ने कहा है कि वह भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा नियुक्त तदर्थ पैनल को मान्यता नहीं देते हैं। उन्होंने घोषणा की कि डब्ल्यूएफआई राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए आगे बढ़ेगा। सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद के लिए चुनाव जीतने के कुछ दिनों बाद, खेल मंत्रालय ने अंडर15 और अंडर20 नेशनल को आयोजित करने की घोषणा पर कुश्ती निकाय को निलंबित कर दिया और आईओए से डब्ल्यूएफआई के संचालन की निगरानी के लिए एक अस्थायी पैनल स्थापित करने के लिए कहा ।

### जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार मोमेंटो का अनावरण

## वित्त मंत्री तीन को पुरस्कार का करेंगे वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर तीन जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन होगा। इसी क्रम में मंगलवार को मोमेंटो का अनावरण किया गया। इस समारोह में विभिन्न खेल से जुडे. खिलाड़ियों, कोच, खेल को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक सह अध्यक्ष रितेश उरांव, सचिव निरंजन भारती, खेल प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो ने संवाददाता सम्मेलन में संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि झारखंड का सर्वोत्तम खेल पुरस्कार जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार₹ मोमेंटो का अनावरण जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समिति की ओर से किया गया। रितेश उरांव ने कहा कि पुरस्कार का उद्देश्य मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जीवन गाथा को जन-जन तक पहुंचना और असाधारण खेल से विश्व पटल पर देश और राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को समाज के भीतर गौरवशाली सम्मान दिलाना है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल होंगे। वित्त मंत्री सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देंगे। कांके स्थित सीएमपीडीआई के मयूरी हॉल में समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में राज्यभर के खिलाड़ी मौजूद रहेंगे।



## झारखंड टीम प्रतियोगिता में हिस्सा लेने भुनेश्वर रवाना



**रांची।** ओडिशा के भुनेश्वर में राष्ट्रीय जूनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में झारखंड की टीम भी हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए झारखंड की टीम धनबाद स्पेशल एक्सप्रेस से भुनेश्वर रवाना हो गईं। पिछले दिनों टीम का सलेक्शन ट्रायल किया गया था। जिसमें झारखंड टीम की भी घोषणा की गई थी। राष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। उनमें पुरूष आर्टिस्टिक जिमनास्टिक (मेग) में पांच खिलाड़ी सूरज केसरी, विशाल कुमार, चंदन कुमार और प्रवेश कुमार ठाकुर है। वहीं महिला आर्टिस्टिक जिमनास्टिक (वेग) में निशा कुमारी, कोच स्नेहा रंजन पासवान, मेग जज जितेंद्र कुमार, दीपक कुमार साहु, वेग जज दीप कुमारी मांझी, सुब्रा बनर्जी एवं कोच विकास गोप शामिल है। झारखंड जिमनास्टिक संघ के अध्यक्ष आरके आनन्द, कार्यकारी अध्यक्ष रंजन कुमार, सचिव निशिकांत पाठक, कार्यकारी सचिव राजीव रंजन, कोषाध्यक्ष गोविंद झा, उपाध्यक्ष तुलिका श्रीवास्तव, मुक्तिदाता खेस ने टीम के जीत की शुभकामनाएं देकर विदा किया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का भाजपा नेता ने किया उद्घाटन



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज के मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में राधे कृष्णा क्रिकेट टूनामेंट मैच का उद्घाटन मंगलवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने फीता काटकर किया. इस दौरान खिलाड़ियों व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं. खेल में भी खिलाड़ी अपना कैरियर बना सकते हैं. इस दौरान तेतरिया व अररुआ खुर्द टीम के बीच मैच खेला गया. जिसमे अररुआ खुर्द की टीम विजयी रहा. इस मौके पर टूनामेंट के आयोजक पवन यादव, विवेक विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, नंदन यादव, रंजीत मेहता, राहुल विश्वकर्मा, जितेंद्र, अंपायर संजीव पासवान के अलावे राजेश रंजन मिश्रा, विजय प्रजापति, शंभू यादव, छोटू कुमार, राजीव रंजन वर्मन, दीपक गुप्ता सहित काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे.

## रॉयल क्रिकेट क्लब ने शारदा क्रिकेट अकादमी को 84 रनों से किया पराजित



**रामगढ़।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में 2 जनवरी को शहर के छावनी फुटबॉल मैदान में ए डिवीजन जिला लीग का मैच मंगलवार को रॉयल क्रिकेट क्लब बनाम शारदा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया । निर्धारित 40-40 ओवर के मैच में रॉयल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 233 रनो का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलते हुए शारदा क्रिकेट अकादमी 23.4 ओवर में 147 रन बनाकर आउट हो गयी और मैच 84 रनो से हार गयी। रॉयल क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज दिव्यांशु राज ने शानदार 131 रन बनाए। ऋषिकेश तिवारी ने 37 और सूरज कुमार ने 19 रन बनाए। शारदा क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज राहुल राज 46 रन देकर 3 विकेट, शुभम यादव ने 55 रन देखकर दो विकेट और अनुज कुमार,अभिषेक कुमार एवं आदित्य सिंह को एक-एक विकेट मिला। शारदा क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज राहुल राज ने 29 रन ,कुमार अक्स ने 58 रन और अभिषेक ने 21 बनाए। रॉयल क्रिकेट क्लब के गेंदबाज रोहित कुमार ने 3 विकेट ,ऋषिकेश तिवारी ने चार विकेट और रविंद्र एवं वमिक राजा ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। मैच में अंपायरिंग हरकिशन कुमार व रजनीश कुमार ने की। जबकि स्कोरिंग रवि मुंडा ने किया। मौके पर सचिव अरुण कुमार राय, सुरज प्रसाद,आदित्य रजक, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्कूली खेल के ताइक्वांडो प्रतिस्पर्धी के दूसरे दिन झारखंड के आर्यन को कांस्य पदक



**रांची।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बैतूल मध्य प्रदेश में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दूसरे दिन झारखंड के आर्यन पाल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नॉक आउट स्टेज के बेस्ट ऑफ थ्री मुकाबले के पहले मैच में जम्मू और कश्मीर को 2-0 से, दूसरे मैच उतराखंड को 2-0 से, क्वार्टर फाइनल मैच में विद्या भारती को 2-0 से सेमीफाइनल में मणिपुर से मैच गंवाते हुए कांस्य पदक हासिल किया। आर्यन की इस उपलब्धि पर खिलाड़ी और टीम कोच एवं मैनेजर को शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी है।

# व्यापार

## आरबीआई 5 को 34,000 करोड़ रुपये के सरकारी बांड की नीलामी करेगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार, 5 जनवरी को आयोजित की जाने वाली नीलामी के जरिए 34,000 करोड़ रुपये के सरकारी बांड की बिक्री की घोषणा की। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पहला सेट समान मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य आधारित नीलामी के जरिए 12,000 करोड़ रुपये (नाममात्र) की अधिसूचित राशि के लिए 7.32 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2030 होगी। कहा गया है कि दूसरे में समान मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य आधारित नीलामी के जरिए 10,000 करोड़ रुपये (नाममात्र) की अधिसूचित राशि के लिए 7.18 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2037 शामिल होगी और तीसरे सेट में अधिसूचित राशि के लिए 7.25 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2063 एकाधिक मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य आधारित नीलामी के जरिए अधिसूचित राशि 12,000 करोड़ रुपये (नाममात्र) होगी। सरकार के पास प्रत्येक सुरक्षा के बदले 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बरकरार रखने का विकल्प होगा। सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा योजना के अनुसार प्रतिभूतियों की बिक्री की अधिसूचित राशि का 5 प्रतिशत तक पात्र व्यक्तियों और संस्थानों को आवंटित किया जाएगा। नीलामी के लिए प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों बोलियां 5 जनवरी को आरबीआई कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए। गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10:30 बजे से 11:00 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए और प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए। नीलामी का परिणाम 5 जनवरी को घोषित किया जाएगा और सफल बोलीदाताओं द्वारा भुगतान 8 जनवरी को किया जाएगा।

## अब प्रमुख शहरों में जोमैटो लेगा प्रति ऑर्डर 4 रु. फीस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नए साल की पूर्व संध्या पर रिकॉर्ड फूड ऑर्डर से उत्साहित फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने प्रमुख बाजारों में अपने अनिवार्य प्लेटफॉर्म शुल्क को तीन रुपये से बढ़ाकर चार रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। नई दरें 1 जनवरी से प्रभावी हो गईं। नए साल की पूर्व संध्या पर जोमैटो ने कुछ बाजारों में अपने प्लेटफॉर्म शुल्क को अस्थायी रूप से नौ रुपये प्रति ऑर्डर तक बढ़ा दिया था। कंपनी के शेयर मंगलवार को तेजी के साथ खुले और सुबह 126 रुपये के आसपास थे। पिछले साल अगस्त में जोमैटो ने अपने मार्जिन में सुधार करने और लाभदायक बनने के लिए दो रुपये का प्लेटफॉर्म शुल्क लगाया था जिसे बाद में बढ़ाकर तीन रुपये कर दिया गया था। अब 1 जनवरी से इसे फिर से बढ़ाकर चार रुपये कर दिया। नया प्लेटफॉर्म शुल्क जोमैटो गोल्ड सहित सभी ग्राहकों पर लगाया गया है। जोमैटो और उसके क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट में पिछले सालों की तुलना में नए साल की पूर्व संध्या पर अब तक के सबसे ज्यादा ऑर्डर और बुकिंग देखी गईं। जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया, "हमने नए साल की पूर्व संध्या पर लगभग उतने ही ऑर्डर वितरित किए हैं जितने 15, 16, 17, 18, 19, 20 को मिलाकर किए थे। भविष्य को लेकर उत्साहित हूं!" ब्लिंकिट के सीईओ अलबिंदर ढींडसा ने कहा कि उन्होंने नए साल की पूर्व संध्या पर ही ऑर्डर की कुल संख्या को पार कर लिया।

## पांच तेल कंपनियां शेयरधारकों को 100 अरब डॉलर से ज्यादा वितरित करेंगी




**एजेंसी। लंदन**

जीवाश्म ईंधन मुनाफे पर बढ़ते जनाक्रोश की पृष्ठभूमि में दुनिया की पांच सबसे बड़ी सूचीबद्ध तेल कंपनियों द्वारा अपने निवेशकों को 2023 के लिए 10 करोड़ डॉलर से अधिक के रिकॉर्ड भुगतान के साथ पुरस्कृत किए जाने की उम्मीद है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) के अनुसार, पांच 'सुपर-मेजर' - बीपी, शेल, शेवरॉन, एक्सॉनमोबिल और टोटलएनर्जीज ने शेयरधारकों को 2022 कैलेंडर वर्ष में 104 अरब डॉलर के लाभांश भुगतान और शेयर बायबैक की सौगात दी थी। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद बड़ी तेल और गैस कंपनियों के लिए एक साल के रिकॉर्ड मुनाफे के बाद बंपर भुगतान हुआ, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार में गिरावट आई, जिससे ब्रेंट क्रूड की अंतर्राष्ट्रीय कीमत में वृद्धि हुई और पूरे यूरोप में गैस की कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई। आईईईएफए के वित्तीय विश्?लेषकों ने कहा कि कमोडिटी बाजार की कीमतों में गिरावट के कारण मुनाफा कम होने के बावजूद कंपनियों को इस साल और भी ज?यादा शेयरधारक वितरण का भुगतान किए जाने की संभावना है। भुगतान उस वर्ष के बाद भी किया जाएगा, जो रिकॉर्ड पर किसी भी वर्ष की तुलना में अधिक गर्म होने की उम्मीद है, जलवायु आपातकाल के कारण चरम मौसम की घटनाओं की एक श्रृंखला हुई है। आईईईएफए के एक विश्?लेषक, ट्रे कोवान ने कहा : ह्लशेयर बायबैक और लाभांश के जरिए वितरण की मौजूदा रफ्तार को देखते हुए ये पांच सुपर-मेजर 2023 में शेयरधारकों को वितरण के लिए एक रिकॉर्ड स्थापित कर सकते हैं, जो 2022 कैलेंडर वर्ष के दौरान खर्च किए गए 104 अरब डॉलर से जयादा होगा।"

## सेंसेक्स 500 अंक से ज्यादा लुढ़का

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिग्गज शेयरों में बिकवाली के दबाव से बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को शुरूआती कारोबार में 559 अंक गिरकर 71,712 पर आ गया। अल्ट्राटेक सीमेंट में तीन फीसदी से ज्यादा गिरावट रही, एमएंडएम, एलएंडटी, विप्रो में दो फीसदी से ज्यादा गिरावट रही। वी.के. जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार विजयकुमार ने कहा कि देखने लायक एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति अस्थिरता सूचकांक वीआईएक्स में 14.5 तक की बढ़ोतरी है जो इंगित करती है कि उच्च अस्थिरता निकट है। सोमवार को आखिरी 30 मिनट में बिकवाली एक चेतावनी है कि उच्च स्तर पर बड़ी बिकवाली हो सकती है। पिछले एक महीने में निफ्टी में आई 1000 प्वाइंट की तेजी ने बाजार को गति दी है। 2023 के उत्कृष्ट रिटर्न से प्रोत्साहित खुदरा निवेशक उत्साहित हो गए हैं और विशेष रूप से मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में उच्च मूल्यांकन की परवाह किए बिना निवेश कर रहे हैं।



**पिछले एक महीने में निफ्टी में आई 1000 प्वाइंट की तेजी ने बाजार को गति दी है।**

उन्होंने कहा, निवेशकों को 'नवीनता पूर्वाग्रह' के जाल में नहीं फंसना चाहिए और व्यापक बाजार में निम्न श्रेणी के शेयरों में निवेश से बचना चाहिए। डॉलर और अमेरिकी बांड पैदावार में गिरावट इक्विटी के लिए अनुकूल वैश्विक संदर्भ प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि 2024 में एफआईआई प्रवाह बहुत बड़ा होने की संभावना है और इसमें उच्च गुणवत्ता वाले लार्ज-कैप को उठाने की क्षमता है, खासकर बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में जहां मूल्यांकन उचित है।

## एलआईसी को 806 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को महाराष्ट्र राज्य के लिए ब्याज और जुमार्ने के साथ 806 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह का डिमांड ऑर्डर मिला है। एलआईसी को मुंबई के राज्य कर उपायुक्त से 806.3 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस मिला। एलआईसी निर्धारित समय सीमा के भीतर उक्त आदेश के खिलाफ आयुक्त (अपील), मुंबई के समक्ष अपील दायर करेगी। कुल में 365.02 करोड़ रुपये का जीएसटी, 404.7 करोड़ रुपये का जुमार्ना और 36.5 करोड़ रुपये का ब्याज शामिल है। मांग आदेश सीजीएसटी नियम, 2017 के 42 और 43 के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट के गैर-उलटीकरण के कारण है; पुनबीर्मा से प्राप्त आईटीसी का प्रत्यावर्तन; जीएसटीआर-3बी के साथ किए गए विलंबित भुगतान पर ब्याज; प्राप्त अग्रिम पर ब्याज (प्रस्ताव जमा); और जीएसटीआर-1 में आपूर्तिकताओं द्वारा दर्शाई गई।

## एक नजर

### गांगपुर गांव के सात लोगों पर मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर में बीते देर शाम दो गुटों में जमकर झड़प हुई। जिसमें थाना क्षेत्र के इचाक गांव के सुधीर सिंह के पुत्र अभिमन्यु कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करने के उपरांत बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। गांगपुर गांव के करीब 6-7 लोगों द्वारा अभिमन्यु कुमार सिंह को जमकर पिटाई किया गया।

### चौक चौराहों पर की अलाव की व्यवस्था

**बारियातु।** बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड प्रशासन ने फूलसु मोड़ सहित अन्य चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की। सीओ नंद कुमार राम ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है। कई कार्य के लिए क्षेत्र से ग्रामीण बारियातु मुख्यालय आते हैं। लगातार ठंड बढ़ रही है, जिसे देखते हुए चौक चौराहे पर लकड़ी की व्यवस्था की गई है।

### भंडारे में 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**श्री बंशीधर नगर।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद व विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक अनवरत चलता रहा। कार्यक्रम में अस्पताल के प्रधान सहायक राजेश सिन्हा, बीडीएम अनुरंजन पांडे, एमपीडब्लू असफाक अहमद, अंकित कुमार, निखिल आदि मौजूद थे।

### जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता पांच को

**मेदिनीनगर।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में पांच जनवरी को जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह प्रतियोगिता जीएलए कॉलेज के नवनिर्मित स्टेडियम में सुबह 9.30 बजे से प्रारम्भ होगी। प्रतियोगिता बालक-बालिक ग्रुप के चार वर्गों में होगी। पलामू डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों को अपने साथ उम्र प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### चार साल में लूट व झूठ में व्यस्त रही सरकारः भाजयुमो

**मेदिनीनगर।** हेमंत सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल को पूरी तरह विफल करार देते हुये भाजयुमो ने गहरा रोष जताया है। जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि इस दौरान प्रदेश सरकार सिर्फ प्राकृतिक संसाधनों की लूट व झूठ बोलकर आम जनता को बरगलाने में लगी रही। चारो तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि व अफसर दोनों मिलकर प्रदेश को खोखला बना रहे हैं।

---

### वाहन चालकों ने सीओ व थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर पीएम से नए कानून को वापस लेने की मांग

# हिट एंड रन कानून के विरोध में आक्रोश मार्च, सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून में सजा को सख्त किये जाने के विरोध में मंगलवार को प्रखंड के दो स्थानों एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर सिकनी कोलयरी के समीप और शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप चालकों ने सड़क जाम कर दिया। इस दौरान दोनों ही स्थानों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। चंदवा में नये मोटर वाहन नियम के विरोध में चालकों ने डांकबंगला से इंदिरा गांधी चौंक तक आक्रोशपूर्ण रैली निकाली।

इसमें शामिल चालक नए मोटर वाहन कानून को वापस करो, मोदी सरकार होश में आओ के नारे लगा रहे थे। इसका नेतृत्व चालक संघ के अध्यक्ष अशोक दुबे, सचिव छोटू नायक, झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, माकपा नेता अयुब खान संयुक्त रूप से कर रहे थे। वक्ताओं ने कहा कि संसद में भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद अब हिट एंड रन (मोटर वाहन दुर्घटना) के मामलों में वाहन चालकों को 10 वर्ष की सजा एवं 7 लाख रुपये का भारी भरकम आर्थिक जुर्माना का प्रावधान किया गया है। मोदी सरकार के इस कानून से वाहन चालक बेरोजगार हो जाएंगे। यह चालकों के लिए उम्र कैद जैसी सजा से कम नहीं है। एक तो लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है, दूसरी तरफ किसी प्रकार अपनी जीविका चला रहे लोगों को बेरोजगार करने के लिए सरकार नए नए अध्यादेश ला रही है। वाहन चलाकर चालक किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार के इस नए मोटर वाहन कानून ने चालकों को बेचैन कर दिया है।

### वाहन चालकों ने देशवासियों से की आंदोलन को समर्थन करने की अपील

**चंदवा।** वाहन चालकों ने आंदोलन को देशवासियों से समर्थन करने की अपील की है। चालक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे ने कहा कि इस कानून से सिर्फ वाहन चालकों को ही नहीं है बल्कि इससे वाहन मालिक, मोटर पार्ट्स, गैरेज वर्कर्स, पेट्रोल पंप, बजार हाट, परिवहन से जुड़े करोड़ों देशवासियों की रोजी रोटी पर बहुत ही बुरा असर पड़ेगा। केंद्र सरकार द्वारा वापस ली गई काले कृषि कानून से भी अहितकारी है यह नया मोटर वाहन कानून। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी दुर्घटना में चालक के साथ दुर्घटना का शिकार पीड़ित का भी कहीं न कहीं गलती होती है। कोई भी चालक घर से यह सोच कर नहीं निकलता है कि वह आगे जाकर किसी निर्दोष की जान ले लेगा। उनके बीवी बच्चे भी उनका घर वापस लौटने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ऐसे में सिर्फ एक पक्ष के विरुद्ध कानूनी तौर पर आर्थिक व जेल की सजा का प्रावधान करना गलत है।

# परीक्षा पास कर नयन रंजन बने ग्रामीण बैंक में सहायक



**संतोष निराला। गिद्धौर (चतरा)**

गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय निवासी के नंदकिशोर दांगी के पुत्र नयन रंजन ने आईबीपीएस (आरबीआई) की परीक्षा उत्तीर्ण होकर न केवल प्रखंड का नाम रोशन किया है। बल्कि अपने माता-पिता का भी मान बढ़ाया है। रंजन के माता-पिता दोनों प्राइवेट विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका हैं। नयन रंजन बचपन से ही मेधावी छात्र रहा है। बताया जाता है कि आईबीसीएस (आरआरबी) परीक्षा में झारखंड से ढाई लाख छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें ओबीसी वर्ग का 10 सीट आरक्षित थी। गिद्धौर के नयन रंजन का ऑफिस असिस्टेंट के पद पर चयनित हुआ है। अपनी सफलता का श्रेय पिता व माता विनीता कुमारी के साथ अपने गुरु जनों को दिया है। बताया जाता है कि रंजन मैट्रिक की पढ़ाई इंदुमती टीबड़ेवाल चतरा से 2016 व इंटर की पढ़ाई विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज हजारीबाग से 2018 में पूरी की है। जबकि स्नातक की पढ़ाई 2022 में संत कोलम्बस महाविद्यालय हजारीबाग से पूर्ण किया है। नयन रंजन के सफलता पर परिवार जनों में हर्ष व्याप्त है, जबकि जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है।

## मुखिया प्रत्याशी ने महिला को डंडे से पीट किया घायल

**चतरा।** लावालौंग थाना क्षेत्र के लावालौंग पंचायत स्थित परामातु गांव निवासी सह मुखिया प्रत्याशी रह चुकी प्रतिमा देवी ने एक महिला को डंडे से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता फुलमतिया देवी ने लावालौंग थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का अरोप है कि गांव की एक अन्य महिला के साथ प्रतिमा का विवाद हो रहा था और मैं अपने घर के समीप बैठी हुई थी। तभी पुराने कसर को लेकर प्रतिमा डंडा लेकर मेरी तरफ दौड़ी। इसके पहले कि मैं कुछ समझ पाती प्रतिमा अपनी पुत्री के साथ मिलकर मेरे ऊपर डंडे बरसाने लगी। फुलमतिया के सर, चेहरे, पीठ एवं पैर पर गहरी चोट लगी है। फुलमतिया ने बताया कि छह माह पूर्व भी प्रतिमा ने मेरे साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। प्रतिमा एवं उसका पति विष्णु रविदास अपने कुएं से लोगों को यह कहकर पानी तक नहीं लेने देते कि तुमने मुझे वोट नहीं दिया है।

# बरवाहीह मंडल सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो सड़क जाम करेंगे आंदोलनकारी




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

झारखंड आंदोलनकारी की एक आपातकालीन बैठक मंगलवार को मुरली प्रसाद के आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी मुरली प्रसाद ने की।

1 जनवरी को बरवाहीह मंडल सड़क देखने के क्रम में मोरवाई पंचायत के मुखिया आशीष सिंह एवं ग्राम चमरडीहा बढ़निया, सैदुप, मोरवाई, ततहा एवं मंडल गांव के ग्राम प्रधान द्वारा पूर्व में की गई ग्राम सभा की एक प्रति झारखंड आंदोलनकारियों को दी एवं सड़क की जर्जर स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों की आम सहमति द्वारा 1972 में बनी बरवाडीह-मंडल सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया, जिसमें लिखा है कि बरवाडीह-मंडल सड़क नहीं बना तो चुनाव का बहिष्कार करेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्रामीणों की मांग जायज है। झारखंड आंदोलनकारी ग्रामीणों के नारा रोड नहीं तो वोट नहीं का समर्थन करती है तथा 3 जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा के जन्म दिवस पर रोड जाम एवं आर्थिक नाकेबंदी एवं रेल चक्का जाम करने की घोषणा भी करेगी। बैठक में मुख्य रूप से मुरलीधर प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, विरेन्द्र ठाकुर, राकेश कुमार, मकसूद आलम, हरिनन्दन भगत, धूरबिगन सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

## 16 एकड़ में अवैध अफीम खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**चतरा।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलकोले पंचायत स्थित मड़वा एवं लेम्बोडीह मे सोलह एकड़ वन भूमि में लगे अवैध अफीम खोती को पुलिस ने मंगलवार को अभियान चलाकर नष्ट कर दिया। अभियान प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा के नेतृत्व मे चलाया गया। एसआई रोहित साव ने बताया कि गुप्त सूचना पर अभियान चलाकर अवैध अफीम खोती को नष्ट कर दिया गया। विनष्टिकरण के दौरान गांव के लोग घरों में ताला मारकर भाग जाते हैं। इसके कारण अफीम की खेती करने वालों और तस्करों के बारे में सूचना मिलना मुश्किल हो जाता है। हालांकि खेती करने वालों के पहचान के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। अभियान में एसआई साव के साथ आईआरबी एवं जिला पुलिस के जवान शामिल थे।

# हिट एंड रन कानून में संशोधन की उठी आवाज



अनुज त्रिपाठी



कौशल किशोर बच्चन



संग्राम सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नये हिट एंड रन कानून की घोर निंदा करते हुये स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने समवेत स्वर में इसमें संशोधन की आवाज बुलंद की है। पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य जयशंकर कुमार उर्फ संग्राम सिंह ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता के नये कानून के तहत हिट-एंड-रन के मामलों में चालकों पर सात लाख रुपये का जुमार्ना और 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है। जबकि कोई भी चालक जानबूझ कर दुर्घटना नहीं करता है। माली हालत ठीक नहीं होने के कारण ही वह चालक जैसे जानलेवा पेशे में आता है। सदर प्रखंड के रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि भारत में एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन प्रोटोकॉल का अभाव है। ऐसे मामलों में जब कोई एक्सीडेंट होता है तो बिना किसी जांच के बड़े वाहन चालक की गलती करार दी जाती है। चालक दुर्घटना की जिम्मेदारी से बचने के इरादे से नहीं भागता बल्कि बेकाबू होती भीड़ और खुद की जान बचाने के लिए वह भागता है। ऐसे में उस पर सजा का प्रावधान और जुमार्ना लगाना ठीक नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बच्चन ने इस कानून को काला कानून की संज्ञा देते हुये कहा कि सरकार को ऐसा कानून लाना चाहिए कि बिना लाइसेंस के लोग सड़क पर गाड़ी ना चलायें। साथ ही शराब पीकर व ओवरलोड वाहनों के संचालन से भी दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ जाता है।

### मुख्यमंत्री जननी सुरक्षा योजना के तहत किया गया है 132.58 लाख रुपये भुगतान

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मुख्यमंत्री जननी सुरक्षा योजना के तहत अप्रैल से सितंबर 2023 तक लाभार्थियों को 132.58 लाख रुपए भुगतान किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला स्तर पर त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार किया जाता है। अप्रैल से जून माह तक जिले में 5978 महिलाओं का स्थागत प्रसव विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कराया गया,जिसमें लाभार्थियों को 83.7 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। वहीं जून से सितंबर माह तक 3492 महिलाओं का संस्थागत प्रसव हुआ, जिसके तहत लाभार्थियों को 48.88 लाख रुपए भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संस्थागत प्रसव होने पर महिला लाभार्थी को 1400 रुपए और शहरी क्षेत्र में सरकारी संस्थागत प्रसव कराने पर लाभार्थी महिला को एक हजार रुपए की दर से भुगतान किया जाता है।

# कनकनी, कोहरे के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के कारण हिमालय क्षेत्र, मुख्य रूप से जम्मू- कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। उसके कारण ठंड हवा हिमालय क्षेत्र से मैदानी क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है और ठंड बढ़ी हुई है। गढ़वा एवं इसके आसपास के क्षेत्रों ठंड अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। इस तरह का मौसम अगले सप्ताह तक बने रहने की उम्मीद है। सबेरे के समय कोहरा भी बन रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय कृषि वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार यह बताते हैं। उधर ठंड, कनकनी और कोहरे के कारण जिलेभर में जन-जीवन अस्त-व्यस्त रहा। शनिवार को दिनभर सूरज के दर्शन लोगों को नहीं हुए। ठंड और कोहरे का असर यातायात पर भी पड़ रहा है। गढ़वा-अंबिकापुर एनएच 343 पर चलने वाली अधिसंख्य यात्री बसों की गति धीमी हो गई।

### फसल व पशुओं के स्वास्थ्य पर असर

कृषि वैज्ञानिक डॉ अशोक बताते हैं कि कोहरा अभी कुछ दिनों तक बनता रहेगा। गेहूं, सरसों, सब्जियों में सिंचाई का समय होने के कारण खेतों में नमी बनी हुई है। ठंडी हवा इस नमी के संपर्क में आती है तब कोहरा का निर्माण होता है। कभी-कभी कोहरा के साथ धुएं का मिश्रण या धूल का मिश्रण होने से धुंध भी बनता है। यह आलू फसल के लिए सबसे घातक है। आलू में झुलसा रोग लग सकता है। फसल पर झुलसा का प्रकोप दिखे किसान बचाव के लिए जरूरी उपाय अपनाएं। केंद्र की पशुपालन वैज्ञानिक डॉ सुषमा ललिता बाखला बताती हैं कि दिन में सामान्य धूप पर शाम से रात तक तापमान में काफी गिरावट आ रही है।

### वार्ड सदस्य के निरीक्षण में बंद मिले विद्यालय व आंगनबाड़ी

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के बभंडी पंचायत के वार्ड सदस्य अरविंद कुमार मेहता तथा मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने मंगलवार को पंचायत क्षेत्र के कई स्कूलों सहित गेरुआ धाम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस क्रम में सुबह 9:35 बजे तक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तरवन कला में ताला लटका मिला। यहां के प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार मेहता भी अनुपस्थित पाये गये। इसके अलावा गेरुआ धाम आंगनबाड़ी केंद्र 10:10 बजे तक बंद पाया गया। साथ ही वहां एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था। वार्ड सदस्य व मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिली शिकायत वरीय पदाधिकारी से की गयी है। कार्रवाई नहीं की गयी तब उपायुक्त पलामू को इस संबंध में अवगत कराया जाएगा।

## पेज एक के शेष

### झारखंड के राजनीतिक प्याली...

बजाय सीएम ने एजेंसी के समन को अवैध बताया। साथ ही कहा कि उनके मामले में एजेंसी मीडिया ट्रायल चला रही है। समन मिलने के पहले इसकी खबर मीडिया को दे दी जाती है। सीएम ने कहा कि समन के जरिए उनकी राजनीतिक छवि खराब की जा रही है। साथ ही राज्य को अस्थिर करने की कोशिश भी हो रही है। सीएम ने ईडी के सामने उपस्थिति से भी इंकार किया। मालूम हो कि समन के अनुसार उन्हें 5 जनवरी को जवाब देने को कहा गया था।

**सारी जानकारी पहले ही दे चुके हैं, जो पूछना है पत्र के जरिए पूछें :** अपने पूर्व के पत्र की तरह इस पत्र में भी सीएम ने लिखा है कि वह अपनी संपत्ति समेत सारे विवरण 30 नवंबर 2022 को हलफनामे के जरिए दे चुके हैं। इससे अलग अगर किसी विषय में एजेंसी को कोई जानकारी चाहिए तो वह पत्र के जरिए उनसे पूछ सकती है।

### वेट एंड वाच की ...

चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार की सुबह चाय-पान की दुकानों के साथ चौक-चौराहों पर प्रदेश का राजनीतिक माहौल ही चर्चा का केंद्र बिंदु बना रहा। पक्ष व विपक्ष सभी दलों के पदाधिकारी अब नेतृत्व के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं। बहरहाल पलामू के फिजां में सूबे में निजाम परिवर्तन की सरगर्मी तेज हो गयी है। झामुमो विधायक के इस्तीफे को सभी ईडी की कार्रवाई से जोड़कर देख रहे हैं।

### तमिलनाडु बन रहा है...

सेनगोल की स्थापना, काशी तमिल और काशी सौराष्ट्र संगमम का उल्लेख उन प्रयासों के रूप में किया, जिनसे पूरे देश में तमिल संस्कृति के प्रति उत्साह बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में सड़क मार्ग, रेलवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे, गरीबों के लिए घर और अस्पतालों जैसे क्षेत्रों में भारत के भारी निवेश के बारे में जानकारी दी और उन्होंने भौतिक बुनियादी ढांचे पर सरकार के जोर को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के दुनिया की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का भी उल्लेख किया, जहां यह दुनिया के लिए आशा की किरण बन गया है। दुनिया भर से भारत में आने वाले भारी निवेश का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका सीधा लाभ तमिलनाडु और उसके लोगों को मिल रहा है, क्योंकि राज्य मेक इन इंडिया के लिए एक प्रमुख ब्रांड एंबेसडर बन गया है। प्रधानमंत्री ने सरकार के दृष्टिकोण को दोहराया जहां राज्य का विकास राष्ट्र के विकास में प्रतिबिंबित होता है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के 40 से अधिक केंद्रीय मंत्रियों ने पिछले वर्ष में 400 से अधिक बार तमिलनाडु का दौरा किया है। प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा तमिलनाडु पर रिकॉर्ड खर्च की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले के दशक में राज्यों को 30 लाख करोड़ रुपये दिये गये थे जबकि पिछले 10 साल में राज्यों को 120 लाख करोड़ रुपये दिये गये। तमिलनाडु को भी 2014 से पहले के 10 वर्षों की तुलना में इस अवधि में 2.5 गुना अधिक पैसा मिला। राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए तीन गुना से अधिक खर्च किया गया और राज्य में रेलवे क्षेत्र में 2.5 गुना अधिक पैसा खर्च किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य के लाखों परिवारों को मुफ्त राशन, चिकित्सा उपचार और पक्के घर, शौचालय और पाइप से पानी जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन भी उपस्थित थे।

### हिट एंड रन...

दुर्घटना मामलों के विशेषज्ञ एडवोकेट अरविंद लाल का कहना है कोई पकड़ा गया तो हिट एंड रन नहीं और दुर्घटना के कुल 32 कारण होते हैं जिसमें खराब सड़क,सिग्नल का न होना,नकली पुर्जों में खराबी, बिना टेस्ट के लाइसेन्स और सड़क पर जाने अनजाने करतब दिखने वाले या लापरवाही से चलने वाले शामिल हैं पर सिर्फ ड्राइवर को दोषी मानना और तीन महीने तक जमानत न देना काला कानून ही है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि दुर्घटना का कारण स्पष्ट किया जाए जिसका पालन जांचकर्ता पुलिस की अज्ञानता से नहीं हो पाता ।इनका मानना है कि इससे दरोगा राज बढ़ेगा और रिश्वत की रकम बढ़ जाएगी। पुलिस अभी तक आईपीसी की धाराओं से चार्जशीट फाइल करती रही है जबकि मोटर वाहन अधिनियम में प्रावधान हैं जिस तकनीकी कारण से कई बार आरोपी बरी हो जाते हैं। दुर्घटनाओं पर रोक के लिए सरकारी गाड़ियों सहित सभी के लाइसेन्स, इन्शोरेंस और परमिट की जांच होनी चाहिए जो नकली भी होते हैं।

## खेलकूद

### गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) का उद्घाटन

# 'लड़कियों के लिए क्रिकेट के क्षेत्र में अच्छा अवसर'




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के महिला वर्ग का उद्घाटन मंगलवार को गोविंद हाई स्कूल के मैदान में प्रतियोगिता के संरक्षक संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह सुशील केशरी, अशोक कुमार दुबे, सह सचिव चंद्रभूषण सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि यह प्रतियोगिता 22 वर्ष से निरंतर चल रहा है। आज से बालिका वर्ग का मैच शुरू हो रहा है। लड़कियों के लिए क्रिकेट के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं, जहां पर आप बेहतर करके राज्य और देश स्तर पर बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति काफी अनुभवी है जो आपके जन्म से पहले से प्रतियोगिता को आयोजन कर रही है। सभी जगह लड़कों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, परंतु यह एक ऐसा मंच है जहां लड़कों की तरह लड़कियों के लिए भी प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आपलोगों की प्रतिभा को आगे लाने के उद्देश्य से ही प्रतियोगिता की शुरुआत की गई है और कई प्रतिभाएं निकलकर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि बालिका का वर्ग के मैच में आठ टीमें भाग ले रही हैं। सभी टीम राउंड रोबिन लीग के आधार पर एक दूसरे के साथ मैच खेलेंगे और जो भी अपने ग्रुप में टॉप टू में शामिल होंगे, वे सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगे। उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को अनुशासन और खेल भावना के साथ खेलने की बात कही। प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सुशील केशरी ने मंच का संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन कमलेश दुबे ने किया। मौके पर विजय चौबे, अभय दुबे, नवनीत दुबे प्रिंस खान, अभिषेक द्विवेदी, विशाल कुमार, धीरज, मनीष उपाध्याय, आलोक दिव्य रंजन, शहजाद खान मौजूद थे।

### अदबी संसार ने वर्ष 2024 का कैलेंडर किया जारी

**मेदिनीनगर।** कैलेंडर का हमारे दैनिक जीवन में बड़ा महत्व है। इसका व्यावहारिक उपयोग दिनों, महीनों आदि की पहचान करना है। उक्त बातें वरिष्ठ नेता व चर्चित समाजसेवी मुमताज अहमद खां ने राहत नगर स्थित अमीन रहबर के आवास पर पलामू साहित्य में अदबी संसार की भूमिका व वर्ष 2024 का वार्षिक कैलेंडर लोकार्पण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि सरकारी या गैर सरकारी संस्थानों में कार्य दिवस की पहचान कर काम करने में कैलेंडर हमारी मदद करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता इमरान शाद जबकि संचालन अदबी संसार के संस्थापक एमजे अजहर ने किया। संरक्षक अमीन रहबर ने सहयोग के लिये आमजनों का आभार प्रकट किया। कोषाध्यक्ष अदनान काशिफ, जावेद अहमद खां, मुमताज अंसारी, मो. हसनैन खां, फैयाज अहमद, मो. यासीन, मो. कलाम आजाद ने विचार व्यक्त किया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### देश में कोरोना के 573 नए मामले आए सामने, दो की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मामले में लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 573 नए मामले सामने आए हैं। इसी दौरान इससे दो लोगों की मौत हुई है। साथ ही इस अवधि में 400 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के एक्टिव मामले बढ़कर 4565 हो गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक कर्नाटक से सबसे ज्यादा कोरोना के मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

### नहीं रहे हिन्दू स्वयंसेवक संघ, अमेरिका के संघचालक प्रो. नंदा



**डेनवर (अमेरिका)।** हिन्दू स्वयंसेवक संघ, अमेरिका के संघचालक प्रोफेसर वेद प्रकाश नंदा का नववर्ष के पहले ही दिन निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। अमेरिका के डेनवर स्थित अपने घर में 1 जनवरी, 2024 की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रोफेसर नंदा अमेरिका में हिन्दू स्वयंसेवक संघ के प्रमुख होने के साथ ही अनेक स्वयंसेवक संस्थाओं के लिए एक मजबूत स्तंभ थे।

### दक्षिण कोरिया के विपक्षी नेता की गर्दन पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के विपक्षी नेता ली जेम्युंग पर बुसान शहर में चाकू से जानलेवा हमला किया गया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। हमले के समय डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख ली जेम्युंग, बुसान शहर के गाडेओक द्वीप पर एयरपोर्ट निर्माण स्थल का दौरा करने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। इसी दौरान हमलावर ने चाकू से उनकी गर्दन पर वार किया। हमलावर को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### एससी ने पूछा - रेलवे यात्रा सुरक्षित बनाने के क्या कदम उठाए गए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी से पूछा है कि रेलवे यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार की ओर से क्या कदम उठाए जा रहे हैं। अटार्नी जनरल को भारतीय रेलवे में कवच सुरक्षा प्रणाली लागू करने को लेकर भी जवाब देना है। पिछले साल ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे को लेकर वकील विशाल तिवारी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अटार्नी से इसकी जानकारी मांगी है।

# 16 से शुरू हो जाएंगे प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम

- 17 को नगर भ्रमण के बाद मूर्ति का किया जाएगा अनावरण
- पूरे सप्ताहभर चलेगा प्रभु राम की प्रतिष्ठा का कार्यक्रम

### नगर भ्रमण के दौरान प्रभु के आंख पर बंधी होगी पट्टी

**एजेंसी। अयोध्या**

वह दिन अब बेहद करीब है जब पूरा देश आराध्या प्रभु राम की जन्मभूमि पर नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनेगा। अयोध्या के राम मंदिर में होने जा रहे इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होगा लेकिन यह पूरा कार्यक्रम करीब हफ्ते भर चलेगा। 16 जनवरी 2024 से यह आयोजन शुरू हो जाएगा। हाल ही में गर्भगृह में विराजित होने जा रही रामलला की मूर्ति का चयन कर लिया गया है। देश के प्रख्यात शिल्पकार अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई मूर्ति को इस परमपवित्र गर्भगृह में विराजित करने के लिए चुना गया है। हालांकि इस मूर्ति को लोग 17 जनवरी को ही देख सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा है कि ट्रस्ट अभी चुनी हुई मूर्ति के बारे में कुछ नहीं कहेगा। प्राण प्रतिष्ठा से पहले 17 जनवरी को मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। इसी दिन रामभक्त प्रभु राम की मूर्ति देख सकेंगे। इसके लिए अयोध्या में नगर यात्रा निकाली जाएगी। इसी दिन इस मूर्ति की तस्वीर और वीडियो आम जनता के लिए जारी किए जाएंगे। नगर यात्रा पर जब प्रभु राम की मूर्ति निकलेगी, तब उनकी आंखें भक्तों को नजर नहीं आएंगी क्योंकि प्रभु की मूर्ति की आंखों को कपड़े की पट्टी से ढंक दिया जाएगा।




### क्यों बंधी रहेगी मूर्ति की आंखों पर पट्टी

**ज्योतिषाचार्य** पंडित दिवाकर त्रिपाठी, पूर्वांचली के अनुसार जब भक्त भगवान के दर्शन करता है तो उसकी आंखों में ही देखता है। आंखें ही ऊर्जा का स्त्रोत होती हैं वहीं से भावों का आदान-प्रदान होता है। यानी कि भगवान की मूर्ति में आंखें ही सबसे अहम होती हैं, इसलिए प्राण-प्रतिष्ठा के बाद ही आंखें खोली जाती हैं। इसलिए नगर यात्रा के दौरान मूर्ति की आंखें ढंकी रहेंगी।

### नेपाल की नारायणी नदी के शालिग्राम शिला से बनी है प्रतिमा

**रामलला** की यह मूर्ति तो बेहद ही खास है। नेपाल की नारायणी नदी से शालिग्राम शिला को लाकर और उसे तराशकर यह मूर्ति बनाई गई है। शालिग्राम भगवान विष्णु का विग्रह रूप है और प्रभु राम भगवान विष्णु के ही अवतार हैं। पंडित दिवाकर त्रिपाठी कहते हैं कि इस लिहाज से देखें तो साक्षात नारायण के विग्रह रूप को तराशकर उनके ही अवतार प्रभु राम के बालक रूप की मूर्ति बनाई गई है जो परमपवित्र है।

#### मनमोहक और दिव्यता

**राम मंदिर** के लिए चुनी गई मूर्ति में इस बात का ध्यान रखा गया है कि रामलला की मूर्ति मनमोहक और दिव्यता का अहसास दिलाती है। पंडित दिवाकर त्रिपाठी के अनुसार वही मूर्ति मंदिर के लिए आदर्श होती है जो मनमोहक हो, आकर्षक हो, जिसकी आंखों में चमक हो और साथ ही वह दिव्य हो ताकि दर्शन करने वाले भक्त को सकारात्मकता और आनंद का बोध हो। जिसे देखकर वह अपने आराध्या के प्रति असीम निष्ठा, प्रेम, भक्ति प्रकट कर सके। उसके दर्शन करके उसे असीम आनंद का बोध हो।

### अयोध्या का चित्रगुप्त धाम कर रहा राम मंदिर के निमंत्रण का इंतजार

**कायस्थ** संघ अंतर्राष्ट्रीय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर श्री धर्महरि चित्रगुप्त मंदिर अयोध्या का जीर्णोद्धार कराये जाने की मांग की है। श्री धर्महरि चित्रगुप्त मंदिर तुलसी उधान से लगभग 500 मीटर पूरब दिशा में, डेरा बीबी मोहल्ले में, बेतिया राज्य के मंदिर के निकट है। नयाघाट से मंदिर की सीधी दूरी लगभग एक किलोमीटर होगी। यह मंदिर कायस्थों के चारों धामों में दूसरे स्थान का महत्व रखता है। कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय के अध्यक्ष दिनेश खरे ने बताया कि यह अतिविशिष्ट धाम अपने ही विकास की बाट जोह रहा है। एक तरफ पूरी अयोध्या में चहुंओर विकास की गंगा बह रही है तो दूसरी ओर अयोध्या के कटरा में यह चित्रगुप्त धाम जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं। इसके विकास की मांग अब कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय ने उठाई है।





### बाबर से पहले भी अयोध्या पर हुए थे कई आक्रमण

***अजुध्या*** या फिर अवध... जो भी कहिए राम की नगरी का ही बोध होता है। देवताओं की नगरी जिसके बारे में कहा जाता है कि ब्रह्मा के मानस पुत्र मनु ने इसकी स्थापना की थी। देवशिल्पी विश्वकर्मा की देखरेख में इस नगर का निर्माण हुआ था। एक समय अयोध्या भारतवर्ष की राजधानी हुआ करती थी जो बाद के कालखंड में हस्तिनापुर हो गई। पिछले 500 सालों में अयोध्या की चर्चा मुगलों आक्रमण में मंदिर तोड़े जाने पर केंद्रित रही लेकिन बाबर कोई पहला आक्रमणकारी नहीं था।

#### बाबर से पहले अयोध्या कौन आया था

जी हां, बाबर के आने से पहले विदेशी यवन राजा मिनेंडर (मिहिरकुल) अयोध्या आया था। उसके आक्रमण के तीन महीने के भीतर ही शुंग वंश के राजा द्युमत्सेन ने अयोध्या को फिर से मुक्त करा लिया। यही नहीं, सोमनाथ मंदिर को कई बार लूटने वाले महमूद गजनवी के भांजे मसूद गाजी ने भी अयोध्या पर आक्रमण की कोशिश की थी। बताते हैं कि गाजी दिल्ली, मेरठ, बुलंदशहर को रौंदता हुआ आगे बढ़ रहा था। रास्ते में स्थानीय राजाओं से लड़ाई हुई और वह बड़ी संख्या में देवस्थलों को ध्वस्त करता गया। वह बाराबंकी तक पहुंच गया था और अयोध्या जाना चाहता था।

#### गाजी के मंसूबे नाकाम

वो साल 1034 था, कौशल के महाराज सुहेलदेव से गाजी का सामना हुआ। महाराजा की ताकतवर सेना ने आतताई मसूद गाजी की 1.30 लाख सैनिकों वाली फौज का सफाया कर दिया। अयोध्या तब सुहेलदेव की उपराजधानी हुआ करती थी। हालांकि सैकड़ों साल बाद 1528 में बाबर के सेनापति मीर बाकी का हमला होता है और अयोध्या को फिर संघर्ष करना पड़ता है। ये इंतजार फिर से 500 साल लंबा खिंचा। मंदिर तोड़ दिया गया। जैसे ही खबर आसपास के क्षेत्रों में पहुंची कई राज्यों की सेनाओं ने मीर बाकी पर हमला बोल दिया। बताया जाता है कि तब 15 दिनों तक लगातार युद्ध चला था। बाबर की जीवनी में हंसवर नरेश के राजगुरु पंडित देवीदीन पांडेय की वीरता का जिक्र मिलता है। इसमें लिखा गया है कि देवीदीन ने अकेले 700 से ज्यादा सैनिकों को मिट्टी में मिला दिया था, एक ब्रिटिश इतिहासकार ने भी उस दौर का वर्णन करते हुए लिखा है कि डेढ़ लाख से ज्यादा लाशें गिरने के बाद ही मीर बाकी अयोध्या मंदिर को तोड़ पाया था।

#### वो महारानी जो मुगलों से लड़ीं

हुमायूं के समय एक महारानी ऐसी थीं, जो राम जन्मभूमि की मुक्ति के लिए मुगलों से भिड़ गई थीं। हुमायूं के राज में रामजन्मभूमि के लिए 10 लड़ाइयां लड़ी गई थीं। बलरामपुर की महारानी जयराज ने महिला सेना और स्वामी महेश्वरानंद साधु सेना लेकर मुगलों से भिड़ गए। इतिहास में इस बात का जिक्र मिलता है कि जयराज कुंवरी ने जन्मभूमि पर अधिकार जमा भी लिया था लेकिन हुमायूं की सेना ने फिर हमला कर दिया और महारानी वीरगति को प्राप्त हुईं। मुगल हुकूमत में सत्ता बदलती रही लेकिन अयोध्या के लिए संघर्ष जारी रहा। अयोध्या में मंदिर के लिए अकबर के समय 20 बार संघर्ष हुआ। आखिरकार बलरामाचार्य मार दिए गए तो लोगों का गुस्सा भड़क उठा।

# किसी भी राष्ट्र को दिशा देने में विवि महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि किसी भी राष्ट्र को दिशा देने में विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मोदी ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली स्थित भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में कहा कि दीक्षांत समारोह में यहां आना मेरे लिए विशेष है। यह 2024 में मेरी पहली सार्वजनिक बातचीत है। मैं तमिलनाडु के खूबसूरत राज्य और युवा लोगों के बीच आकर खुश हूं। मैं ऐसा करने वाला पहला प्रधानमंत्री हूं जिसे दीक्षांत समारोह में यहां आने का सौभाग्य मिला है। मैं उन छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई देता हूं जो आज यहां से स्नातक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश



और सभ्यता हमेशा ज्ञान के इर्द-गिर्द केंद्रित रही है। कुछ प्राचीन विश्वविद्यालय जैसे कि नालंदा और तक्षशिला प्रसिद्ध हैं। इसी तरह कांचीपुरम जैसे स्थानों में भी महान विश्वविद्यालय होने का उल्लेख मिलता है। गंगईकोंडा चोलपुरम और मदुरै भी शिक्षा के महान केंद्र थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आप जो विज्ञान सीखते हैं, वह आपके गांव के किसान की मदद कर सकता है, जो तकनीक आप सीखते हैं, वह जटिल समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है। जो व्यवसाय प्रबंधन आप सीखते हैं, वह व्यवसाय चलाने में मदद कर सकता है और दूसरों के लिए आय वृद्धि सुनिश्चित कर सकता है। जो अर्थशास्त्र आप सीखते हैं, वह गरीबी को कम करने में मदद कर सकता है। एक तरह से, यहां का प्रत्येक स्नातक 2047 तक एक विकसित भारत बनाने में योगदान दे सकता है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्थाओं के साथ कई व्यापार समझौते भी किए हैं। ये सौदे हमारी वस्तुओं और सेवाओं के लिए नए बाजार खोलेंगे। वे हमारे युवाओं के लिए अनगिनत नए अवसर भी पैदा करेंगे। चाहे वह जी20 जैसे संस्थानों को मजबूत करना हो, जलवायु परिवर्तन से लड़ना हो, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाते हुए भारत का हर वैश्विक समाधान के एक हिस्से के रूप में स्वागत किया जा रहा है। कई मायनों में स्थानीय और वैश्विक कारकों के कारण यह भारत में युवा होने का सबसे अच्छा समय है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से कहा कि आप ऐसे समय में दुनिया में कदम रख रहे हैं जब हर क्षेत्र में हर कोई आपकी ओर एक नई आशा के साथ देख रहा है। युवा का अर्थ है ऊर्जा। इसका अर्थ है गति, कौशल और पैमाने के साथ काम करने की क्षमता। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हवाई अड्डों की संख्या 74 से दोगुनी होकर लगभग 150 हो गई है। तमिलनाडु में एक जीवंत समुद्र तट है। इसलिए आपको यह जानकर खुशी होगी कि कुल भारत में प्रमुख बंदरगाहों की कार्गो प्रबंधन क्षमता 2014 से दोगुनी हो गई है। हमारे इनोवेटर्स ने पेटेंट की संख्या 2014 में लगभग 4,000 से बढ़ाकर अब लगभग 50,000 कर दी है। हमारे मानवता विद्वान भारत की कहानी को दुनिया के सामने इस तरह प्रदर्शित कर रहे हैं जैसे पहले कभी नहीं किया गया। हमारे संगीतकार और कलाकार लगातार हमारे देश में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार ला रहे हैं। कार्यक्रम में तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी मौजूद रहे।

# टोक्यो में लैंडिंग के वक्त दो विमानों में टक्कर

### प्लेन में सवार 379 यात्री सुरक्षित



**एजेंसी। टोक्यो**

जापान के हानेडा हवाई अड्डे पर तटरक्षक विमान से सीधी टक्कर के बाद जापान एयरलाइंस के एक जेट में भीषण आग लग गई। एयरलाइन ने कहा कि सभी 379 यात्रियों और चालक दल को सुरक्षित निकाल लिया गया है, लेकिन टक्कर के बाद जापान तटरक्षक विमान में सवार पांच लोग लापता बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तटरक्षक विमान के साथ संभावित टक्कर के बाद टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पर जापान एयरलाइंस का एक जेट आग की लपटों में घिर गया। जापानी न्यूज एजेंसी एनएचके के मुताबिक विमान के लैंडिंग के बाद तटरक्षक विमान से टकराने की वजह से आग लगने की घटना सामने आई है। टक्कर के बाद जापान तटरक्षक विमान में सवार पांच लोग लापता हैं। इस विमान में 379 यात्री सवार थे, जिन्हें आनन-फानन में यात्रियों को बाहर निकाला गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनट में वो विमान के पिछले हिस्से को अपनी चपेट में लिया। जापान एयरलाइंस का विमान लैंडिंग के बाद रनवे से टैक्सीवे पर आ चुका था, लेकिन आग की वजह से पूरा विमान जल गया है। घटना की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें आग विमान के भीतर तक फैली नजर आ रही है।

### डीआरडीओ ने बताया कई प्रणालियां पूरी हो चुकी हैं या उपयोगकर्ता मूल्यांकन के अंतिम चरण में हैं

# 1.42 लाख करोड़ की प्रणालियों को स्वीकृति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत के मुताबिक इस वर्ष 1 लाख 42 हजार करोड़ रुपए से अधिक की डीआरडीओ द्वारा विकसित प्रणालियों को स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई है। यह बीते किसी भी वर्ष में डीआरडीओ द्वारा विकसित प्रणालियों के लिए दी गई अब तक की सबसे अधिक राशि है। कामत ने बताया कि कई प्रणालियां या तो पूरी हो चुकी हैं या फिर उपयोगकर्ता मूल्यांकन के अंतिम चरण में हैं। कई अन्य प्रणालियां विकासात्मक परीक्षणों से गुजर रही हैं। डीआरडीओ के अध्यक्ष ने कहा कि यह हम सभी के लिए बेहद गर्व की बात थी जब प्रधानमंत्री ने 25 नवंबर, 2023 को एलसीए ट्रेनर में उड़ान भरी। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि 11




मई 2023 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री ने आईआरईएल विजाग में रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित किया। यह संयंत्र डीआरडीओ की तकनीक का उपयोग करके स्थापित किया गया था। स्वदेशी रूप से डिजाइन, हेवी वेट टॉरपीडो का समुद्र के नीचे एक लक्ष्य के खिलाफ लाइव वॉरहेड के साथ सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। यह देश या शायद दुनिया में अपनी तरह का पहला प्रदर्शन था। उन्होंने पहली बार तेजस से हवा से हवा में मार करने वाली एस्ट्रा एमके1 मिसाइल दागने, स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत 2 पर एलसीए नेवी की लैंडिंग, राष्ट्रपति भवन, जी-20 शिखर सम्मेलन, गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह में डीआरडीओ के डी4 सिस्टम की तैनाती का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ का समुद्र विज्ञान अनुसंधान पोत आईएनएस सागरध्वनि महासागर अनुसंधान एवं विकास में हिंद महासागर क्षेत्र के रिम देशों के साथ दीर्घकालिक वैज्ञानिक साझेदारी स्थापित करने के लिए ओमान के लिए सागर मैत्री मिशन -4 पर रवाना हुआ। उन्होंने गगनयान कार्यक्रम के लिए क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) के बारे में भी प्रकाश डाला, जिसका सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने पिछले सप्ताह संसद में सौंपी अपनी रिपोर्ट में डीआरडीओ की सराहना की है और रक्षा अनुसंधान एवं विकास का बजट बढ़ाने की सिफारिश की है।

उन्होंने यह भी कहा कि डीआरडीओ ने इस साल 141 से अधिक पेटेंट दाखिल किए और 212 पेटेंट दिए गए। उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में यह संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़ेगी। डीआरडीओ द्वारा 2019 में शुरू की गई पांच युवा वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं ने अब प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। ये उभरती विघटनकारी प्रौद्योगिकियों में हमारे पथप्रदर्शक बनने जा रहे हैं।

डीआरडीओ के अध्यक्ष ने बताया कि अब तक डीआरडीओ द्वारा विकसित 1650 टीओटी भारतीय उद्योगों को सौंपे जा चुके हैं। वर्ष 2023 के दौरान, डीआरडीओ उत्पादों के लिए भारतीय उद्योगों के साथ 109 प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए लाइसेंसिंग समझौतों (एलएटीओटी) पर हस्ताक्षर किए गए।

### जापान में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हुई

**टोक्यो।** मध्य जापान और आसपास के इलाकों में रिक्टर पैमाने पर 7.6 तीव्रता वाले शक्तिशाली भूकंपों की एक श्रृंखला के बाद कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई है। मलबे के नीचे फंसे संभावित जीवित लोगों के लिए फिलहाल ऑपरेशन जारी है। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके के अनुसार, इशिकावा, निगाटा, फुकुई, टोयामा और गिफू प्रांतों में भी लोग घायल हैं। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि सड़कों पर रुकावटों के कारण राहत प्रयासों में बाधा आ रही है। एनएचके ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा, इससे भारी मशीनरी भेजना भी मुश्किल हो रहा है। हम सुरक्षित मार्गों के तरीकों के बारे में सोच रहे हैं और जहाजों का उपयोग एक विकल्प हो सकता है।

## फिल्म जगत

### फिल्म 'पंचक' की रिलीज से पहले माधुरी दीक्षित ने किए सिद्धिविनायक के दर्शन



**अभिनेत्री** माधुरी दीक्षित की फिल्म 'पंचक' दर्शकों के लिए तैयार है। मराठी फिल्म 'पंचक' के रिलीज होने से पहले माधुरी दीक्षित ने सपरिवार सिद्धिविनायक के दर्शन किये। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित अपनी आगामी फिल्म मराठी फिल्म 'पंचक' के लिए पूजा-अर्चना करने और बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए अपने पति डॉक्टर श्रीराम नेने और बेटों अरिन-रयान के साथ प्रभादेवी स्थित सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचीं। बाप्पा का आशीर्वाद लिया। माधुरी दीक्षित का कहना है कि वह यहां गणपति बप्पा के दर्शन के लिए आई हैं। उन्होंने कहा कि उनकी फिल्म 'पंचक' रिलीज हो रही है। उन्होंने सभी से फिल्म देखने का आग्रह किया। मुस्कुराते हुए माधुरी ने कहा कि भले ही फिल्म मराठी भाषा में है, लेकिन सबटाइटल तो होंगे ही। उल्लेखनीय है कि माधुरी दीक्षित ने आगामी मराठी फिल्म 'पंचक' के लिए निमार्ता के रूप में एक नई भूमिका में कदम रखा है। फिल्म का आधिकारिक ट्रेलर 12 दिसंबर, 2023 को माधुरी के यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया था। राहुल अवाटे और जयंत जथार की निर्देशित और लिखित फिल्म में प्रभावशाली कलाकारों की टोली है। फिल्म में आदिनाथ कोठारे, दिलीप प्रभावलकर, भारती आचरेकर, आनंद इंगले, तेजश्री प्रधान, सतीश अलेकर, नंदिता पाटकर, सागर तलशिकर, संपदा कुलकर्णी, आशीष कुलकर्णी, दीप्ति देवी, विद्याधर जोशी, गणेश मयेकर और आरती वडगबलकर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।